आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 330, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार



एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 16

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 2

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।


विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग और दूरसंचार संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।



नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान होते यात्री। ● एजेंसी

### लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी की वजह से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद तकनीकी समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 12 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की पांच उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया। वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे।






### व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉर्ज कर्ट्ज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। मैक और लिनक्स होस्ट प्रभावित नहीं हैं।

### इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि इंडिगो को अपने क्लाउड सर्वर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदाता द्वारा वैश्विक आउटेज का सामना करने के कारण वर्तमान में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। इस आउटेज ने उड़ान संचालन, यात्री चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित करके एयरलाइन संचालन को गंभीर रूप से बाधित किया है।

### 10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

### उड़ान संचालन के लिए उठाए जा रहे हैं कदम : नायडू

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में उड़ान सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न होने के बाद भारत में सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी-अभी हमारे सचिव (नागरिक उड्डयन) से बात की है। भारत में यात्रियों को परेशानियों से बचाने और सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर से मैनुअल सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। यदि कोई समस्या आती भी है तो उसे तुरंत दूर किया जायेगा और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 58.66 अरब डॉलर रहा।

## एक नजर

### 50 हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

**बरेली।** थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार से टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। शामली के थाना आदर्श मंडली के गांव टिटोली निवासी धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### हरिद्वार में भी पहचान करनी होगी उजागर

**हरिद्वार।** उप्र की तर्ज पर कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में भी ठेली-रेहड़ी व्यवसायियों को अपनी पहचान उजागर करनी होगी। कांवड़ मेले में कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे या रेहड़ी, ठेली का संचालन नहीं कर सकेगा। ऐसे व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान पर प्रोपराइटर का नाम, क्यूआर कोड व मोबाइल नंबर अंकित करना होगा। मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ मार्ग व कांवड़ पटरी पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस रहेगी।

### 13 अधिकारियों के 54 ठिकानों पर छापे मारे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने 13 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को पांच जिलों में उनसे जुड़े 54 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी के दौर 50 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति का पता लगाया। लोकायुक्त द्वारा जिन 13 अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई उनमें वैध माप पद्धति के उप नियंत्रक अतहर अली भी शामिल हैं।

## अत्याधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है कैंसर ट्रेन : योगी



प्राकृतिक खेती पर आधारित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को राम मंदिर का प्रतीक चिह्न देते प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, साथ मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री बोले, हरित क्रांति से कृषि उत्पादन बढ़ना आधा सच**
- **फर्टिलाइजर का जहर घुस रहा हमारी धमनियों में**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र यह हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर यह अधूरा सच है।

आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक धीमा जहर हमारी धमनियों में घुस रहा है। यह दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को एक होटल में आयोजित प्राकृतिक खेती पर आधारित भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। हमें 17वीं व 18वीं सदी के देश के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाली उत्पादन दर को भी देखना होगा, जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। उन्होंने कहा कि अमरोहा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में 12 से 14 गोवंश अचानक मर गए, जब वहां विशेषज्ञ भेजे गए तो पता लगा कि चारे में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर मिला हुआ था, इस कारण उनकी मौत हुई। हमें समझना होगा कि जब गोवंश अत्याधिक फर्टिलाइजर को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है तो मनुष्य की स्थिति क्या होगी।

### प्राकृतिक खेती करने वालों को देंगे सब्सिडी : शिवराज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए केमिकल और फर्टिलाइजर के प्रयोग का परिणाम हम सबके सामने है।

## असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा

गुवाहाटी, एजेंसी



- **मुख्यमंत्री हिमंत का दावा- राज्य में तेजी से बढ़ रही आबादी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है।

2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में कुल मुस्लिम आबादी 1.07 करोड़ थी जो कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत थी। राज्य में 1.92 करोड़ हिंदू थे जो कुल आबादी का लगभग 61.47 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है... यह हिमंत विश्व शर्मा का डेटा नहीं है, बल्कि भारतीय जनगणना का डेटा है। ये सभी प्रकाशित डेटा हैं। हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में लगभग 16 प्रतिशत बढ़ रही है।

## एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ और आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एससीआर में लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल, शासन ने जारी किया आदेश**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर प्रदेश में लखनऊ व आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) घोषित कर दिए गए। इसमें छह जिलों को शामिल किया गया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को शासनादेश जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव आवास डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से जारी आदेश के अनुसार, लखनऊ व आस-पास का क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र होगा, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र कहा जाएगा। इसमें लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल किए गए हैं। इस क्षेत्र के संबंध में एक प्राधिकरण का गठन किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण कहा जाएगा। मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे, जबकि मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। अपर मुख्य सचिव आवास, वित्त, नियोजन, विधि, राजस्व, नगर विकास, पंचायती राज, कृषि, पर्यटन, वन, ग्रामीण विकास, सिंचाई परिवहन आदि विभागों के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इसके सदस्य होंगे।

### एससीआर का दायरा 27,826 वर्ग किमी होगा

राज्य राजधानी क्षेत्र का दायरा 27,826 वर्ग किलोमीटर होगा। इसमें लखनऊ 2528 वर्ग किलोमीटर, हरदोई 5986 किलोमीटर, सीतापुर 5743 किलोमीटर, उन्नाव 4558 किलोमीटर, रायबरेली 4609 किलोमीटर व बाराबंकी 4402 किलोमीटर होगा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र घोषित होने के बाद इस क्षेत्र का व्यापक स्तर पर विकास किया जाएगा।

## ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ प्राथमिकी

**नई दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उनका चयन रद करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया है। इसके लिए उसने अपना नाम, पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर लाभ उठाया।

## स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को कोर्ट ने माना फरार, 27 अगस्त तक हों पेश

लखनऊ, विधि संवाददाता



- **संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला**

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया की संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर लिया। हालांकि बाद में जब उसे पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

## रजिस्ट्रेशन में वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

**लखनऊ।** वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेवसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।

## कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर लिखना होगा संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सरकार ने लिया फैसला, अफसरों को लागू करने के निर्देश**

**अमृत विचार :** पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसे सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये गये हैं। इस बीच, राजनीतिक दलों ने इसका सख्त विरोध किया है।

शासन के सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कावड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया था। यात्रियों के लिए शीतल पेयजल, शिकंजी वितरण आदि प्रबंध के निर्देश दिये गये थे। साथ ही, शिविर लगाने में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेने को कहा गया था। मुख्यमंत्री ने शिविर संचालकों का सत्यापन जरूर करा लेने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि बैठक के बाद शासन के अधिकारियों की ओर से कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिया गया। हालांकि, शासन की ओर से इस सिलसिले में कोई औपचारिक आदेश-निर्देश जारी नहीं किया गया है। निर्देश के तहत यात्रा मार्ग पर हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

## राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

**पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश**

- **राज्यपाल पर छेड़छाड़ करने तथा अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप**

उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है। राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।



प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।

### राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। महिला याचिकाकर्ता ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालत को तय करना है कि क्या पीड़िता के पास राहत पाने का कोई उपाय नहीं है, जबकि एकमात्र विकल्प आरोपी के पद छोड़ने तक इंतजार करना है। सुनवाई के दौरान यह देरी अतार्किक होगी और पूरी प्रक्रिया दिखावा बनकर रह जाएगी। इससे पीड़िता को कोई न्याय नहीं मिलेगा।

# 2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

● खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल



नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

### 100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

## सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

## दोहरे अंक में पदक लाने का जिम्मा निशानेबाजों पर : सुमरिवाला

नई दिल्ली, एजेंसी

● एएफआई के अध्यक्ष आदिल बोले- भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला को उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दोहरे अंक में पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिए निशानेबाजों को अच्छा करना होगा।

सुमरिवाला ने कहा कि उन्हें निशानेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर ऐसा हुआ तो भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण सहित सात पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मुझे निशानेबाजों से इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर वे ऐसा करने में सफल रहे तो हम आसानी से दो अंक (10 या उससे अधिक) में पदक जीतेंगे। मैं कोई निश्चित संख्या नहीं बता सकता हूं लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन के विश्लेषण पर हमें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ियों ने ओलंपिक कोटा हासिल किया है।

तोक्यो ओलंपिक में भी भारत के 15 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था लेकिन कोई भी पदक नहीं जीत पाया था। सुमरिवाला से पूछा गया कि एथलेटिक्स में भारत के इक्का-दुक्का खिलाड़ियों को छोड़कर किसी का भी आंकड़ा विश्व के बड़े एथलीटों के करीब नहीं है ऐसे में उनसे पदक की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## खेल डायरी

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़ रुपये) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ओपन 10के के अलावा सभी दौड़ यहां के जवाहरलाल स्टेडियम से शुरू होकर इसी स्थल पर खत्म होंगी।

### स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

चेन्नई। भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12,11-5,11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1,11-1,11-4 से हराया।

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

ज्यूरिख। फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बस्ताड (स्वीडन)। रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था । वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

## पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।


भारतीय फुटबॉल टीम

### 1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

### 1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।


भारतीय हॉकी टीम


मिल्खा सिंह

### 1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।


पीटी उषा

### 1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

### 2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत: सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112.5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रहीं।


लिएंडर पेस और महेश भूपति

### 2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।


जॉयदीप करमाकर

### 2016 रियो

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी हादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।


दीपा करमाकर

### 2020 तोक्यो

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।


महिला हॉकी टीम

## बॉलीवुड हलचल




### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

### फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



# भारत ने पाकिस्तानी महिला टीम को 108 पर समेटा

महिला एशिया कप

दाम्बुला, एजेंसी

गत चैंपियन भारत ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तानी टीम को 19.2 ओवर में 108 रन पर समेट दिया।

भारतीय गेंदबाजों में पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह ने शुरूआती झटके देते हुए दो-दो विकेट लिए। दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। श्रेयंका पाटिल को भी दो विकेट मिले। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाली पाकिस्तानी महिला टीम की केवल चार खिलाड़ी ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। सिदरा अमीन 25 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा फातिमा सना ने नाबद 22, तुबा हसन ने 22 और मुनीबा अली ने 11 रन बनाए। पारी के दोनों छक्के फातिमा सना ने 19वें ओवर में राधा यादव की गेंदों पर लगाए।


पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

### नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

दांबुला। सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा नेपाल की सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 19 देकर तीन विकेट लिए। नेपाल को भी कुछ मुश्किल पलों से गुजरना पड़ा। ऑफ स्पिनर एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| | |
|---|---|
| 40.8⁰ अधिकतम तापमान | 28.6⁰ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 07 : 03 |

# झमाझम बारिश से सड़क कटी चार जिलों का आवागमन रुका

## मनकी सर्विस रोड की पुलिया ओवरफ्लो, तेज बहाव से मिट्टी का हुआ कटान

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश से मनकी संपर्क मार्ग की सर्विस रोड पर बनी कच्ची पुलिया में पानी ओवरफ्लो होकर ऊपर से बहने लगा। वहीं तेज बहाव के चलते मिट्टी कट कर पानी में बह गई, जिससे आवागमन बाधित हो गया। आसपास जमा खुदाई की मिट्टी बहकर रास्ते पर जमा हो गई, जिससे हादसे का अंदेशा है।

ग्रामीण रामकेश निषाद, सज्जन निषाद, राम शंकर, अर्जुन सिंह, लक्ष्मी नारायण आदि ने बताया कि मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल के कारण आने जाने के लिए सर्विस रोड बनाया गया था। उसी में पानी निकासी के लिए कच्ची पुलिया बनाई गई थी, लेकिन पुलिया छोटी होने की वजह से बरसात का पानी पूरी तरह नहीं निकल पाता और ओवरफ्लो हो जाता है।

शुक्रवार को जोरदार बारिश होने से तेज बहाव के चलते पुलिया की मिट्टी बह गई और पानी ओवरफ्लो होकर बहने लगा। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह लिंक मार्ग जनपद हमीरपुर, जालौन, कानपुर देहात व नगर को जोड़ता है। ढलान वाले रास्ते पर मिट्टी जमा होने के कारण फिसलन पैदा हो गई है, जिसमें कई दुपहिया वाहन फिसलकर गिर गए।



मनकी संपर्क मार्ग के ऊपर से बहता बरसात का पानी। अमृत विचार

### एक साल से चल रहा पुल का निर्माण अभी भी अधूरा

ग्रामीणों का कहना है कि रिवाइन देवी मंदिर से मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल निर्माण में देरी के कारण आवागमन में दिक्कत बनी हुई है। इस मार्ग पर 3.60 करोड़ रुपये की लागत से तीन स्पैन वाले ऊंची कोठी पुल का निर्माण एक साल से अधिक समय से हो रहा है। लोगों ने मांग की है कि जब तक ऊंची कोठी वाले पुल का निर्माण नहीं हो जाता है, तब तक सर्विस रोड पर बड़े पाइप डाल कर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए और मिट्टी आदि डालकर मजबूत रास्ता बनाया जाए, जिससे लोगों को आने जाने में असुविधा न हो।

## राजपुर में बारिश से घरों में घुसा पानी, सड़कें लबालब

**राजपुर।** गर्मी और उमस के बीच कई इलाकों में गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। सफाई न होने से गांवों में नालियां चोक होने से जलभराव की विकराल समस्या है। भाल गांव की मुख्य सड़क और बस्तियों में जलभराव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश का गंदा पानी बस्ती के घरों व दुकानों में घुस गया। लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। बारिश से भाल गांव के मुख्य रास्ते से सुनाव नाले तक जलनिकासी का उचित प्रबंध नहीं है। गांव के कुलदीप सिंह, राजू सिंह, शिवकुमार, दीपू सिंह, दिलीप मिश्रा, मुकेश कुमार आदि ने बताया कि इस बार बारिश से गांव के मुख्य नाले की सफाई नहीं कराई गई है। कई बार ब्लाक के अफसरों से नाला सफाई की मांग की, लेकिन अब तक किसी ने भी सुध नहीं ली। जिससे लोगों को जलभराव से जूझना पड़ रहा है। वहीं अधिकांश मोहल्ले की सड़कें कच्ची होने से लोगों को कीचड़ व गंदगी से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रमुख सड़क भाल गांव के अंदर से गुजरती है, जो गुबार, पिचौरा, खरका, बुढ़ानपुर, छोलापुर सहित 12 गांवों को जोड़ती है। एडीओ पंचायत राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि रोस्टर से नाले की सफाई होगी।



भंदेमऊ गांव में उखड़कर तार पर गिरा पेड़। अमृत विचार



भाल गांव में जलमग्न रास्ते से गुजरता बाइक सवार।

# पेड़ गिरे, लाइनें क्षतिग्रस्त, बत्ती गुल

**मंगलपुर/राजपुर।** विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के भंदेमऊ गांव में दोपहर में हुई तेज बारिश के दौरान 11 हजार विद्युत लाइन पर एक पेड़ उखड़कर गिर गया, जिससे कई गांवों की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो गई। ग्रामीणों ने अधिकारियों को जानकारी दी। वहीं राजपुर क्षेत्र में शुक्रवार शाम तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से जल्लापुर गांव के सामने मुगल रोड के किनारे खड़ा शीशम का पेड़ गिर गया। पेड़ की डाल से आधी सड़क घिर गई, जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि पेड़ गिरने के दौरान कोई वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। ग्रामीणों ने वन विभाग के अफसरों को सूचना दी। देर शाम तक सड़क से पेड़ नहीं हटाया गया। भोगनीपुर वन रेंजर स्वामीदीन ने बताया कि वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया है।

# गहरे पानी में छलांग नहीं लगाएं और डूबते वक्त रस्सी से बचाएं

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम व गर्मी से राहत पाने के लिए नदी, तालाब आदि में स्नान के दौरान होने वाली मौतों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने एडवायजरी जारी की है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने बताया कि गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे, किशोर, बुजुर्ग नदियों, घाटों, तालाबों में जाकर स्नान करते हैं और थोड़ी सी चूक के कारण अपनी जान गवां देते है। इससे संबंधित परिवार के लिए त्रासदी बन जाती है। ऐसे में यदि तैरना न आता हो तो नदी, नहर, नालें, तालाब आदि में कदापि न जाएं और परिजनों को भी जाने से रोकें। किसी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन कर जलाशय में प्रवेश न करें। डूबते हुए व्यक्ति को धोती, साड़ी, रस्सी या बांस की सहायता से बचाएं। पानी में न जाएं और सहायता के लिए अन्य लोगों को पुकारें। नदी में जाने से पहले उसकी गहराई का ध्यान अवश्य रखें। उन्होंने बताया कि डूबे व्यक्ति को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने के लिए 112 नंबर पर कॉल करें। बच्चों को पुल, तालाब, नदी, गड्ढों और तेज पानी के बहाव में छलांग लगाकर नहाने से रोकें। ओवरलोड नौकाओं में न बैठें। नदी व तालाबों में तैरते, स्नान करते समय स्टंट न करें और सेल्फी आदि न लें।

## एक नजर

### अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस 22 को

**कानपुर देहात।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि 20 जुलाई को होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस अब 22 जुलाई को डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में अकबरपुर तहसील में सुबह 10 बजे से होगा। इसी प्रकार सीडीओ तहसील सिकंदरा, एडीएम प्रशासन मैथा, एडीएम वित एवं राजस्व रसूलाबाद, एडीएम न्यायिक की मौजूदगी में डेरापुर में आयोजित होगा।

### नाबालिग को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मंगलपुर।** 26 जून को एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर रतनियापुर निवासी रंजीत उर्फ प्रिंस पर नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कराया था। किशोरी को पुलिस ने बरामद कर बयान सहित मेडिकल परीक्षण व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी रंजीत उर्फ प्रिंस को मंगलपुर कस्बे के राज ट्रेडर्स के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### राजपुर व सट्टी थानाध्यक्ष को दी गई विदाई

**राजपुर।** राजपुर व सट्टी थानाध्यक्षों को विदाई दी गई। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार का गैर जनपद तबादला होने पर कस्बे के संभ्रांत लोगों ने विदाई दी। नवागत प्रभारी दिनेश कुमार गौतम का स्वागत किया गया। वहीं सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह को भी विदाई दी गई। नवागत प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार का स्वागत किया गया।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**पुखरायां।** पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि गैंगरेप में फरार आरोपी भोगनीपुर चौराहे के पास खड़ा है। उन्होंने उसे गिरफ्तार किया। पकड़े गया आरोपी सट्टी निवासी अनवार है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि एक युवती ने अनवार व उसके दो अन्य साथियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था।

# एक ही रात तीन घरों से जेवर और नकदी चोरी

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** एक ही रात में चोरों ने जुरिया व झींझक में तीन घरों को निशाना बनाते हुए जेवरात व नकदी पार कर दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

क्षेत्र के जुरिया निवासी श्रीकांति के घर गुरुवार रात चोरों ने धावा बोल दिया और कमरे का ताला तोड़कर बक्से में रखे जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। इसके बाद चोर पड़ोस में ही रहने वाले रूपराम मिश्रा के घर में सेंध लगाकर घुस गए। इसके बाद कमरे में जेवरात व नकदी का बक्सा पार कर ले गए। तीसरी घटना झींझक नगर पालिका के वार्ड नंबर छह नेहरू नगर निवासी चंद्रभान सिंह नागर के घर में हुई। उन्होंने बताया कि वह गुरुवार को रूरा क्षेत्र के उलरापुर पिता श्याम सिंह की तेरहवीं में शामिल होने परिवार सहित गए थे। घर में ताला बंद था। रात में चोरों ने घर के मेन गेट का ताला तोड़ दिया। कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर सोने चांदी के जेवर, नकदी ले गए।



चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान।

● जुरिया के दो घरों और झींझक के नेहरू नगर में हुई वारदात

# अष्टधातु की मूर्तियां कोर्ट में पेश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शिवली क्षेत्र के एक पुरातन मंदिर से 21 साल पहले अष्टधातु की मूर्तियों की चोरी हो गई थी। शुक्रवार को शिवली पुलिस ने इन मूर्तियों को कड़ी सुरक्षा के बीच सीजेएम कोर्ट में पेश किया। अदालत में मुकदमे के वादी ने अपने बयान दर्ज कराए, जिससे बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की।

शिवली के साकेत नगर के एक पुरातन मंदिर से अष्टधातु की 50 किलो वजनी राधा-कृष्ण और बलराम की बड़ी मूर्ति व राधा-कृष्ण की एक छोटी मूर्ति की चोरी हो गई थी। इस मामले में आलोक दत्त चतुर्वेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह 12 मार्च 2002 की रात मंदिर में ताला बंद कर पीछे वाले कमरे में सो गए थे। सुबह मंदिर के दरवाजे खुले मिले और सभी मूर्तियां गायब थीं। पुलिस ने सुक्खा निवादा निवासी देवशरण, देवनगर निवासी बबलू उर्फ विनय, शशिकांत उर्फ दीपू, मुन्नू उर्फ अवधेश शुक्ला को गिरफ्तारी कर उनकी निशानदेही पर मूर्तियां बरामद की तीं। पुलिस ने विवेचना पूरी कर 29 जून 2002 को सभी आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किए थे। सुनवाई के दौरान सभी आरोपियों को अदालत से जमानत मिलने पर दो आरोपी बबलू उर्फ विनय और देवशरण गैरहाजिर हो गए, जिससे सुनवाई आगे नहीं बढ़ पाई।

वादी ने हाईकोर्ट में शीघ्र सुनवाई के लिए याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने तीन माह के अंदर आरोपियों पर आरोप तय कर मामले के शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए थे। सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए गैरहाजिर चल रहे आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट और कुर्की का नोटिस जारी किया, लेकिन आरोपी हाजिर नहीं हुए। अदालत ने उनकी पत्रावली अलग कर हाजिर आरोपियों पर मुकदमे की सुनवाई आगे बढ़ा दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच थाने से मूर्तियों को लाकर अदालत में पेश किया। अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तिथि नियत की गई है।



शिवली कोतवाली के मालखाने से निकाल कर रखी गईं अष्टधातु की मूर्तियां।

● शिवली के प्राचीन मंदिर से 21 साल पहले चोरी हुई थीं मूर्तियां

# बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग बंदूक के साथ पकड़ा गया

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** बड़ागांव औनाहा में गुरुवार रात जन्मदिन समारोह में हर्ष फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को लाइसेंसी बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के बड़ा गांव औनाहा निवासी शिव प्रकाश के तीन वर्ष के बेटे जीवा का गुरुवार को जन्मदिन था। रात में केक काटने के बाद वहां मौजूद शिव प्रकाश के दोस्त मोहम्मद रफीक ने अपनी लाइसेंसी बंदूक के हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। ताबड़तोड़ फायरिंग से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। आस पड़ोस के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दरोगा गुरेंद्रा प्रताप सिंह ने प्राथमिक छानबीन के बाद भोला नेवादा निवासी मोहम्द रफीक को उसकी लाइसेंसी बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कृष्णानंद राय ने बताया कि जन्मदिन समारोह में हर्ष फायरिंग करने की बात सामने आई थी। आरोपी को लाइसेंसी बंदूक के साथ पकड़ा गया है। न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

● ताबड़तोड़ फायरिंग से बड़ागांव औनाहा में मची अफरा-तफरी



पकड़ा गया मो.रफीक।

# टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित सीएचसी में आंतरिक पर्यवेक्षक लखनऊ की टीम ने पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी में मरीजों के पर्चे देखकर चिकित्सकों से उपचार और सीजर ऑपरेशन बारे में जानकारी ली।

शुक्रवार को सीएचसी का टीम के डॉ. अमित कुमार, डॉ. अविनेश तिवारी, डॉ. परीक्षित चौधरी, एसीएमओ डॉ. एसएल वर्मा के साथ टीम ने अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार की उपस्थिति में निरीक्षण किया। इमरजेंसी में रामपुर की मीना देवी छह वर्षीय पुत्री युक्ति को दिखाने आई थी। टीम ने पर्चा लेकर डॉ. गोविंद प्रसाद से दवा और उपचार के विषय में जानकारी ली। इसके बाद पैथॉलाजी, एक्स-रे, टेली मेडिसन, दवा वितरण, ओटी, रक्त संग्रहालय, टीकाकरण और आयुषमान कक्ष आदि का जायजा लिया। महिला ओपीडी में डॉ. रेनू जायसवाल से प्रसव व ऑपरेशन के बावत पूछताछ की। टीम ने जिले से अन्य उपकरण दिलाने के लिए आश्वासन दिया और सभी कक्षों में साफ-सफाई की स्थिति जांची।



पुखरायां सीएचसी का निरीक्षण करती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

## भटकी महिला को परिजनों से मिलाया

**मूसानगर।** पुलिस ने भटक कर आई मंदबुद्धि महिला को उसके परिजनों से मिलवा दिया। गुरुवार को लोगों ने महिला को घूमता देखकर पुलिस को सूचना दी। महिला आरक्षी आरती ने 40 वर्षीय महिला को खाना खिलाया और हालचाल पूछा।

महिला बार-बार पतारी गांव का नाम ले रही थी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने सोशल मीडिया का सहारा लिया, जिससे पता चला कि महिला पतारी औडेरी थाना सिकंदरा की रहने वाली है। परिजनों से संपर्क किया तो उसका देवर शिशुपाल सिंह थाने आया। उसने बताया कि भाभी रेखा मंदबुद्धि है। तीन जुलाई की दोपहर वह कहीं चली गई थी।

# कक्षा एक से ही अंग्रेजी का डर भगाएगी 'मृदंग'

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पुखरायां में डायट प्राचार्य राजू राणा के निर्देशन में संचालित नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण के चौथे दिन कक्षा एक और दो के लिए वर्तमान सत्र से लाई गई एनसीईआरटी की अंग्रेजी भाषा की मृदंग पुस्तक पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों की समझ विकसित की गई।

एसआरजी संत कुमार दीक्षित ने बताया कि बच्चों में अंग्रेजी भाषा के संज्ञा शब्दों का परिचय इस तरह से कराया जाए, जैसे हम हिंदी भाषा के संज्ञा शब्दों का परिचय कराते हैं। अंग्रेजी को अनुवाद की भाषा न बनाएं। कक्षा एक में पढ़ाते समय सामान्य बोलचाल में प्रयुक्त होने वाले शब्दों से शुरुआत की जा सकती है। एसआरजी अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि एनसीईआरटी द्वारा लाई गई मृदंग पाठ्य पुस्तक का निर्माण करते समय बच्चे की स्थानिक समझ और परिवेश का ध्यान रखा गया है।

● एनसीईआरटी आधारित पाठ्य पुस्तक मृदंग का दिया प्रशिक्षण

## सार-संक्षेप



कालेज में पौधरोपण के बाद पौधे को पानी देती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

### राज्यमंत्री प्रतिभा शउक्ला ने रोपा एक पेड़ मां के नाम

**रनियां।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत राजकीय इंटर कॉलेज रनियां में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने गुलमोहर का पौधा रोपा। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि ने कनैल, डीआईओएस बृजभूषण चौधरी व रनियां नगर पंचायत की ईओ शालिनी त्रिपाठी ने अमरूद का पौधा लगाया। बच्चों ने आम, अमरूद, नीम, अशोक आदि फल व छायादार पौधे रोपे । इस दौरान महेश तिवारी, धर्मेंद्र कुशवाहा, अरुण त्रिपाठी, रामकिशोर दिवाकर, प्रधान संजय बाजपेई, सभासद अनूप त्रिवेदी, प्रमित तिवारी, शीलू मिश्रा, अरुण शर्मा, विवेक शर्मा, अभिषेक शर्मा, दुष्यंत शुक्ला मौजूद रहे।

### जनपद न्यायालय का स्थापना दिवस मनाया गया

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को कानपुर देहात जनपद न्यायालय का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा कि कानपुर देहात न्यायालय 26 नवंबर 1985 को बनाया गया था, जिसके प्रथम जिला जज डीके अग्रवाल बने थे। 19 जुलाई 2013 को न्याय भवन की स्थापना हुई थी। उन्होंने अफसोस जाहिर किया कि अधिवक्ताओं के लिए एक भी चैंबर नहीं है और न ही बार भवन है। यहां रविंद्र नाथ मिश्र, सुबोध नारायण त्रिपाठी, विश्वनाथ कटियार, संपत लाल यादव, रमेश चंद्र सिंह गौर, सुंदरलाल सचान, महेंद्र कुमार सिंह चौहान, राजेंद्र द्विवेदी, सिद्धार्थ शंकर सिंह, अब्दुल सलाम, कल्याण सिंह आदि रहे।



जिला पंचायत की बैठक को संबोधित करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले।

### जिला पंचायत की बैठक से अफसर गायब, सांसद खफा

**कानपुर देहात।** जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले के तीसरी बार सांसद बनने पर सभी जनप्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। इसके बाद डीएफओ एके द्विवेदी ने 20 जुलाई को मनाए जाने वाले वन महोत्सव के बारे में जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। इस दौरान लोक निर्माण, विद्युत, स्वास्थ्य, नलकूप व सिंचाई विभाग आदि के द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही विगत बैठक के दौरान उठाए गए बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई पर भी चर्चा हुई। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर सदन द्वारा रोष व्यक्त किया गया और सांसद ने कार्रवाई के लिए सीडीओ लक्ष्मी एन . को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर मुख्य अधिकारी सुरेश कुमार, अभियंता अखिलेश्वर मल्ल, कार्याधिकारी शिवाल तिवारी, वित्तीय परामर्शदाता आशुतोष त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अटेवा का सदस्यता व पेंशन अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** ऑल टीचर्स/इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा के बैनर तले 15 जुलाई से संगठन का सदस्यता एवं पेंशन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अटेवा ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए जोरदार अभियान छेड़ा है और इसके सदस्यता अभियान को गति देने की आवश्यकता जाहिर की गई है। जिससे पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन को और भी मजबूत और व्यापक बनाया जा सके। इससे न केवल सरकारी कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित होगा। बल्कि उनकी सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। सदस्यता अभियान 15 जुलाई से शुरू होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा।

अटेवा के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में सभी कर्मचारियों का समर्थन मिल रहा है। इस बार बड़ी तादाद में सदस्य जोड़ने का अभियान चल रहा है। इस अभियान में सभी सरकारी विभागों के लोगों को जोड़ा जा रहा है।

### प्रमोट छात्रों का डाटा 15 दिन में करें अपडेट

**कानपुर देहात।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र में बच्चों के नामांकन चल रहे हैं। साथ ही बच्चों को प्रमोट कर अगली क्लास में भी नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसे देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने स्टूडेंट प्रोफाइल मॉड्यूल के तहत यू-डायस पोर्टल पर पदोन्नत छात्रों के विवरण में प्रोग्रेशन स्टेटस, प्राप्त प्रतिशत, उपस्थिति आदि को अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। सभी संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को 15 दिन के अंदर इस प्रक्रिया को पूरी कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**बैठक** मंडलायुक्त ने वृहद पौधरोपण अभियान की विभागवार समीक्षा कर दिए जरूरी निर्देश

# जनपद में आज रोपे जाएंगे 61 .90 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त कानपुर व नोडल अधिकारी पौधरोपण की अध्यक्षता में जनपद में 20 जुलाई को होने वाले वृहद पौधरोपण की तैयारियों को लेकर जिला पौधरोपण समिति की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

शुक्रवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने कहा कि पेड़ रहेंगे तो जीवन रहेगा। कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी संबंधित विभागों द्वाराकी जा रहीं पौधरोपण से संबंधित कार्रवाई की निरंतर निगरानी की जाए। उनके द्वारा अपलोड की जा रही फोटो आदि को देखा जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष की गई तैयारियों व पौधों के संरक्षण के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने पौधों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि जितने भी पौधे लगाएं। उनमें से अधिक से अधिक को बचा सकें। साथ ही जहां भी पौधरोपण कराया जाए। वहां पर एक रजिस्टर अवश्य रखा जाए। जिसमें लगाए गए पौधों की संख्या, उनके संरक्षणकर्ता का नाम, नोडल अधिकारी आदि के बारे में जानकारी अंकित की जाए।

उन्होंने बताया कि सभी विभागों को प्रत्येक घंटे अर्थ एवं संख्याधिकारी को रिपोर्ट देने, हरीतिमा एप पर जियो टैगिंग, मेरी लाइफ पोर्टल पर फोटो अपलोड करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पूर्व से ही दिए जा चुके हैं। मंडलायुक्त ने बताया कि नून नदी कैचमेंट एरिया में वृहद पौधरोपण कराया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत तीन वेटलैंडों का भी चयन किया गया है। जिसमे बरिंगा वेटलैंड, मगही झील व दुआरी तालाब हैं। बैठक में डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, सीडीओ लक्ष्मी एन., एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम न्यायिक अमित राठौर, डीएफओ एके द्विवेदी, सीएमओ डॉ. एके सिंह, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह, पीडी वीरेंद्र सिंह, डीसी एनआरएलएम गंगाराम वर्मा, डीएसटीओ प्रतिभा सिंह, डीसी मनरेगा आदि अधिकारी मौजूद रहे।




अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त अमित गुप्ता। अमृत विचार

### बंजारी गांव पहुंचेंगे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आएंगे। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने बताया कि डिप्टी सीएम सरवनखेड़ा विकास खंड की ग्राम पंचायत फतेहपुर रोशनाई के बंजारी गांव में दोपहर करीब 12 :20 बजे पहुंचेंगे। करीब आधे घंटे के कार्यक्रम के बाद डिप्टी सीएम लखनऊ रवाना होंगे।

# बिजली संकट से परेशान उपभोक्ताओं ने पावर हाउस घेरा

## सिठौरा क्षेत्र के 50 गांवों की 15 दिनों से बिजली गुल, व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में इन दिनों बिजली की गंभीर समस्या बनीं हुई है। क्षेत्र के कई गांव बिजली संकट से जूझ रहे हैं। समस्या के चलते उपभोक्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। हथगाम के सिठौरा क्षेत्र के 50 गांवों में विद्युत आपूर्ति पिछले 15 दिनों से बाधित होने से नाराज भाकियू टिकैत गुट के किसानों ने पावर हाउस का घेराव करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। लगातार तीन दिन से धरने पर बैठे किसानों को पुलिस उपाधीक्षक ने आश्वासन दिया कि 20 जुलाई तक समस्या का समाधान हो जाएगा।

जिस पर भाकियू टिकैत गुटका धरना समाप्त कर दिया। हथगाम पावर हाउस परिसर में बिजली समस्या को लेकर बीते मंगलवार से धरने पर बैठे भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं से मिलकर एक्सईएन आरके मिश्रा, एसडीओ वीर बहादुर सिंह, ने उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें 20 जुलाई तक विद्युत समस्या सही होने का आश्वासन दिया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष पप्पू सिंह ने सीओ थरियांव अरुण कुमार राय को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र बिजली का निस्तारण करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि 20 जुलाई तक विद्युत आपूर्ति सही ना हुई तो जिले के सभी सड़कों पर चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।


पावर हाउस का घेराव करते भाकियू कार्यकर्ता। अमृत विचार


धाता उपकेंद्र में विरोध प्रदर्शन करते उपभोक्ता। अमृत विचार

## उपकेंद्र में भी उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, धाता

**अमृत विचार।** बिजली उपकेंद्र धाता में अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज के कारण नाराज बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली उपकेंद्र में नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। बताया गया कि इस समय धान की बुवाई का समय चल रहा है, वहीं बारिश भी नहीं हो रही है। जिससे किसान खेतों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर ही निर्भर हैं। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। पहली बात तो बिजली नहीं रहती और अगर आई भी तो कम वोल्टेज रहता है। इससे सबमर्सिबल पंप चल ही नहीं सकता है। वहीं लगभग एक लाख आबादी वाले क्षेत्र में विकराल गर्मी से आम जनमानस बहुत परेशान है। इस विकराल गर्मी में सिर्फ बिजली के उपकरण ही राहत पहुंचा रहे हैं। वोल्टेज कम होने से पंखे व कूलर रेंग रेंग कर चलते हैं। विद्युत उप केंद्र में अवर अभियंता चंद्रमा प्रसाद यादव के आश्वासन के बाद प्रदर्शन कर रहे लोग शांत हुए। इस मौके पर चौ. चंदन सिंह, नितिन सिंह, रामप्रिय पांडेय, मारकंडेय आदि मौजूद रहे।

### टिकैत दल का धरना जारी

**खागा फतेहपुर।** अघोषित बिजली कटौती को लेकर बीते दो दिन से खखरेरु कनपुरवा पावर हाउस में अनिश्चितकालीन धरना में बैठे किसान यूनियन टिकैत दल के साथ किसान शुक्रवार को भी अपनी मांग को लेकर अड़े रहे। किसानों को मनाने के लिए मौके पर पहुंचे एसडीओ संजय कुमार व जेई किशनपुर अमित कुमार तथा जेई कनपुरवा आदित्य कुमार त्रिपाठी पहुंचे फिर भी किसानों की समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया। दल के तहसील अध्यक्ष जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से कहा जब तक किसानों की समस्या का हल नहीं होगा तब तक हमारे बीच से आप नहीं जाएंगे। नगर के दरियामऊ में 2 साल से समस्या बनी हुई है। किसानों के बीच सबसे बड़ा मुद्दा कोट फीडर का रहा। इस फीडर में बीते कई वर्षों से बिजली की किल्लत रहीं है। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, सचिव राम शरण पटेल, देवी दयाल निषाद, राम भजन, अलोक अग्रहरी व क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा कल, पूजन की तैयारियों में जुटे भक्त

- मंदिरों, आश्रमों और घरों में आयोजित होंगे कार्यक्रम
- सावन के सोमवार की तैयारियां भी जोरों पर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व कल यानि रविवार को श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। जिले भर में गुरु आश्रम व मंदिरों में गुरु पूर्णिमा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। गुरु पूर्णिमा व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जानी जाती है। आषाढ़ी पूर्णिमा को मुड़िया पूर्णिमा व गुरु पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। उन्हीं के सम्मान में यह पूर्णिमा मनाई जाती है। इस दिन गुरूपूजा का विधान होता है। गुरुपूजा इसलिए की जाती है कि गुरु की कृपा से भक्त कुछ भी हासिल कर सकते हैं। गुरु की महिमा अपरम्पार है। गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है।

**सावन को लेकर तैयारी शुरू:** शहर के सिद्धपीठ ताम्बेश्वर मंदिर समेत जिले भर के शिवालयों में गुरु पूर्णिमा और उसके दूसरे दिन सोमवार से शुरू हो रहे सावन माह को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सावन में शिव की अराधना के लिए भक्तों की खासी भीड़ जुटेगी। जिसके जिला जिला प्रशासन भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने में लगा हुआ है।

### आम के भाव बढ़े

- गुरु पूर्णिमा पर आषाढ़ी पर्व भी मनाया जाता है। इस दिन लोग गंगा स्नान समेत घरों में पकवान बनाकर आम का मजा लेते हैं। आषाढ़ी पर्व में आम का महत्व होने से शुक्रवार को शहर की बाजारों में आम की खरीदारी जोरों पर रही। दुकानदार आम की वैरायटी के अनुसार 50 रुपये से लेकर 60 रुपये प्रति किग्रा के हिसाब से आम की बिक्री की।


टैबलेट और स्मार्ट फोन पाकर खुशी का इजहार करती टीम। अमृत विचार


छात्राओं को स्मार्टफोन देते भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल। अमृत विचार

## मांगों को लेकर भाकियू लोकशक्ति ने किया प्रदर्शन

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी को सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह पटेल की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुए 77 वर्ष बीत चुके हैं। देश के किसान, मजदूर व ग्रामीणों का जीवन स्तर आज तक सुधर नहीं पाया। किसान कर्ज में पैदा होता है और कर्ज में ही जीवन यापन करता है। उसके बाद उसके बच्चे भी कर्ज की अदायगी के लिए संघर्ष करते रहते हैं। मांग किया कि आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए, किसानों का कर्ज माफ किया जाए, एमएसपी की गारंटी लागू की जाए, कांधी रजबहा माइनर में पानी दिया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली समय से दी जाए। इस मौके पर हरिश्चंद्र पटेल, अंजू प्रजापति, संतलाल पटेल, संतोषी पटेल, सूरज भान, सुनील यादव, उमा आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल इंडिया से जुड़कर दोगुनी होगी छात्राओं की प्रगति

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गौसिया मेडिकल कालेज आफ फार्मेसी कंशमीरीपुर में शासन की योजना के तहत टैबलेट वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने चयनित 121 छात्रों को टैबलेट दिए तो चेहरों की मुस्कान बढ़ गई। विधायक ने टैबलेट हाथ में सौंपते हुए बोले कि खूब मन लगाकर पढ़ना और समस्याओं को टैबलेट के बल पर जीतना।

कालेज के डायरेक्टर राज कुमार पाल ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार की पहल से सबका साथ सबका विकास का सपना साकार हो रहा है। वहीं कालेज के ओहदेदार जावेद अहमद ने कहा, आज के आधुनिक युग में छात्र-छात्राएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहीं हैं। डिजिटल इंडिया से जुड़कर छात्राओं की यह प्रगति दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ेगी। क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने छात्रों के हित में सरकार द्वारा किये गये प्रयासों व व्यवस्था की सराहना की और नई तकनीकी शिक्षा में डिजिटल डिवाइसेस की भूमिका को विस्तार से समझाया। इस मौके पर सचिन बघेल, शिवम पाल व अनूप सिंह आदि ने कहाकि कोविड आने के बाद आनलाइन शिक्षा महत्वपूर्ण ही नहीं अनिवार्य बन गयी है। दौरान जावेद अहमद ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया।

## स्नातक व परास्नातक की छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के डा. भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत प्राचार्य प्रो. सरिता गुप्ता के संरक्षण में एवं नोडल अधिकारी डीजीशक्ति डॉ. राज कुमार के निर्देशन में स्नातक व परास्नातक की छात्राओं को स्मार्टफोन, टैबलेट बांटे गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल रहे। प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी ने 54 छात्राओं को टैबलेट व 02 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण हेतु चयनित किया। उन्हें टैबलेट तथा स्मार्टफोन वितरित किये गये। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्र विकास हेतु युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप छात्राओं को दे रही है। जिससे तकनीकी का प्रयोग करते हुए राष्ट्र विकास में युवा पीढ़ी की भागीदारी के साथ भारत देश भी विकसित राष्ट्र की पंक्ति में खड़ा हो सके। प्राचार्य ने कहा कि स्मार्ट सोच के साथ स्मार्टफोन का उपयोग करना है, पढ़ाई में फोन साधक बने, बाधक न बने इस बात का ख्याल छात्राएं हमेशा रखें। अंत में 'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ' एवं 'एक पेड़ मां के नाम योजना' के तहत पौधारोपण किया गया। इस मौके पर जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ. गुलशन सक्सेना, डॉ. रमेश सिंह, शरद चंद्र राय, डॉ. ज्योति, डा. राज कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अमित शिवहरे एवं विनोद गौतम, प्रोफेसर लक्ष्मीना भारती, डा. प्रशान्त द्विवेदी, शरद चंद्र राय, बसन्त कुमार मौर्य, डा मधुलिका श्रीवास्तव, अनुष्का छौंकर, आनन्द नाथ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम के दौरान पुष्प अर्पित करते अतिथि। अमृत विचार

### छात्रों ने धूमधाम से मनाई मंगल पांडे की जयंती

**हथगाम।** हथगाम क्षेत्र के राजकीय माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर चोराई मे शुक्रवार को आजादी के महानायक क्रांतिवीर मंगल पांडे की जयंती मनाई गई। एयरवेटरन प्रमोद द्विवेदी के निर्देशन पर छात्र-छात्राओं ने भारत माता व मंगल पांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर शिक्षक अवध किशोर और राजेश ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### विवाहित पुत्री 8 दिनों से लापता, एसपी से गुहार

**फतेहपुर।** करीब एक सप्ताह से लापता विवाहित पुत्री को खोजने के लिए उसकी मां दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। गुरुवार को पीड़िता ने पुलिस कप्तान को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। ललौली थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी मलवां थाना के करसवां गांव में हुई है। पुत्री का पति विदेश में रहता है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए पुत्री मायके आई थी। बीती 10 जुलाई को पुत्री का रिश्तेदार प्रदीप उर्फ कल्लू पुत्र होरीलाल निवासी मुचुवापुर आया और कहा कि मौसी ने धान लगाने के लिए बुलाया है। विश्वास में आकर उसके साथ पुत्री को भेज दिया। लेकिन वह अपने ससुराल नहीं पहुंची। उसके साथ नवजात नाती भी है।

### स्कूल में छात्रा ने खाया जहर, हालत गंभीर

**फतेहपुर।** घर पर छोटे भाई से मारपीट करने पर मां ने बेटी को डांट दिया। इसके बाद स्कूल पढ़ने गई छात्रा ने स्कूल के अंदर जहर खा लिया। छात्रा के मुंह से झाग निकलते हुए अन्य छात्राओं ने देखा तो टीचर को जानकारी दी। स्कूल के प्रबंधक ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गाजीपुर थाना क्षेत्र के नाहरखोर गांव के रहने वाले राम प्यारे की 18 साल की बेटी गांव में ही एक स्कूल में पढ़ाई करती है। सुबह स्कूल जाते समय मां ने डांट दिया। इसके बाद घर से स्कूल पहुंची छात्रा ने क्लास के अंदर जहर खा लिया। पास बैठी सहेली ने मुंह से झाग निकलते हुए देखा तो टीचर को जानकारी दी। इस पर स्कूल प्रबंधक ने निजी वाहन से छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### कुएं में गिरने से बच्चे की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के शिवपुर मजरे रामपुर गांव निवासी कोमल सिंह लोधी का पुत्र सतीश लोधी शुक्रवार सुबह अपने साथियों के साथ खेलते-खेलते गांव से पांच सौ मीटर दूर पहुंच गया। वहीं आस-पास के खेतों में परिवार सहित अन्य लोग काम कर रहे थे। इसी दौरान बच्चा कुएं में गिर गया। इसकी जानकारी होने पर परिजन व आस-पास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बाहर निकाला और तत्काल उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### तख्त से गिरकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी स्व. शिवपरसन लोधी का पुत्र जगजीत लोधी गुरुवार देर शाम खाना खाने के बाद तखत पर लेटा था, तभी अचानक मुंह के बल नीचे गिर पड़ा। जिससे उसकी नाक में गंभीर चोट आ गई। परिजनों ने उसे उठाकर तखत पर लिटा दिया और कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मुठभेड़ के बाद दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में 4 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। दोनों तरफ से हुई गोली बारी में आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी मोहम्मदाबाद की टीम एवं एसओजी टीम को सूचना मिली की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी ट्रेन से आ रहा है। तभी टीम ने स्टेशन चेक करने शुरू किए। इस दौरान पखना स्टेशन में शिकोहाबाद से फर्रुखाबाद ट्रेन जाने के बाद एक व्यक्ति पीछे की तरफ झाड़ियों में बने रास्ते से जाने लगा। पुलिस ने उसे रोका तो उसने पलट कर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने भी फायर किया। जिसमें उसके बाएं पैर में गोली लगी है। बाद में उससे उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम डब्ल्यू पुत्र राम लड़ेते निवासी गांव वीरपुर खास थाना बेवर जनपद मैनपुरी, हाल पता दया नगला थाना मोहम्मदाबाद बताया। आरोपी से बच्ची की एक जोड़ी पाजेब एवं एक तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

## आज नहीं सोमवार को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**फतेहपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि पौधरोपण अभियान के चलते इसबार शनिवार की जगह सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस मनाया जाएगा। शनिवार को पौधारोपण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की वहां मौजूदगी रहेगी।

# दीवार में सेंध कर दिनदहाड़े चोरी

संवाददाता थरियांव

**अमृत विचार।** कोतवाली व महिचा चौकी क्षेत्र के पलवा गांव में सुनील मौर्य पुत्र रघुनन्दन के घर की पिछली दीवार में सेंध लगाकर घर के अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने घर के कमरे के अंदर बनी आलमारी में रखी लगभग 45 हजार की नकदी समेत चार लाख रुपये कीमत के जेवरात पार कर दिये। बताया कि घटना के समय वह खेतो में धान की रोपाई करवा रहा था। जबकि पत्नी दवा कराने कानपुर शहर गई हुई थी। धान की रोपाई करवा घर लौटा भुक्तभोगी किसान घर के दरवाजों के टूटे पड़े तालों अस्त ब्यस्त पड़े बक्से, नगदी, जेवरात व सामान को गायब देखकर सन्न रह गया जिसने घटना की जानकारी पड़ोसियों समेत पुलिस को दी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए चोरों के बावत साक्ष्य खोजने का काफी प्रयास किया। लेकिन पुलिस के हाथ ऐसे कोई अहम सुराग नहीं लगे। जिससे पुलिस चोरों तक आसानी से पहुंच सके। पुलिस ने भुक्तभोगी की दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की सुरागरशी शुरू कर दी है।



- सामान व नकदी पार, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

# ट्रक की टक्कर से ई रिक्शा सवार की मौत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र के खैराबाद गांव के पास हाईवे में गुरुवार देर शाम ट्रक की टक्कर लगने से ई-रिक्शा में सवार एक युवक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सरांय डडीरा गांव निवासी स्व. नंद कुमार का पुत्र शिवबली व छत्रपाल का पुत्र विमलेश कुमार गुजरात जाने के लिए घर से निकले थे। बस न मिलने के कारण दोनों ई-रिक्शा में सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा खैराबाद मोड़ के पास हाईवे में पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे शिवबली की मौके पर मौत हो गई। वहीं विमलेश घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

कार्यक्रम | पिछले वर्षों में रोपण के बाद नहीं बचे अधिकांश पौधे

# आज रोपे जाएंगे 48 लाख पौधे

- जिलाधिकारी ने सभी विभागों को देखरेख के निर्देश दिए
- 25 नर्सरियों में तैयार किए गए हैं 64 प्रजाति के पौधे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** 20 जुलाई को वन महोत्सव के तहत जिले में 48.53 लाख से अधिक पौधों को रोपने की योजना है। अब सवाल यह है कि पौधरोपण के लिए इनकी देखरेख व सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा। बीते वर्षों में जुलाई व अगस्त माह में रोपे गए लाखों पौधों में से बड़ी संख्या में पौधे अकाल मौत का शिकार हो गए। पौधों के सरंक्षण के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई।

डीएम हर बार पौधरोपण करने वाले सभी विभागों को पौधों की देखभाल का निर्देश देते हैं लेकिन धरातल पर यह नहीं दिखता है। जिसके चलते बड़ी संख्या में पौधे अपना पहला जन्मदिन नहीं मना पाते। इस वर्ष भी वन विभाग द्वारा 25 नर्सरियों में करीब 64 प्रजाति के 74.76 लाख पौधे तैयार किया गया है।

वन महोत्सव में 26 विभागों को दिए गए लक्ष्य के मुताबिक पौधरोपण किया जाना है। इसके शुक्रवार को पूरे जिले में पौध वन विभाग से लोग ले जाते नजर आए।

### राजकीय आईटीआई परिसर में किया पौधरोपण

**फतेहपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिविल लाइन में शुक्रवार को उर्मिला सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य आशीष कुमार केसरवानी व समिति के सचिव अनुज कुमार श्रीवास्तव ने पौधरोपण किया। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के अंतर्गत एक वृक्ष मां के नाम वन महोत्सव का शुभारंभ विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर किया। बच्चों को पौधों का वितरण किया। समिति के सचिव अनुज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है इससे हमें ऑक्सीजन के साथ-साथ छाया भी मिलती है और उन्होंने लोगों से अपील किया कि एक पौधा जरूर लगाए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधा लगाना जरूरी है। इससे वातावरण सुंदर व स्वच्छ रहेगा और शुद्ध हवा मिलेगी। इसके लिए हम सभी का दायित्व है कि एक-एक पौधा अवश्य रोपित करें साथ ही संरक्षण भी करें। इस अवसर पर कार्यदेशक प्रमोद कुमार, शिवाकांत, बलवीर आदि मौजूद रहे।

# छापामार कर कच्ची शराब पकड़ी

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की भोर पहर से ही पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस व आबकारी विभाग ने अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की हैं।

शुक्रवार की भोर पहर आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने किशनपुर कस्बा निवासी बल्लू सिंह के यहां से 30 बोतल स्ट्रांग शराब पकड़ी। कस्बे की एक महिला को भी कच्ची शराब बनाते धर दबोचा। जिसके पास से पुलिस को 30 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण भी बरामद हुए। इसके बाद पुलिस व आबकारी विभाग की टीम क्षेत्र के अलग-अलग गांव में शराब की ब्रिकी की सूचना छापेमारी की। जहां पुलिस ने जालंधरपुर गांव निवासी अवधेश निषाद के घर से पुलिस को दस लीटर शराब बरामद हुई। वही आबकारी विभाग व पुलिस की इस छापेमारी से शराब के अवैध कारोबारियो में हड़कंप मचा हुआ है।

# रंजिश के चलते मारपीट, चार लोग घायल

- चार लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कृष्ण बिहारी नगर के रहने वाले मोहम्मद फरीद पुत्र शकील ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि गुरूवार शाम पड़ोस के रहने वाले महताब अपने परिवार के साथ आकर पुरानी रंजिश में मेरे साथ गाली गलौज करने लगा। मैंने विरोध किया तो कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने के बाद लाठी डंडे से पैर पर वार कर पैर तोड़ दिए। चीख-पुकार सुनकर जब मेरा छोटा भाई शानू और अन्य लोग पहुंचे तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। परिवार के लोगों ने हम सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इसमें मेरे भाई और एक की हालत बहुत गंभीर बनी हुई है क्योंकि दोनों के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है। पीड़ित ने बताया कि इसके पहले भी मेरे भाई के ऊपर हमला हो चुका था। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि दो पक्ष में मारपीट हुई थी, जिसमें एक पक्ष से चार लोगों को चोट आई है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# भारी बारिश ने नगला खैम रैगाई में मचाई तबाही

## 2 मकान, 2 ट्रांसफॉर्मर, 9 खंभे गिरे, सड़कें बहीं, सुबह 7 से 11 बजे तक हुई तेज बारिश, सातनपुर सब्जी मंडी में भरा पानी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


जमीन में धंसा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार


तेज बारिश से बहा मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार सुबह तेज बारिश हुई। इससे विकास खंड कमालगंज के नगला खैम रैगाई गांव में भारी तबाही हुई है। तेज बारिश के दौरान पानी के कटान से दो घर गिर गए वहीं दो बिजली के ट्रांसफार्मर और 9 खंभे गिर गए। गांव का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। गनीमत रही की कोई हताहत नहीं हुआ है। बारिश सुबह सात बजे से 11 बजे तक हुई।

जिले में शुक्रवार को हुई बारिश से जिला पानी-पानी हो गया। सर्वाधिक बारिश कमालगंज विकासखंड में हुई है। कमालगंज विकासखंड के गांव नगला खैर रैगाई, कमालपुर, अजीजलपुर, वंथल शाहपुर, ताजपुर सहित सैकड़ों गांवों में बारिश ने तबाही मचाई है। सबसे ज्यादा गंगानदी के मुहाने पर बसे ग्राम पंचायत नगला खेम रैगाई में तबाही हुई है। यहां तेज बारिश होने से ग्राम पंचायत में दो ट्रांसफॉर्मर, 9 खंभे टूटकर जमीन पर गिर गए। जिससे विद्युत सप्लाई बंद हो गई। गांव के निवासी राजू और पप्पू के दो मकान गिर गए । गांव के सभी रोड कट गए। इससे आने-जाने का रास्ता भी बंद हो गया। हालांकि ग्राम पंचायत में खंभे गिरने से कोई दुर्घटना घटित नहीं हुई है। यहां पर चार-पांच दिन पहले आला अधिकारी भी आए, लेकिन आश्वासन देकर चले गए। वहीं बारिश का पानी खेतों में भर गया है और नालों का पानी सड़कों से गुजरने की वजह से सड़के क्षतिग्रस्त हो गई हैं। वैसे तो जिले भर में सुबह से बरसात शुरू हो गई। बरसात होने से लोगों को उमश भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं अधिक पानी बरसने से पूरा जिला पानी-पानी हो गया है। प्रसिद्ध मंडी समिति सातनपुर बारिश के कारण जलमग्न हो गई । चारों तरफ पानी ही अपनी नजर आ रहा है।

### आढ़तियों ने दी धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी

**फर्रुखाबाद।** करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी सातनपुर सब्जी मंडी का बुरा हाल है। फर्रुखाबाद की सातनपुर मंडी का कायाकल्प करने के लिए पिछले साल ही करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। लेकिन सब्जी मंडी में जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। आढ़तियों की दुकानों में पानी भर जाने से आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने शुक्रवार को जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जलभराव की समस्या का समाधान न हुआ तो आढ़ती मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर धरने पर बैठ जाएंगे। सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश राजपूत का कहना है कि जलभराव से बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से निजात पाने के लिए पूर्व में रहे मंडी सचिवों से गुहार लगाई गई थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। खराब सफाई, रोशनी व्यवस्था न होना और दूषित जलभराव के कारण पानी में दुर्गंध आती है, जिससे बैठना मुश्किल हो गया है। शुक्रवार को आक्रोशित आढ़तियों व किसानों ने कहा है कि यदि समस्या का शीघ्र ही समाधान नहीं हुआ तो वह लोग मजबूरन मंडी गेट पर तालाबंदी कर धरने पर बैठेंगे। इस दौरान सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश राजपूत, महामंत्री दीपू कटियार, कोषाध्यक्ष मंजेश कटियार, उपाध्यक्ष ग्रीश बाबू शाक्य, जनरैल सिंह, मेघनाथ सिंह, गिरन्द सिंह शाक्य, राजीव बाबू, अरविन्द राजपूत, गुड्डू यादव, देवेश बाबू, अरविन्द कुमार शाक्य, अमरदीप सिंह शाक्य आदि मौजूद रहे।


सातनपुर सब्जीमंडी में भरा पानी।

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटना में 3 घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी बुजुर्ग राजबहादुर, पत्नी ऊषा देवी व रंजना मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया गया।

### महिला ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव अकाखेड़ा निवासी पुष्पा ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई। परिजन सीएचसी लेकर दौड़े। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### जहरीले कीड़े ने काटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला काजम खान निवासी शबीना बेगम को जहरीले कीडे.ने काट लिया। परिजन सीएचसी लेकर दौड़े। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### ऊंचाई से गिरकर बच्चा घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव पट्टिया निवासी नेम सिंह का 6 वर्षीय पुत्र हिमांशु ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव कोकापुर निवासी 55 वर्षीय साहब सिंह पुत्र जयवीर सिंह मेरापुर से अपने घर वापस आ रहे थे। तभी गांव अचरा के पास साहब सिंह की बाइक में अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिसमें साहब सिंह गंभीर रूप से घायल होकर के गिर पड़े। राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया गया। जहां से लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।


घाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह व एसपी आलोक प्रियदर्शी। अमृत विचार

# गंगा किनारे तक कच्चे मार्ग को समतल करें

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. बीकेसिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से श्रृंगीरामपुर घाट पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने घाट पर बैरिकेडिंग कराने, प्रकाश व्यवस्था करने व चेतावनी बोर्ड लगाने, पीने के पानी की व्यवस्था के लिये टैंकर लगाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिये। अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग को यात्रा मार्ग की सड़कों के गड्ढे भरवाने के लिये निर्देशित किया। जिला पंचायतराज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी कमालगंज को रोड से गंगा किनारे तक के कच्चे मार्ग का समतलीकरण कराने के लिये निर्देशित किया। थानाध्यक्ष कमालगंज को सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बताते चले कि श्रृंगीरामपुर का इतिहास प्रभु राम से जुड़ा है।

- **जिलाधिकारी, एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर मातहतों को दिए निर्देश**

### कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल के अटैनाघाट पर कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। बिजली व बैरिकेडिंग की व्यवस्था बदायूं जिला पंचायत करेगा। एसडीएम, सीओ ने घाट का जायजा लिया और बदायूं क्षेत्र के एसडीएम दातागंज से वार्ता की। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा है। बीते दिनों शमसाबाद ढाई घाट पर कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियों का जायजा लिया था। शुक्रवार को एसडीएम रविंद्र सिंह, सीओ जयसिंह परिहार, तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर, नायब तहसीलदर सृजन कुमार, मनीष कुमार, कंपिल एसओ जितेंद्र चैधरी व राजस्व कर्मियों के साथ अटैनाघाट पर पहुंचे।

# सेशन हवालात में बंदी ने हाथ की नसें काटी, भर्ती

संवाददाता फर्रुखाबाद


घायल बंदी राजा।

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ के सेशन हवालात में न्यायालय पेशी पर आए बंदी ने अपने हाथ की नसें काट ली। जिससे सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मच गया। आननफानन में उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कादरी गेट थाने के पांचालघाट निवासी राजा (30) पुत्र हरिश्चंद्र इस समय जिला जेल फतेहगढ़ में न्यायिक अभिरक्षा में बन्द है। जिला जेल से शुक्रवार को कचहरी फतेहगढ़ में पेशी पर आया था। न्यायालय में पेश करने के लिए उसे सेशन हवालात में रखा गया। इस दौरान उसने अपने हाथ की नसें काट ली। गंभीर अवस्था में पुलिस कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया हैं। जहां पर उसका उपचार जारी है।

**हवालात में कहां से आया धारदार हथियार :फर्रुखाबाद।** सेशन हवालात में बंदी के हाथ की नसें काटने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारों का कहना है कि कचहरी की हवालात में बन्द करने से पहले उसकी गहन तलाशी ली जाती है। इसके बाबजूद हवालात में धारदार हथियार ले कर राजा कैसे पहुंच गया। इसका जबाब पुलिस के किसी अधिकारी के पास नहीं है। वह इसे जांच का विषय बता रहे हैं। इधर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि राजा को गंभीर हालत में लाया गया हैं। फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया कि कोर्ट में पेशी पर राजा को लाया गया था। तभी सेशन हवालात में राजा ने धारदार हथियार से अपने हाथ की नसें काट ली हैं। उसे भर्ती करवाया गया है।

# एसएनसीयू वार्ड की व्यवस्थाएं राम भरोसे

संवाददाता फर्रुखाबाद


बिना ड्रेस के गेट पर बैठे गार्ड। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड की व्यवस्थाएं राम भरोसे चल रही हैं। यहां अवैध वसूली से लेकर सभी नियमों को दरकिनार करने की रोजाना शिकायतें हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार सिर्फ व्यवस्था होने का दावा ही कर रहे हैं।

गुरुवार को अमृत विचार की टीम ने निरीक्षण किया तो जिला अस्पताल लोहिया महिला के एसएनसीयू वार्ड का ड्यूटी रोस्टर चार्ट खाली पड़ा था। चिकित्सक, स्टाफ नर्स, वार्ड आया, वार्ड स्वीपर, वार्ड सुरक्षा गार्ड के ड्यूटी और नाम के बारे में कोई जानकारी अंकित नहीं थी। साथ ही गेट पर खुद को स्टाफ और सुरक्षा गार्ड बताने वाले कई युवक बैठे थे। लेकिन जब उनकी ड्रेस के बारे में पूछा गया तो कहा कि ड्रेस वगैरा इस वार्ड के बाहर चलती है। वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं को डायपर तक उपलब्ध नहीं हो रहे, परिजनों से मंगाए जाते हैं। जबकि नियमानुसार अस्पताल प्रशासन उपलब्ध करवाता है। तीमारदारों ने बताया कि बाहर से दवाइयां भी लिखी जाती हैं।

सीएमएस डॉ कैलाश दुल्हानी ने दावा किया कि प्रतिदिन ड्यूटी रोस्टर चार्ट पर सभी स्टाफ के ड्यूटी और नाम लिखे जाते हैं। स्टाफ और सुरक्षा गॉर्ड को ड्रेस में रहने को लेकर पत्र जारी किया जा रहा है।

## बुजुर्ग के साथ की मारपीट

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला मेंहदी बाग निवासी बुजुर्ग छंगेलाल को पुलिस घायलवास्था में इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी लेकर आई। जहां इलाज के दौरान उसने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ले के दो आरोपित उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपित हमलावर हो गए और मारपीट कर दी। प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पीटी करायी गई। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर परिवहन शाखा, बैरक, डायल-112 की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

### आज चलेगा पौधरोपण अभियान

**फर्रुखाबाद।** आयुक्त एवं निदेशक उद्योग कानपुर मंडल राजेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिला वृक्षारोपण समिति, की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे 20 जुलाई 2024 को होने बाले वृहद पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में वन विभाग को निदेशक ने अवगत कराया गया कि सभी विभागों के गड्ढों की खुदाई व पौधों का उठान हो गया है। सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक पौधरोपण होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि जिले के सभी अमृतसरोवरों व गौशालाओं पर भी पौधरोपण होगा।

### 59 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को 59 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन को सीज कर दिया गया। वहीं दो वाहनों से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूलते हुए दस लोगों के खिलाफ बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** गाजीपुर पुलिस ने ब्राह्मणतारा मजरे लमहेटा निवासी भूपेन्द्र कुमार पुत्र अरुण निषाद के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### फीडर में खराबी, उपभोक्ता परेशान

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** रुटौल बिजली पर सेकेंड फीडर की ट्राली का ग्लास फट जाने से फीडर से जुडे.सैकड़ों उपभोक्ता गर्मी और उमस से परेशान हैं। उमस भरी गर्मी में लोगों का बुरा हाल रहा। साढे.आठ घंटे आपूर्ति ठप रही। खराबी को सही करने में कर्मचारी जुटे रहे।

### सवारियों से भरा टेंपो पलटा, छात्र घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अचानक रोड पर सांड आने से टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे टेंपो में सवार बच्चे और सवारियां चोटिल हो गईं। इसमें एक छात्र को ज्यादा चोट आई है। कम्पिल क्षेत्र के गांव विल्हा निवासी आनंद कुमार शर्मा का 16 वर्षीय पुत्र आर्यन शर्मा एक स्कूल में कक्षा 8 का छात्र है। आर्यन की मां शीतला देवी ने बताया कि स्कूल की छुट्टी होने के बाद उसका पुत्र व स्कूल के कई बच्चे और अन्य सवारियां टेंपो से कायमगंज से कम्पिल आ रहे थे। रास्ते में कायमगंज कंपिल मार्ग स्थित ईदगाह के पास टेम्पो के सामने सांड आ जाने के चलते टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया और टेम्पो चालक मौके से भाग गया, जिसमें कई लोग दबकर चुटहिल हो गए। आसपास के लोगो ने टेम्पों को सीधा कर आर्यन को निकाला, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### 3 स्कूली वाहनों पर लगाया 45 हजार का जुर्माना

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बिना परमिट, फिटनेस के मिले तीन स्कूली वाहनों पर एआरटीओ ने 45 हजार का जुर्माना ठोका है। कायमगंज में चले अभियान से स्कूल प्रशासन में हडकंप मच गया है। बिना परमिट व फिटनेस के चल रहे स्कूली वाहनों को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर शुक्रवार को एआरटीओ सुभाष राजपूत के साथ कोतवाली के इंस्पेक्टर रामअवतार ने भारी फोर्स के साथ यहां के स्कूलों के वाहनों को चेक किया। जहां शकुंतला देवी कालेज में स्कूली वाहन की जनवरी 2024 से फिटनेस व परमिट खत्म होने पर 17 हजार का जुर्माना लगाया गया। जबकि एपी पब्लिक स्कूल के वाहन की फिटनेस 2017 से खत्म हो चुकी थी वही परमिट भी खत्म हो चुका था। इस पर उन्होंने 17 हजार का जुर्माना ठोका है। इसके अलावा आयशा स्कूल के स्कूली वाहन का परमिट न दिखा पाने पर 11 हजार का जुर्माना लगाया। एआरटीओ ने बताया कि स्कूलों में बिना परमिट व फिटनेस के चल रहे वाहन पर अभियान जारी रहेगा। तीनों वाहनों को कोतवाली में खड़ा करा दिया गया है।

### लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी, लगेगा जुर्माना

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** वन विभाग ने लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ ली। जुर्माना किया जाएगा। वन विभाग के रेंजर राजेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर शमसाबाद क्षेत्र के गांव लहरा गांव में हरे पेड़ों को काटा जा रहा है। जानकारी मिलने पर वन दरोगा जहीर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां रास्ते में हरी पेड़ की लकड़ी ट्रैक्टर में आती दिखी। उसे रोका। इसी बीच चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। टीम लकड़ी भरे ट्रैक्टर को कायमगंज रेंजर कार्यालय ले आई। रेंजर ने बताया संबंधित के खिलाफ जानकारी की जा रही है। जांच कर कार्रवाई कर जुर्माना लगाया जाएगा।


अधिवक्ताओं को संबोधित करते कानपुर सांसद रमेश अवस्थी।

### अधिवक्ताओं ने किया कानपुर सांसद रमेश अवस्थी का स्वागत

**फर्रुखाबाद।** कानपुर सांसद रमेश अवस्थी का गुरुवार को जिले में आगमन हुआ। शुक्रवार को फतेहगढ़बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव ने कमेटी के सदस्यों के साथ सांसद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार राठौर, सचिव नरेश यादव ,वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव बाजपेई, पीयूष दुबे, शिव मोहन कटियार, अशोक कटियार आदि मौजूद रहे।

**मौसम की मार** पसीने से बढ़ रहे फंगल इंफेक्शन के मरीज


# उमस का कहर, बीमार हो रहे लोग

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में उमस भरी गर्मी का कहर जारी है। गर्मी में बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। सरकारी से लेकर निजी अस्पताल मरीजों से पटे हैं। डॉक्टर मरीजों को उचित खान-पान व शरीर की साफ-सफाई रखने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल में शुक्रवार को करीब 900 मरीज पहुंचे। वार्ड में करीब डेढ़ दर्जन मरीज भर्ती हुए।

उमस भरी गर्मी में लोगों की सेहत खराब हो रही है। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, जुकाम व वायरल फीवर के मरीजों की कतारें लग रही हैं। पसीना आने के चलते लोगों को त्वचा संबंधी बीमारियां अपनी चपेट में ले रही हैं। शहर से लेकर गांव तक लोग बीमारियों से जूझ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में जहां सुबह से मरीजों की भीड़ लग जाती है। वहीं निजी अस्पताल भी मरीज से पटे चल रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब 900 पर्चे बनाए गए। ओपीडी में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइनें लगी थीं। जबकि कुछ मरीज ओपीडी में कुर्सियों पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मूलचन्द्रा ने बताया कि बारिश के मौसम में नमी के चलते वायरल का प्रभाव बढ़ जाता है।

- **चिकित्सक मरीजों को उचित खान-पान की दे रहे सलाह**



### कटे फल व बासी भोजन से करें परहेज

जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मूलचन्द्रा ने बताया कि इस मौसम में वायरल का तेजी से प्रभाव बढ़ता है। ऐसे में सर्दी, जुकाम व बुखार के अलावा मलेरिया, टाइफाइड व डेंगू का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे मौसम में पौष्टिक आहार लें। तले भुने व जंक फूड से बचाव करें।

### वार्ड में भर्ती हुए 17 मरीज

बारिश के मौसम में बीमारियां लोगों का पीछा नहीं छोड़ रही हैं। अस्पताल में गंभीर मरीज भी बहुतायत पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब 17 मरीज भर्ती हुए। स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार उल्टी दस्त के अलावा कमजोरी व चक्कर आने के मरीज भर्ती किए गए। पैथोलॉजी में खून की जांच करने के लिए करीब 90 मरीज पहुंचे।

### फंगल इंफेक्शन का बढ़ा खतरा

उमस भरी गर्मी में फंगल इन्फेक्शन के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ मनोज कुमार पटेल के अनुसार इस समय दाद, खाज, खुजली और फंगल इन्फेक्शन के मरीज बढ़े हैं। बताया कि शरीर में पसीना रुकने वाले स्थानों पर फंगल इन्फेक्शन अधिक होता है। बाद में उंगलियों की सहायता से यह शरीर के अंग भागों में फैल जाता है। इसलिए गर्मी के मौसम में शरीर की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## जमीन पर कब्जे के दौरान भाजपा नेता से भिड़ गई महिला

**थरियांव।** थरियांव कस्बा क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। जिसमें एक महिला दो लोगों को खींचते हुए नजर आ रही है। बताते हैं कुछ लोग जमीन कब्जा करने गए थे, जिनसे महिला का विवाद हुआ है। अमृत विचार ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

थरियांव कस्बे की रहने वाली रेखा देवी ने करियामऊ गांव निवासी भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष पर उसकी बेशकीमती जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा करवा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने स्थानीय पुलिस, तहसील के अधिकारियों समेत राजस्व अधिकारी व कर्मी पर भी आरोपी को शह देने का आरोप लगाया है। जिसने थाना दिवस में कई बार प्रकरण की लिखित शिकायत करने के बावजूद भी जिम्मेदारों द्वारा शिकायत को अनसुना करने का भी आरोप लगाया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रणजीत बहादुर ने कहा कि जमीनी मामलों में सीधे पुलिस को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है।

# तीन तलाक बोलकर की तोड़फोड़, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता औंग

- **पहले से चल रहा है दहेज उत्पीड़न और हिंसा का मुकदमा**
- **औंग पुलिस ने पांच लोगों पर दर्ज किया मामला**

**अमृत विचार।** मलवां थाना क्षेत्र के चखेड़ी की रहने वाली गुलफ्सा खातून पुत्री मोहम्मद एजाज को उसके ही घर आकर पति ने तीन तलाक बोलकर घर में तोड़फोड़ तथा मारपीट की। गुलफ्सा ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बताया कि नवम्बर 2018 को मोहम्मद अयूब पुत्र जग्गन के साथ गुलफ्सा का निकाह हुआ था। ज्यादा दहेज की आकांक्षा पूरी न होने पर अयूब अपनी पत्नी को मारपीट कर शारीरिक और मानसिक पीड़ा देने लगा था। इस कारण से उसने हिंसा और दहेज अधिनियम के तहत पति व इसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जो मौजूदा समय में न्यायालय में विचाराधीन है। तब से महिला अपने मायके में रह रही है। पिछले सप्ताह इसका पति अयूब अपने साथ महबूब, सुलेमान, बबलू और शीबू के साथ ससुराल आया और अपनी पत्नी गुलफ्सा को मारा पीटा, घर में रखे सामान की तोड़फोड़ की और जाते हुए तलाक तलाक तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया। पुलिस जांच करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पत्नी ने कर ली दूसरी शादी, पति बेखबर

**औंग।** थाना क्षेत्र के करचलपुर के रहने वाले विवेक सिंह पुत्र नारायण सिंह की शादी दो साल पहले चांदपुर के दपसौरा की रहने वाली आरती के साथ हुई थी। तीन महीने बाद भतीजी की शादी का बहाना बनाकर आरती मायके चली गई तब से नहीं आई। अचानक जब पत्नी की दूसरी शादी होने की बात पता चली तो वह हैरान रह गया। उसने पुलिस को दी तहरीर दी और अपनी पत्नी और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि पत्नी आरती ने अपनी पहली शादी को छिपाकर नौ महीने बाद नवम्बर 2022 को हंसपुरम नौबस्ता कानपुर नगर निवासी के साथ जनसेवा संस्थान कानपुर नगर से कर ली थी। जिसकी भनक पहले पति को करीब एक साल बाद लगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### दंपति को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। महिला ने बताया कि उसकी मां ने गांव के लोगों के साथ मिलकर उसकी शादी करा दी। इसके बाद घर में घुसकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के वकील, मेहताब, अख्तर और मां ने 22 मई को गांव के युवक के साथ जबरन उसकी शादी करा दी। इसके बाद 07 जुलाई की शाम लगभग 05 बजे उसके घर में घुसकर गाली गलौज की और विरोध करने पर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे व उसके पति को मारपीट करते हुए धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। शुक्रवार को ग्राम मलिकपुर निवासी बदरुद्दीन (65) समधन के मोहल्ला नेहरू नगर स्थित रिश्तेदारी में शोक संवेदना व्यक्त करने आया था। अंतिम संस्कार के बाद लौटते समय सामने से आ रही बाइक के चालक ने तेज गति से उसके टक्कर मार दी। इससे वृद्ध घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

तालग्राम, कन्नौज। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। लोगों में चर्चा है कि अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण मौत हुई है। ग्राम नगला चौबे निवासी प्रेमदयाल के पुत्र सोनू (36) की देर रात घर में अचानक मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे प्रशिक्षु सीओ कपूर कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से पूछताछ की। मृतक की पत्नी रूबी ने बताया कि पति की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। इससे उसकी मौत हो गई। लोगों में तरह-तरह की चर्चा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रशिक्षु सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी

तिर्वा। ठठिया थाना क्षेत्र के सरहटी गांव निवासी रोहित सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की सुबह खेत जोतने पहुंचा तो गांव का ही कुछ लोग विरोध करने लगे। गालीगलौज कर भगा दिया। पुलिस से शिकायत करने जा रहा था कि गांव के बाहर आरोपियों ने रोक लिया और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी करते युवक को पकड़ ग्रामीणों ने धुना

तिर्वा, कन्नौज। घर में घुसकर चोरी कर रहे युवक को दुकानदार ने पकड़ लिया। पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। इंदरगढ़ थाना के उमर्दा चौकी क्षेत्र के शाहनगर गांव निवासी राजकुमार घर पर ही किराने की दुकान किए हुए है। गुरुवार को देर रात दुकान बंद कर घर के अंदर गया तो एक युवक चोरी कर रहा था। राजकुमार को देख वह भाग निकला। शोरगुल सुन बाहर मौजूद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। उमर्दा चौकी प्रभारी हरे कृष्णा ने बताया कि युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। युवक आगरा जनपद के बाह कोतवाली क्षेत्र के मढ़ेपुरा निवासी है।

### करनपुर हाईवे कट पर कार की टक्कर से किशोर की हो गई थी मौत

# हादसे के बाद पुलिस पर पथराव व जाम लगाने में 215 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- एफआईआर में आठ पुलिस कर्मियों के घायल होने का उल्लेख है
- जांच के बाद आरोपितों पर की जाएगी कार्रवाई: प्रभारी निरीक्षक

**अमृत विचार।** कानपुर-गाजियाबाद ग्रीन फील्ड नेशनल हाईवे पर करनपुर हाईवे कट पर गुरुवार को हुए सड़क हादसे के बाद हुए बवाल और पुलिस पर हमला करने के मामले में 15 नामजद व 200 ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कानपुर-गाजियाबाद ग्रीन फील्ड नेशनल हाईवे पर करनपुर हाईवे कट पर गुरुवार को अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी। इससे स्कूटी सवार तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के नौरंगपुर नगरिया गांव निवासी 17 वर्षीय विवेक कुमार पुत्र जवाहरलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। विवेक के मामा मनीष कुमार घायल हो गए थे। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया था। जाम खुलवाने में पुलिस से ग्रामीणों की झड़प भी हुई। ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में 215 ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पाल चौराहा पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत गौतम ने शुक्रवार कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार को सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे थे। दुर्घटनागस्त कार में मौजूद चालक व कार सवार लोगों हिरासत में लिया जा रहा था, तभी मौजूद ग्रामीणों ने हिरासत में लिए लोगों को छुड़ाते हुए मृतक के शव को हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। मृतक पक्ष के ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस पर हुए हमले से घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। उपद्रवियों ने पुलिसकर्मियों पर ईट, पत्थर, लोहे की सरिया से जानलेवा हमला भी किया।

घटना में पुलिस की जीप, चीता मोबाइल की बाइक में भी तोड़फोड़ की गई। घटना में उपनिरीक्षक कीर्ति कुमार, सिपाही मनोज सोनकर, अमित कुमार, मयंक कुमार, सचिन कुमार, अवधेश कुमार, महिला सिपाही नेहा रघुवंशी व रजनी घायल हो गए। पुलिस बल प्रयोग कर हाईवे पर ग्रामीणों द्वारा लगाए जाम को खुलवाया गया।

पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी श्याम राजपूत, लालू, आशीष, पिंटू, अशोक, अंकुर, शिशुपाल, आशीष, सुमित, भूरा, रामदेव, शोभू, अवधेश, हरिओम व महिला रेखा दोहरे और 200 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच कर आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन के विवाद में चले लाठी डंडे, पांच घायल

सौरिख,कन्नौज। जमीन के विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। घटना में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी। थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी अवनेश पुत्र गिरीश चंद्र शुक्रवार सुबह दस बजे अपना खेत जोत रहे थे। तभी गांव के सुभाष, सर्वेश, विनय, केशव, दिव्यांशु पुत्रगण जगदीश एवं सुधा व पूजा अपने-अपने हाथों में लाठी डंडे एवं फावड़ा आदि लेकर खेत पर आए और गालीगलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर मारपीट करने लगे। शोर सुन कर बचाने आई बहन शशि, भाई भीमसेन, पिता गिरीश चंद्र एवं भाभी को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घायल थाने पहुंचे और प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए सभी को डाक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

# एक्सप्रेस वे पर हादसों में दो की मौत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस वे पर हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में सात माह के बालक समेत दो की मौत हो गई। दोनों घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

पहली घटना में अयोध्या के थाना इनायतपुर गांव मिल्कीपुर निवासी भीमसेन (32) पुत्र बालकराम, कंचन (25) पत्नी धर्मेंद्र, कमलेश कुमारी (35) पत्नी बिद्राप्रसाद, धर्मेंद्र (30) पुत्र रामदुलारे कार से अपने घर से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रहे थे। शुक्रवार की सुबह जैसे ही वह तिर्वा कोतवाली के 191 किलोमीटर पर पहुंचे तो कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार पलटते ही चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियो ने घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

दूसरी घटना थाना ठठिया और कानपुरदेहात के थाना अरौल सीमा के पास हुई। संतकबीरनगर के थाना खलीलाबाद गांव नौरंगिया निवासी दीपक (28), रामकुमार (25) पुत्रगण रंगीलाल, राकेश (26) पुत्र साहबराम, शिल्पा (25) पत्नी रामकुमार, दिनेश (21) पुत्र काशीप्रसाद, सरैया (7 माह) पुत्र रामकुमार की कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मी घायलो को मेडिकल कालेज ले आए। जहा डाक्टरो ने सात माह के सरैया व दीपक पुत्र रंगीलाल को मृत घोषित कर घायलों को भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठठिया थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि यह घटना ठठिया क्षेत्र की नहीं है। यह अरौल थाना सीमा में हुई थी।



अस्पताल में मौजूद परिजन। अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



राहुल।

छिबरामऊ, कन्नौज। जनपद फिरोजाबाद सडामई डेरा बंजारा के ग्राम गुलाब नगर निवासी 28 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र गोरेलाल बाइक से किसी काम के लिए सुल्तानपुर गया था। वहां से बुधवार की रात लगभग 12 बजे वापस गांव जा रहा था। तभी किसी जगह अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सौ शैय्या अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया। उसकी जेब में मिले आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त कर उसके परिजनों को बुला लिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डीसीएम की टक्कर से साइकिल सवार हाईवे कर्मी की मौत

जलालाबाद, कन्नौज। ग्राम मूसरि निवासी गंगा राम जाटव का पुत्र श्याम सिंह जाटव (25) हाईवे पेट्रोलिंग में डयूटी करता था। प्रतिदिन की तरह वह गुरुवार की शाम भी घर से साइकिल पर सवार होकर हाईवे जाने के लिए निकला। तभी देर रात हाईवे स्थित क्वालिटी कोल्ड स्टोरेज के निकट डीसीएम के अज्ञात चालक ने तेज गति से चलाते हुए उसके टक्कर मार दी। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# स्कूल से छात्र को अगवा किया, मारपीट कर छोड़ा

संवाददाता, तिर्वा कन्नौज

- तंमचे की बट से सिर पर किया हमला
- 15 लाख रुपये की मांग करने का आरोप

**अमृत विचार।** बाइक सवार युवक तिर्वा क्षेत्र के एक इंटर कालेज के बाहर खड़े छात्र को तमंचे के बल पर बाइक पर बैठा ले गए। एक बाग में ले गए और तमंचे की बट से सिर पर हमला कर दिया। छात्र के गले में पड़ी सोने की चेन भी छीन ले गए। आरोप है कि 15 लाख रुपये की मांग कर छात्र को घायल अवस्था में छोड़ कर फरार हो गए। पीड़ित छात्र के पिता ने तिर्वा कोतवाली में मामले को लेकर नामजद तहरीर दी है।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ला निवासी मयंक कुमार ने बताया कि पुत्र कपिल कुमार कस्बा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर में कक्षा 11 का छात्र है। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह छुट्टी के बाद जैसे ही स्कूल गेट से निकला बाइक सवार युवकों ने उसे तमंचे के बल पर बाइक पर बैठा लिया। घटना देख वहां मौजूद अभिभावकों ने पीछा किया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार में बाइक भगाकर ले गए। पुत्र को बाग में ले जाकर उसके साथ मारपीट कर सोने की चेन छीन ली और जाते समय 15 लाख भिजवाने की धमकी दी। आरोपियों ने तमंचे की बट से पुत्र के सिर पर वार किया जिससे गंभीर चोट आई। पिता ने दो नामजद व पांच अज्ञात युवकों पर आरोप लगाए हैं। तिर्वा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिह ने बताया कि जांच की जा रही है। मामला मारपीट का लग रहा है।

### एंबुलेंस कर्मियों को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी

तालग्राम, कन्नौज। एंबुलेंस पर तैनात कर्मियों को ईएमएलसी ट्रेनर ने मरीजों को प्राथमिक उपचार दिए जाने की जानकारी दी। इस दौरान मरीजों को लाने ले जाने एवं उनके बेहतर उपचार के लिए विशेष टिप्स दिए गए।

शुक्रवार को ईएमएलसी ट्रेनर हरि किशोर ने सीएचसी तालग्राम में 108 व 102 एंबुलेंसों पर तैनात ईएमटी व एंबुलेंस चालकों को मरीजों फर्स्ट एड देने के टिप्स दिए। विशेष रूप से मरीजों के उपचार व उनको अस्पताल तक पहुंचाने में कोई भी कमी न रहे, इसकी जानकारी दी। इस मौके पर ईएमटी रंजीत, विश्वनाथ, सुरेन्द, अवनीश, संदीप, विष्णु, प्रदीप एवं एंबुलेंस चालक वेदप्रकाश, योगेन्द्र, अरुण, प्रदीप, उमेश, राजकुमार मौजूद रहे।

# योजनाओं के लाभ से वंचित हैं बीड़ी श्रमिक

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ से बीड़ी श्रमिक वंचित हैं। उनकी अन्य समस्याओं का भी निस्तारण कराया जाएगा। यह बात नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित ट्रेंड यूनियन को-आर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी) कार्यालय पर शुक्रवार को हुई बैठक में कही गई।

जिलाध्यक्ष नीरज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रेम सिंह ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा बीओसी में करोड़ों रुपये का घोटाला साइट हैक करके कर लिया गया था। इससे श्रमिकों को भारी नुकसान पहुंचा है। उनके पंजीयन, नवीनीकरण, हितलाभ की सभी योजनाएं बंद हो गई हैं। दविरुल हसन ने कहा कि आज घर खाता बीड़ी मजदूरों का प्रति हजार 168 रुपये हैं। श्रम अधिकारियों की ढुलमुल नीतियों से श्रमिकों को बीड़ी कंपनी से पूरा रेट नहीं मिल रहा है। तय किया क आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, असंगठित मजदूरों आदि की समस्याओं को लेकर 09 अगस्त 2024 को जिला मुख्यालय पर धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा।





बैठक में मौजूद टीयूसीसी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

- बैठक कर सुनीं समस्याएं बनाई निस्तारण की रणनीति

हंसराज अकेला ने आश्वस्त किया कि 25 जुलाई को श्रम मंत्री द्वारा बुलाई गी ट्रेड यूनियन की बैठक में श्रमिकों की समस्याओं को रखा जाएगा। इस अवसर पर बैठक में नीरज कुमार जिलाध्यक्ष, प्रेम सिंह, विजय वर्मा, रामनाथ, तौफीक खां, करण सिंह, हरि किशोर, नीरज कुमार गौतम, राजेश कुमार, अमित कुमार चौरसिया, मो. जमाल खान, हर्षित राज, कमलेश कुमार, प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

### पिता-पुत्र समेत चार पर रिपोर्ट

कन्नौज। फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि चंडीगढ़ में नौकरी के दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र के चुरैहिया गांव निवासी राहुल से जान पहचान हुई। दोनों एक दूसरे से बातचीत करते थे। फिर राहुल की शादी के बाद दोनों अलग हो गए। इसके बाद भी राहुल बदनाम करने की धमकी देता रहा। मामले की शिकायत को लेकर पति के साथ गुरुवार को शाम करीब छह बजे राहुल के घर गई। वहां पहुंचते ही उसके परिजन अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर राहुल, नीलू व राहुल के पिता राम सिंह और चाचा ने मारपीट कर उसे व पति को घायल कर दिया। पीड़िता ने शुक्रवार को सदर कोतवाली में तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।



आग बुझाने के तरीके बताते दमकल कर्मचारी। अमृत विचार

### फायर कर्मियों ने आग बुझाने के बताए तरीके

सौरिख,कन्नौज। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने थाने पहुंचकर लोगों को गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद उस पर काबू पाने के के उपाय बताए। डेमो करके दिखाया गया कि थाना सौरिख में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने के बाद महिलाएं घबरा जाती हैं और विस्फोट हो जाता है। इससे बचने के लिए कर्मचारियों ने गैस सिलेंडर में आग लगाकर उसको धैर्य पूर्वक बुझाने के बारे में डेमो कर दिखाया। इस मौके पर कृपानाथ प्रमोद सिंह यादव रणजीत सिंह रजनीश मिश्रा एवं थाने में मौजूद पुलिस बल रहे।

# खुजली का पाउडर डाल करते थे लूट

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** चार माह पहले पशु व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो गैरजनपदीय शातिर अपराधियों को पकड़कर बीस हजार व एक बाइक भी बरामद की। आरोपियों ने खुजली का पाउडर डालकर लोगों का ध्यान भटकाने और इसके बाद घटना को अंजाम देने की बात कबूली है।

पुलिस सटीक सूचना पर बैंक के पास घूम रहे दो संदिग्धों को पकड़ लिया। कोतवाली लाकर जब पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम जनपद कटिहार के गांव नयाटोला निवासी अनूप कुमार पुत्र दीपक व रौतारा निवासी राहुल कुमार पुत्र बाली यादव बताए। पुलिस ने जब कड़ाई की तो बताया कि वह लोग बाइक चोरी कर कर उसी से लूट करते थे।

वह टेंपो या अन्य सार्वजनिक जगह पर बैठकर लोगो के साथ घुल मिल जाते और उनके ऊपर खुजली का पाउडर डाल देते। संबंधित का ध्यान खुजली में भटक जाता और वे सामान पार कर देते थे। चार माह पहले पशु व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना भी कबूल की। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों लुटरे शातिर हैं।

इन पर कन्नौज समेत अन्य जनपदों में मुकदमे दर्ज हैं। यह चोरी या लूट की घटनाओं में चोरी की बाइक का इस्तेमाल करते थे। इनके पास से एक मास्टर चाबी और निशानदेही पर एक बाइक भी बरामद की गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।



पुलिस हिरासत में शातिर अपराधी।

कार्यशाला — ग्राम देवीपुर्वा व जलेसर में 35 किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

# उचित प्रबंधन कर मूंगफली का भरपूर उत्पादन पाएं किसान

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** मूंगफली की खेती खरीफ में फसल के साथ बीज उत्पादन के लिए भी की जाती है। उचित प्रबंधन करके खरीफ में मूंगफली का उत्पादन व किसानों की आय को बढ़ाई जा सकती है। यह बात ग्राम देवीपुर्वा व जलेसर में आयोजित कृषक प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों ने कही।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया, मृदा वैज्ञानिक डा. अरविंद कुमार, डॉ सुशील कुमार तथा डा. अमर सिंह ने विभिन्न विषयों की जानकारी प्रदान की। डॉ. कनौजिया ने बताया कि मूंगफली में जड़ सड़न की रोकथाम के लिए ट्राइकोडरमा 5 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 100 किग्रा सड़ी की खाद में मिलाकर कम से कम सात दिन छाया और हवादार स्थान पर रखने के बाद अंतिम जुताई में खेत में मिला दें।

जड़ सड़न से प्रारंभिक अवस्था में बचाव को कार्बेंडाजिम 02 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से मिलाकर बुवाई करें। डॉ. अरविंद कुमार ने बताया की मूंगफली के भरपूर उत्पादन के लिए 25 से 30 किग्रा गंधक और 20 किग्रा नाइट्रोजन, 40 किग्रा फास्फोरस और 60 किग्रा पोटाश का प्रयोग किया जाना चाहिए।

डॉ. अमर सिंह ने बताया कि मूंगफली की बुवाई के लिए उचित नमी करने से जमाव अच्छा होगा। कम फैलने वाली प्रजाति की बुवाई पंक्ति से पंक्ति 30 सेमी तथा पौध से पौध 10 से पर करे जिसके लिए 100 से 110 किग्रा स्वस्थ बीज की आवश्यकता होगी। फैलाने वाली प्रजाति को पंक्ति से पंक्ति 45 सेमी व पौध से पौध 10 सेमी की दूरी पर करने पर 90 से 100 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होगी।





किसानों को जानकारी देते केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वीके कनौजिया।

### मक्का न जमने पर नोटिस

कन्नौज। छिबरामऊ क्षेत्र के किसान सलाउद्दीन ने बताया कि मार्च में मक्का की बोआई की थी। बीज खरीदने के दौरान दुकानदार की ओर से उसे बिल नहीं दिया गया। खाद, पानी व जोताई में काफी रुपये खर्च करने के बाद भी मक्का अंकुरित नहीं हुई। इसकी शिकायत जिला कृषि अधिकारी से की गई। मामले का संज्ञान लेकर विक्रेता व कंपनी के प्रतिनिधि को नोटिस जारी हुई है। साथ ही एडीओ कृषि कृष्णवीर सिंह की ओर से जांच भी शुरू हो गई है।

### दूसरे दिन तालग्राम में बिके आठ नामांकन पत्र

गुरसहायगंज/ जलालाबाद। ब्लाक जलालाबाद में दूसरे दिन प्रधान पद के लिए 03 व बीडीसी के लिए 02 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। शुक्रवार को ब्लाक तालग्राम के ग्राम तेराजाकेट ब्लाक कार्यालय में आठ नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसमें तालग्राम देहात में प्रधान पद के लिए कुल 07 नामांकन पत्र खरीदे गए जबकि एक नामांकन पत्र क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए बिका। गुरुवार को 10 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई थी। ब्लाक जलालाबाद में दूसरे दिन कुल पांच नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसमें रुदौली में प्रधान पद के लिए तीन और अनौगी द्वितीय में बीडीसी के लिए 01, वीडीसी पद के लिए 01 नामांकन पत्र खरीदा गया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रामऔतार कश्यप पुत्र स्वर्गीय पतराखन, निवासी–12/648 कंचन नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव।** मैं अपने पुत्र सचिन कश्यप जो अपनी पत्नी प्रियंका के साथ परिवार से अलग रहते हैं। इनके अनैतिक कार्यो से मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के चलते अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। बेटे द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेनदेन व कार्यो की जिम्मेदारी उसकी स्वयं होगी। आज से मेरा बेटे से कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2019 का जिसका रोल नंबर 1842648 है और इंटरमीडिएट प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2021 का जिसका रोल नंबर 216497174 वास्तव में कही खो गया है।
**– रूचि शर्मा पुत्री वीरेंद्र कुमार निवासी– ग्राम मोहम्मदाबाद, पो. किशुनदासपुर, कादीपुर, सुलतानपुर**

**सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ANUJ KUMAR AGRAWAL S/O GOPI CHAND AGARWAL था। जो कि आज दिनांक 19–07–2024 से मैने अपना नाम बदलकर ANUJ AGARWAL S/O GOPI CHANDRA AGARWAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
**–अनुज अग्रवाल पुत्र गोपी चन्द्रा अग्रवाल, निवासी– मोहल्ला गुलाम अलीपुरा थाना– दरगाह शरीफ, जनपद बहराइच उ0प्र0**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **शालिनी पुत्री लाखन राजपूत, निवासी– ग्राम श्यामपुर पंजा, थाना हरपालपुर जनपद हरदोई** उम्र लगभग 16 वर्ष दिनांक 13 अप्रैल 2024 की रात को घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं उक्त संबंध में थाना हरपालपुर जनपद हरदोई पर प्राथमिकी संख्या 151/2024 धारा 363 366 आईपीसी पंजीकृत है। जिस किसी को उक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी हो तो **थाना प्रभारी हरपालपुर मोबाइल नंबर 9454403555 व विवेचना अधिकारी उ.नि. माबूद रजा के मोबाइल नम्बर 7897363214** पर सूचित करने का कष्ट करें।

**आवश्यकता है**

**श्री नारायण सिंह महाविद्यालय**
**ककरघटा, शाहाबाद, जिला– हरदोई**
**(सम्बद्धता – लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)**
बी.बी.ए. / बी.सी.ए पाठ्यक्रम
सहा. आचार्य (बी.बी.ए.) 03 पद
सहा. आचार्य (बी.सी.ए.) 03 पद
**शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान– राज्य सरकार / यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रो की प्रमाणित प्रतियो, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।**
**प्रबंधक –9415564041**

**ज्वाला प्रसाद सिंह महाविद्यालय**
**महादेव नगर ,नानेमऊ सुलतानपुर**
**में आवश्यकता है– प्राचार्य पद हेतु।**
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार ।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने अन्दर अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं दो स्वः पता लिखा लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**प्रबंधक**
मो0नं0– 9792630638

कोतवाली, इंडियन बैंक, ठठिया रोड, ब्लॉक समेत कई दुकानों व मकानों में जलभराव, पीड़ितों ने मोटर व पाइप लगवाकर पानी को निकाला

# मूसलाधार बारिश बनी मुसीबत... हर तरफ पानी ही पानी

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। सीजन की पहली तेज बारिश कस्बावासियों के लिए मुसीबत बन गई। शुक्रवार को करीब दो घंटे हुई मूसलाधार बारिश से हर जगह पानी ही पानी हो गया। सरकारी भवन, कार्यालय, निजी मकानों व दुकानों में जलभराव हो गया। कन्नौज-तिर्वा फोरलेन मार्ग पर भी काफी देर तक तालाब जैसा नजारा रहा।

भारी बारिश के चलते कोतवाली परिसर व डम्मरपुर मार्ग पर पानी भर गया। इंडियन बैंक, आदर्श नगर पंचायत व उमर्दा ब्लॉक मुख्यालय के सामने फोरलेन मार्ग पर जलभराव इस तरह हुआ कि यहां कोई स्वीमिंग पुल हो। कन्नौज-तिर्वा फोरलेन मार्ग किनारे दुकानदारों को भी सामग्री भीग जाने से काफी नुकसान हुआ। इसके अलावा करीब चार घंटे तक बिक्री भी प्रभावित हुई। दुकानों व गैरिज में पानी इतना था कि मोटर व पाइप लगाकर उसे निकलवाया जा सका।

फुटवियर दुकानदार प्रकाश अग्निहोत्री ने बताया कि उनकी अंडरग्राउंड मार्केट है। भारी बारिश के चलते उसमें पानी भर गया। दुकानदार देव का कहना है कि दुर्गानगर मोहल्ले में उसका रेस्टोरेंट है, पानी भरने से उसे एक दिन के लिए बंद करना पड़ा। राजू चौरसिया ने बताया कि परचून की सामग्री भींग जाने से काफी नुकसान हो गया। सीएचसी परिसर व बाहर भी जलभराव के चलते मरीजों व तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ी। दूसरी ओर कोतवाली पहुंचने के लिए पुलिस कर्मियों व फरियादियों को पानी में घुसकर समस्या का सामना करना पड़ा।

एक पीड़ित बाइक से गिर गया। उसे लोगों ने सहयोग कर उठाया। बताया गया है कि जलभराव की स्थिति हर साल बनी है लेकिन उससे बचने के उपाय नहीं ढूंढे जाते हैं। नागरिकों का तर्क है कि नालियों बहुत पहले की कम चौड़ाई व कम गहराई की बनी हैं। पानी का निकास सही नहीं है। इसके अलावा सड़क हर एक-दो साल में ऊंची हो जाती है इस वजह से मकान नीचे हो रहे हैं। जब भी बारिश होती है तो भारी नुकसान व मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।



तिर्वा कस्बे के इंडियन बैंक के सामने फोरलेन मार्ग पर जलभराव से गुजरते लोग।



तिर्वा कोतवाली रोड पर जलभराव।



बारिश के पानी में डूबी फसल।                अमृत विचार

### बिजली गिरने से खेत से लौट रहा युवक घायल

- **जलालाबाद, कन्नौज।** ग्राम मल्लाहनपुरवा निवासी सुधीर पुत्र हरिराम शुक्रवार की दोपहर अपने खेत से काम कर घर लौट रहा था। तभी गांव से कुछ पहले काली नदी का पुल पार करते समय बिजली गिरी। इससे पुल के दूसरे छोर पर आ रहा सुधीर चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बिजली गिरने से पुल की बाउंड्री भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### तेज आवाज से सहमे लोग

- **तालग्राम, कन्नौज।** बारिश के बीच कस्बा के पश्चिम ओर बिजली के तेज धमाके से आसपास घरों, स्कूलों व कार्यालयों में मौजूद लोग सहम गये। लोगों ने बताया कि खेत में खड़े पीपल के पेड़ से धुआं भी उठता देखा गया। इससे प्रतीत हो रहा है कि उसी पेड़ पर बिजली गिरी है। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## कल भी बारिश संभव, फसलों पर मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मौसम वैज्ञानिक बोले, समय से बोआई करने वाली फसलों को नुकसान नहीं
- अधिकतम तापमान 32 व न्यूनतम 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा

अमृत विचार। शहर व आसपास के इलाकों में कुछ देर के लिए रिमझिम बारिश हुई। आसमान में काली घटाएं छा गईं। हालांकि बाद में कुछ देर के लिए सूर्यदेव ने भी दर्शन दिए। मौसम वैज्ञानिकों ने 21 व 22 जुलाई को भी भारी बारिश के संकेत दिए हैं। उधर, किसानों का तर्क है कि फसलों को नुकसान होने की पूरी आशंका बन रही है। हालांकि वैज्ञानिकों ने इससे इनकार किया है।

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि 38 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान में करीब पांच-छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने समय से फसलों की बोआई नहीं की है, उनको ही नुकसान हो सकता है। वर्तमान में हो रही बारिश धान, मूंगफली व मक्का आदि खरीफ फसलों के लिए फायदेमंद है। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि अप्रैल में जायद फसलों की बोआई की गई तो नुकसान की संभावना अधिक बन रही है। दूसरी ओर बारिश से पहले इस तरह काली घटाएं छा गईं कि काफी पानी गिरेगा, लेकिन शहर के आसपास उम्मीद से कम बारिश हुई। जब तक बारिश हुई तो गर्मी से लोगों को राहत मिल गई। बारिश के बाद तापमान फिर बढ़ गया और उमस हो गई।

### तिर्वा में फिर गुल हो गई बिजली

- **कन्नौज।** तिर्वा इलाके में बिजली गायब होने के लिए कोई न कोई बहाना ही काफी है। आए दिन कई-कई घंटे के लिए बिजली कटौती होती है। इसके अलावा ट्रिपिंग की समस्या से तो निजात ही नहीं मिल पा रही है। इससे महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों का हाल सबसे ज्यादा खराब है। बारिश, लोड, फॉल्ट व ट्रांसफार्मर में खराबी आदि के नाम पर बिजली गायब हो जाती है। शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे गई बिजली शाम करीब छह बजे तक नहीं आ सकी थी। एक दिन पहले रात में भी कई बार कटौती व मच्छरों से लोग परेशान रहे।

## तालाब में तब्दील हो गया प्राथमिक विद्यालय परिसर

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। झमाझम हुई बारिश से तो लोगों को राहत मिली, लेकिन जलभराव ने समस्याएं खड़ी कर दीं। कई विद्यालयों के परिसर भी तालाब में तब्दील हो गए और बच्चों को स्कूल आने जाने में समस्याएं होने लगी, जिस कारण छुट्टी कर दी गई।

शुक्रवार की सुबह से हो रही बारिश के चलते लोगों को गर्मी से तो राहत मिल गई, लेकिन कई जगह हुए जलभराव से समस्याएं भी उत्पन्न हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिघौली के प्राथमिक विद्यालय परिसर में बरसात के पानी से जलभराव होने से तो तालाब में बदल गया, जिससे इस विद्यालय में पड़ने बाले बच्चों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया। ऐसी स्थिति में विद्यालय से बच्चों की छुट्टी कर दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य दलबीर सिंह ने बताया कि बारिश का पानी परिसर के अलावा कमरों के अंदर तक भर जाने के कारण बच्चों की छुट्टी कर दी गई। इसके अलावा नगर के कई इलाकों में भी पानी भर गया और लोगों को उसमें घुसकर निकलना पड़ गया। लगातार बारिश के चलते के कारण जीटी रोड एन एच 34 प्रेमपुर में माधव नगर रोड पर हुए जलभराव से कई घरों में बरसात का पानी भर गया जिससे लोगों का काफी सामान बरबाद हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर नायब तहसीलदार भरत कुमार क्षेत्रीय लेखपाल गजेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र सिंह ने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया और नायब तहसीलदार ने पीएनसी द्वारा बनाई गई जीटी रोड और सड़क किनारे नाले के संबंध में संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।



छिबरामऊ के मिघौली प्राथमिक स्कूल में भरा पानी।                अमृत विचार

### एक नजर

#### जहर खुरानी का शिकार हुआ युवक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शुक्रवार की सुबह नगर के पूर्वी बाईपास एन एच 34 जीटी रोड के किनारे एक युवक बेहोशी की अवस्था में पड़ा देख स्थानीय लोगों ने उसे एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने युवक की शिनाख्त इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के उधमपुर निवासी मेवाराम के 27 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार के नाम से की। युवक देर शाम तक होश में नहीं आ सका, जिससे अन्दाजा है कि युवक जहखुरानी का शिकार हुआ है। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है।

#### ट्रैक्टर की टक्कर से दो घायल

**छिबरामऊ।** सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी सुरेंद्र सिंह के दो पुत्र नीलू और राहुल बाइक से सौरिख रोड से कहीं गए थे। तभी ग्राम भगवानपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर लगने से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## गंगा स्नान को लेकर प्रशासन अलर्ट

**अषाढ़ी कल**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- स्नान की तैयारियों को लेकर मेहंदीघाट पहुंचे आलाधिकारी
- पुलिस, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटियां लगाईं

अमृत विचार। गुरु पूर्णिमा (अषाढ़ी) व श्रावण माह को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड है। कल होने वाले गंगा स्नानपर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को मेहंदीघाट का निरीक्षण किया। मातहतों के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एडीएम आशीष सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, सीओ सिटी कमलेश कुमार, एसडीएम सदर रामकेश, बीडीओ अमित कुमार आदि ने गंगा तट पर पहुंचकर निरीक्षण किया। तय किया गया कि गंगा स्नान को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर रुट डायवर्जन किया जाएगा। हरदोई मोड़ से मेहंदीघाट वाली सड़क पर पुलिस ने पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए है। एसपी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुलिस बल, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। खोया-पाया केंद्र स्थापित कर क्षेत्र को सेक्टरों बांटा गया है। सभी महत्वपूर्ण स्थलों एवं मार्गो की सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जाएगी।



मेहंदीघाट पर निरीक्षण करते जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल, एसपी अमित आनंद, एडीएम आशीष सिंह, सीओ सिटी कमलेश कुमार, एसडीएम सदर रामकेश आदि।

## पौधरोपण आज, नहीं होगा संपूर्ण समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अब 22 जुलाई को तहसीलों में होगी शिकायतों की सुनवाई
- विशेष सचिव ने जारी किया पत्र, पौधे लगाने को प्राथमिकता

अमृत विचार। महीने के पहले व तीसरे शनिवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है। इसके तहत शिकायतें सुनी जाती हैं लेकिन इस बार 20 जुलाई को बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलेगा। इस वजह से समाधान दिवस अब 22 जुलाई को होगा।

शासन के विशेष सचिव अनिल कुमार ने जारी किए पत्र में कहा है कि 20 जुलाई को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस के तहत शिकायतों को सुनकर निस्तारण करने का समय था, जिसे स्थगित कर 22 जुलाई दिन सोमवार को कर दिया गया है। सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक शिकायतें सुनी जाएंगी। जिले में 20 जुलाई को पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत 39 लाख 69 हजार 159 पौधे रोपे जाएंगे। इसमें जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी शामिल रहेंगे। दूसरी ओर डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर लोगों को पौधरोपण कर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना है। वन विभाग की ओर से 18 लाख 69 हजार 300 पौधे 810 हेक्टेयर जमीन में रोपे जाएंगे। इसके लिए 84 स्थल चयनित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य विभाग मिलकर 5,692 स्थलों पर कुल 20 लाख 99 हजार 959 पौधे लगाएंगे।

### सार-संक्षेप

#### 10 हजार तक के ऑनलाइन उत्पाद की बिक्री पर लगे रोक

**कन्नौज।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने 29 जून को एक कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया था। इस ज्ञापन को मंत्री ने भारत सरकार की वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण व प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना को भेज दिया है। समाज कल्याण मंत्री ने व्यापारी वर्ग को राहत देने के लिए मांगों पर विचार करने को कहा है। इसमें जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को प्रदेश सरकार की ओर से दी जाने वाली दुर्घटना बीमा की धनराशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने की मांग हुई है। प्रदेश सरकार से आयुष्मान कार्ड की तरह व्यापारी आयुष्मान कार्ड बनवाने और 10 लाख रुपये तक परिजनों का इलाज करवाने की सुविधा देने की बात कही गई है। व्यापारियों के लिए पेंशन योजना लागू करने और 60 साल के बाद 15 हजार रुपये प्रति महीने पेंशन देने, बिजली विभाग की तरफ से विशेष यूनिटों में छूट देने, ऑनलाइन व्यापार से प्रभावित मध्यम वर्गीय दुकानदारों के लिए एक रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक के उत्पाद को बिक्री करने में रोक लगाने की मांग हुई है।

#### बिल्हौर विधायक ने समस्याओं के लिए डीएम को लिखा पत्र

**कन्नौज।** तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में समस्याओं को लेकर कानपुर नगर क्षेत्र के बिल्हौर विधानसभा विधायक ने जिलाधिकारी कन्नौज को पत्र लिखा है। शुक्रवार को ग्रामीण पत्र लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे थे। कानपुर नगर क्षेत्र से बिल्हौर विधानसभा विधायक मोहित सोनकर उर्फ राहुल बच्चा ने शुक्रवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को पत्र लिखा। पत्र में बताया कि तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के उमरन ग्राम पंचायत में कई गैर कानूनी कार्य हो रहे हैं। गांव में जगह जगह गंदगी व कूड़े के ढ़ेर लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास का आवंटन मानकविहीन हो रहा है। अमृत सरोवर का काम भी अधूरा छोड़ दिया गया है। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। ग्राम पंचायत उमरन का सरकारी कोटा अनुसूचित जति के नाम का है जिसे प्रधान प्रतिनिधि चला रहे हैं। यह गलत है। बिल्हौर विधायक ने समस्याओं की जांच कराकर समाधान करने को लेकर पत्र लिखा है। शुक्रवार को उमरन गांव के विनोद द्विवेदी, अनुज कुमार, सुमित व प्रियंका, प्रेमा देवी, राधा, मुन्नी, नेहा समेत कई ग्रामीणों ने डीएम दफ्तर पहुंच विधायक के पत्र के साथ प्रार्थना पत्र दिया।

#### निर्माणाधीन स्कूल में मिला श्रमिक का शव

**कन्नौज।** आईटीआई कालेज परिसर में निर्माणाधीन स्कूल के एक कमरे में श्रमिक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के आईटीआई कालेज परिसर में एक अन्य स्कूल के भवन का निर्माण किया जा रहा है। श्रमिक वीरेंद्र ने बताया कि सभी लोग काम के बाद अपने घर चले जाते थे। दिल्ली प्रदेश के सेक्टर तीन साउथ वेस्ट कालोनी निवासी अरुण कुमार पुत्र ओमप्रकाश भी यहां काम करता और यहीं एक कमरे में रहता था। शुक्रवार सुबह जब अरुण को आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। कमरे के खिड़की से देखा तो अरुण जमीन पर लेटा था। काफी आवाज देने के बाद भी वह नहीं उठा। गेट तोड़ कर अंदर गए तो पाया वह मृत था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को मेडिकल कालेज की मोर्चरी हाउस में रखा दिया। वीरेंद्र ने बताया कि तीन दिन पहले वह दिल्ली से काम करने आया था। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



जलालपुर अमरा की गौशाला में झाड़ू लगाते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण।

## परिश्रम से व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं लोग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- समाज कल्याण राज्य मंत्री ने गौशालाओं में की स्वयंसेवा
- कहा, पानी देकर पौधों को जीवित रखा जाए

अमृत विचार। जिलेभर में गौसेवा दिवस मनाया गया। इसके तहत भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने गौशालाओं में पहुंचकर स्वयंसेवा की। मंत्री ने कहा कि परिश्रम से व्यवस्थाओं को अच्छा किया जाए।

ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के जलालपुर अमरा पहुंचे समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सभी गौशालाओं में पहुंचे हैं। उन्होंने जलालपुर अमरा की गौशाला की तारीफ भी की। दूसरी ओर पौधरोपण भी किया। कहा, पौधा लगाना ही मकसद नहीं बल्कि ट्री गार्ड व तार लगाकर देखभाल की जाए। पानी देकर पौधों को जीवित रखा जाए।

मंत्री ने कहा कि गौशाला पशुओं की जेल नहीं बल्कि सेवा का केंद्र हैं। शास्त्रों में भी गौसेवा को श्रेष्ठ माना गया है। पशुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए सरकार ने प्रति पशु खर्च 30 रुपये से बढ़ा कर 50 रुपये कर रखा है। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि गौसेवा करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है।

#### पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने दबोचा

**पुरवा।** 15 दिन पूर्व महिला की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या करने के मामले में वांछित चल रहे पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नगर के मोहल्ला तोपखाना में बीती 4 जुलाई की रात पत्नी हिना की कमरे में पति आसिफ ने दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद वह मौके से फरार हो गया था। जहां मृतका की मां ने दामाद आसिफ के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने हत्यारोपी को पकड़ने के लिए सर्विलांस का सहारा लेते हुए शुक्रवार को पुरवा-मौरावां रोड पर एक विद्यालय के पास से पकड़ लिया और कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार साल पूरे, मनेगा शिक्षा सप्ताह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 22 से 29 जुलाई तक होंगे अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम

अमृत विचार। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के चार साल पूरे हो गए हैं। इसको लेकर परिषदीय स्कूलों में शिक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। 22 से कार्यक्रम शुरू होकर 29 तारीख तक चलेंगे। इस दौरान अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम होंगे।

राज्य परियोजना निदेशक व महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इसको लेकर बीएसए को पत्र भी जारी किया है। इसमें कहा गया है कि प्राथमिक, जूनियर, कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह मनेगा। चौथी वर्षगांठ के मौके पर नई शिक्षा नीति में परिवर्तनकारी सुधारों को लेकर महत्वपूर्ण गतिविधियां कराई जाएंगी। बताया गया है कि शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य शिक्षार्थियों, शिक्षकों के बीच सहयोग और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है। नीति निर्माताओं और शिक्षा क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न हितधारकों की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए एक मंच मिलता है। इन कार्यक्रमों का अनुश्रवण ब्लॉक स्तर पर बीईओ व जिले पर बीएसए की ओर से किया जाएगा।

#### इस तरह होंगे कार्यक्रम

- 22 जुलाई को शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) डे
- 23 जुलाई को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता मिशन डे
- 24 जुलाई को खेलकूद डे
- 25 जुलाई को संस्कृति डे
- 26 जुलाई को स्किलिंग एंड डिजिटल इनीटिएटिवस डे
- 27 जुलाई को इको क्लबस फॉर मिशन लाइफ स्कूल न्यूट्रीशियन डे
- 28/ 29 जुलाई को कम्युनिटी इंवाल्मेंट डे

**आक्रोश** बिजली की समस्या से फसलों को समय से नहीं मिल पा रहा पानी

## ग्रामीणों ने की बिजलीघर बनवाने की मांग

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- लो वोल्टेज व पर्याप्त बिजली न मिलने से परेशान हैं ग्रामीण
- कहा, जब तक मांग पूरी नहीं होती प्रदर्शन करते रहेंगे

अमृत विचार। लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं ने क्षेत्र में बिजलीघर बनवाने की मांग को लेकर दुर्गा देवी मंदिर पर अनशन किया। कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती है प्रदर्शन करते रहेंगे।

क्षेत्र में पर्याप्त बिजली न मिलने से तथा लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं ने शुक्रवार दोपहर दुर्गा देवी मंदिर पर अनशन पर बैठकर प्रदर्शन किया। इसमें शामिल भावलपुर, चपुन्ना, कुंवरपुर, गुलरियापुर, तरिंद, नगला मक्क, कल पचु, रेरी रामपुर, नगला चौधरी, गढ़िया पाह, सहित सहित एक दर्जन गांवों के लोगों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली की समस्या से फसलों में समय से पानी नहीं लग पा रहा। लो वोल्टेज की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। प्रदेश सरकार ने गढ़िया पाह में एक बिजली घर बनवाने की बात कही थी जिसके लिए जमीन देखी जा चुकी है। अभी तक प्रक्रिया आगे न बढ़ने से काम शुरू नहीं हो सका है। जब तक बिजली घर नहीं बनाया जाता है प्रदर्शन करते रहेंगे। इस मौके पर अमिताभ भदोरिया, जितेंद्र सिंह, कल्याण सिंह, रामकृष्ण, परमहंस, भोलेनाथ दुबे, करणवीर सिंह, सुशील तिवारी, कमलेश शर्मा, राकेश कुमार, कमल किशोर, रोशन लाल बाथम, संजीव रहे।



मंदिर परिसर में अनशन पर बैठे ग्रामीण।                अमृत विचार

#### एक लाख से अधिक के बकाये में नौ के कनेक्शन काटे

**कन्नौज।** शहर के चौधरी सराय (अकबरपुर सराय घाघ) मोहल्ले में शुक्रवार को विद्युत विभाग की टीम ने बकाया विद्युत बिल की वसूली को लेकर अभियान चलाया। एक लाख से अधिक के बकायेदारों से बिल जमा करने कहा गया। बिल जमा न करने पर टीम ने नौ उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए। विद्युत विभाग के जेई मोहित यादव ने बताया कि बड़े बकायेदारों के खिलाफ वसूली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है जो 31 जुलाई तक चलेगा। समय पर बिजली बिल जमा न होने बकायेदारों की संख्या बढ़ रही है। विभाग की अन्य टीम भी बकायेदारों के पास जाकर बिल जमा करने का आग्रह कर रही हैं। बकाया जमा न करने पर उपभोक्ताओं का कनेक्शन मौके पर ही काटा जा रहा है।



वैन को हरी झंडी दिखाती बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव।

## पानी की बर्बादी को रोकने के लिए किया जागरूक

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। नमामि गंगे, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के भूगर्भ जल विभाग के द्वारा विकास खंड जलालाबाद में जल संरक्षण, जल की बर्बादी के बारे में जानकारी दी गई।

शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव ने झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया। उन्होने बताया कि कैसे जल की बर्बादी को रोका जा सकता है। जिससे कि आने वाले दिनों में जल का संकट न हो पाए। प्रचार प्रसार के लिए विभाग द्वारा एक एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जल शक्ति मंत्री द्वारा दिए गए सुझाव को आम जनमानस तक पहुंचाया गया। इस मौके पर भूगर्भ जल विभाग के क्षेत्रीय सहायक विनीत निगम, सहायक राम प्रताप रामनरेश, एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव, दीपचंद दीक्षित, मल्लू आदि मौजूद रहे।

# जमीन के विवाद में चाचा ने की भतीजे की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या

## घटना से गांव में दहशत, पुलिस ने 4 लोगों को लिया हिरासत में

संवाददाता बसरेहर, इटावा


राजवीर सिंह।


मौके पर जांच पड़ताल करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के मूंज रम्पुरा गांव में खेत पर जा रहे किसान की उसके चाचा ने जमीन के विवाद को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी । योजनाबद्ध तरीके से 4 आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। हत्या के बाद हमलावर अपनी बाइक व ट्रैक्टर घटनास्थल पर छोड़कर भाग निकले। घटना से गांव में दहशत और परिवार में कोहराम मच गया। घटना के पीछे जमीन का विवाद कारण बताया जा रहा है।

मूंज रम्पुरा के रहने वाले 30 साल के राजवीर सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह शुक्रवार की दोपहर दो बजे अपने घर से खेत पर जा रहे थे। रास्ते में पहले से बाइक व ट्रैक्टर लेकर खड़े गांव के ही चार लोग उनका इंतजार कर रहे थे। राजवीर सिंह जैसे ही गांव से एक किमी दूर बंबा की पटरी पर होकर दर्शन के खेत के सामने पहुंचा, तभी इन लोगों ने घेर लिया और उसके साथ गालीगलौज करने लगे। राजवीर ने विरोध किया तो इन लोगों ने उसके ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। राजवीर सिंह को दो गोली लगी और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास खेतों पर मौजूद गांव के लोग दौड़ पड़े। लोगों को आता देखकर हमलावर अपनी बाइक व ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकले। परिजनों में घटना की जानकारी मिलते ही कोहराम मच गया। कुछ ही देर में चौबिया थाना प्रभारी बेचन सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और छानबीन की। सूचना मिलने पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने परिजनों व गांव वालों से घटना के बाबत जानकारी ली। गांव वालों ने पुलिस को बताया कि चार लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने को अभी तहरीर नहीं दी गयी है।

### लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर की गई हत्या

- एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि चौबिया क्षेत्र में खेत पर जाते समय किसान की उसके चाचा द्वारा लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। हत्या के पीछे जमीन का विवाद बताया गया है। घटना में चार लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। हत्यारों को गिरफ्तार करने के प्रयास किये जा रहे हैं। अभी घटना की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मिर्गी का दौरा आने से किशोर की कुएं में गिरकर मौत

**बकेवर।** लखना में प्राचीन कुएं में झांकने के दौरान मिर्गी का दौरा आने से किशोर की उसमें गिर जाने से मौत हो गई। लखना के आदर्श नगर में रहने वाले राजेश कुमार पाल ने बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा सौरभ पाल उर्फ कल्लू गुरुवार को बकरी चराने ले गया था कि तभी उसे प्यास लगी। वह बंदर वाली बगिया में बने कुएं पर पानी पीने के लिए गया, उसी समय मिर्गी दौरा आने से कुएं में जा गिरा। बगिया में खेल रहे अन्य बच्चों ने सूचना उसके घर आकर परिजनों को दी। काफी लोग मौके पर पहुंचे, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोहल्ला के लोगों की मदद से कुएं में गिरे किशोर को कुएं से बाहर निकलवाकर अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनो में हाहाकार मच गया। बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि कल्लू मिर्गी रोग से ग्रसित था। जिससे दौरा आने से कुएं में गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार करने पर शव परिजनों को दे दिया गया।

# पुरानी पेंशन तथा अन्य मांगों को लेकर नहीं शांत हो रहे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, इटावा


डीआईओएस कार्यालय पर धरना देते शिक्षक। अमृत विचार

- दूसरे दिन भी चलता रहा शिक्षकों का धरना

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगो को लेकर शुक्रवार को दूसरे दिन भी डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया गया। धरने में शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रांतीय मंत्री एवं संरक्षक अरुण कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षकों की मांगों के समर्थन में तथा भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबे शिक्षा विभाग को जड़ मूल से मुक्त कराने को लेकर संघर्ष जारी है।

धरने में जिला मंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि उनकी सेवा सुरक्षा बहाल किए जाने एवं कंप्यूटर अनुदेशकों को पूर्ण कार्य शिक्षक का दर्जा दिए जाने के लिए यह संगठन प्रांतीय आवाहन पर सत्याग्रह आंदोलन शांतिपूर्ण रूप से कर रहा है। जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान ने कहा कि पुरानी पेंशन, एवं तदर्थ शिक्षकों की सवेतन बहाली यथाशीघ्र कराई जाए। संगठन शिक्षको के हितों की रक्षा के लिए सदैव अपनी आवाज इस प्रजातांत्रिक व्यवस्था में उचित माध्यम से समय-समय पर उठाता रहेगा।

कार्यवाहक मंत्री विजय कुमार पटेल ने कहा कि सभी प्रकार के लंबित एरियर्स के निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान एवं एसीपी, चयन व प्रोन्नत वेतनमान समय से मिलने के लिए समयबद्ध सिटीजन चार्टर शिक्षा विभाग में लागू किया जाना चाहिए।

धरने पर बैठने वालों में भोलानाथ तिवारी, तरुण तिवारी, रामविलास साहू, शैलेंद्र कुमार, अनिल कुमार सिंह, अजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुमित नारायण, महेंद्र कुमार, अनंत अवस्थी, रामनरेश सिंह, करण सिंह, सुधीर दुबे, रेणु सेठ, चन्द्रकांति, उमाशंकर, सत्यनारायण पोरवाल, रजनीश कुमार, सतेंद्र दीक्षित, प्रभाष रंजन, शिवपाल सिंह शामिल रहे।


जल बचाने की शपथ लेते कर्मचारी। अमृत विचार

# सचिवों व कर्मचारियों ने ली जल बचाने की शपथ

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** ब्लाक सभागार महेवा में भूगर्भ जल विभाग के आवाहन पर सभी कर्मचारियों, सचिवों को जल बचाने की शपथ दिलाई गई। सभी ने जल बचाने एवं दूसरो लोगों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।

खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह ने कहा कि पानी की एक एक बूंद बचाएं ,घरों में रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत जल का बचाव करने ,पानी एक अनमोल संपदा है। इसे बचाकर हम आगामी पीढ़ी को भी सुरक्षित रख सकते हैं। एमआई चंद्रपाल सिंह ने कहा जल बचाने के लिए घर के लान को कच्चा रखे ,पार्कों में रिचार्ज सिस्टम विकसित करके पानी बचाया जा सकता है । कार्यक्रम को सहायक विकास अधिकारी आई एसबी प्रवीण शाक्य , सहायक विकास अधिकारी कृषि दिलीप कुमार ,समाजसेवी राजेश दुबे ने भी विचार व्यक्त किए ।

वहीं शपथ ग्रहण समारोह में प्रधान लिपिक शैलेंद्र कुमार, सुरजीत सिंह, कुलदीप कुमार, राजीव कुमार, तरुण त्रिपाठी, आदित्य देव सिंह चौहान, नागेंद्र प्रकाश, बब्बू राजा, विनय कुमार, सुशील कुमार, यशवीर सिंह, इंद्र प्रतापसिंह, शिव वीर सिंह, समीउद्दीन खान, सुधीर यादव, गौरव यादव, विजय रत्न, अजय जादौन आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय में बच्चों के साथ मिलकर किया पौधरोपण

**महेवा, इटावा।** महेवा विकास खंड की ग्राम पंचायत उरेंग के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ मिलकर छाव फाउंडेशन की अध्यक्ष मीनाक्षी चौहान ने पौधरोपण किया। इस मौके पर मीनाक्षी चौहान ने बच्चों को बताया कि पृथ्वी पर हम सबको जिंदा रहने के लिए पेड़ों का होना बहुत ही जरूरी है। पेड़ पृथ्वी पर इस तरह होते है जैसे कि हमारे शरीर मे रीढ़ की हड्डी होती है। पेड़ हम सब को ऑक्सीजन देते है और कार्बनडाई आक्साइड लेते है पेड़ जमीन के कटान को रोकते है। हम सब की जम्मेदारी बनती है कि अपनी इस पृथ्वी पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगा कर उनका अच्छे से पालन पोषण करें।

## सर्प के काटने से बच्चे की मौत

**इकदिल।** गांव बुआपुर के गोविंद पंडित का ढाई वर्षीय बेटा लड्डू गुरुवार को दरवाजे पर खेल रहा था तभी सर्प ने काट लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मां दिव्या और बाबा रामनरेश चौधरी के साथ परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल रहा।

# डीसीएम ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- हादसे के बाद चालक डीसीएम को लेकर हुआ फरार

**अमृत विचार।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर विचार पुरा गांव के पास तेजी से आ रही डीसीएम ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीजीआई भेजा गया है।

मोहल्ला फक्कडपुरा निवासी अरमान 22 वर्ष पुत्र मोहम्मद कंपू अपने साथी राम नरेश पुत्र अरविंद व अमन यादव पुत्र श्याम सुदर के साथ बाइक से किसी काम से इटावा आए थे। जब तीनों एक ही बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे तभी विचार पुरा के पास तेजी से आ रही डीसीएम ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों सडक पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने अरमान को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रैफर कर दिया।

### सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**इटावा।** सड़क हादसे में घायल एक युवक की पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के गांव इटगांव निवासी रजनी कांत पुत्र राधा कृष्ण को एक ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयाथा ।उसे इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### बाइक की टक्कर लगने से किसान की मौत

**सैफई, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुरा निवासी किसान को बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने उसे एंबुलेंस से पीजीआई भिजवाया जहां उसकी मौत हो गई। ग्राम मोहनपुरा निवासी किसान कैलाश चंद्र 62 वर्ष पुत्र नेकसेलाल जो कि गुरुवार शाम आठ बजे जसवंतनगर सैफई रोड़ पर उक्त गांव के पास सड़क पर पड़ी मक्का को देखने के लिये गया था तभी जसवंतनगर की तरफ से आ रही बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय निवासियों के सहयोग से एंबुलेंस के माध्यम से पीजीआई भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

**इकदिल।** सात दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान पीजीआई में मौत हो गई। युवक की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। थाना इकदिल क्षेत्र में गांव मुबारकपुर निवासी केवल किशोर का 32 साल का बेटा राहुल कुमार शुक्रवार देर शाम को अपने दोस्त गांव नगला लश्करियान के अमित कुमार के साथ बाइक से इकदिल से अपने घर आ रहे थे। रास्ते में आश्रम के पास उल्टी साइड पर खड़े ट्रक में पीछे से इनकी बाइक टकरा गई। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों को अस्पताल भिजवा दिया था। वहां डॉक्टरों ने राहुल की हालत नाजुक देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज में बेहतर इलाज के रेफर कर दिया था वहां उसका इलाज चल रहा था, गुरुवार देर शाम साढ़े पांच बजे राहुल की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### घरेलू कलह से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान


महिपाल।

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव मुडैना बिबौली में घरेलू कारणों से परेशान होकर अपने घर के कमरे में फंखे के कुंदे में साडी का फंदा बनाकर फांसी लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी महिपाल 28 वर्ष पुत्र ईश्वर दयाल गुरूवार की रात को अपने घर के कमरे में सो रहा था जबकि परिवार के अन्य लोग छत पर सो रहे थे। तभी रात के समय महिपाल ने साडी का फंदा बनाकर कुंदे में डाल लिया और उस पर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब पत्नी नीचे आई तो कमरे में उसका शव लटका देख चीख पडी। उसकी चीख सुनकर पडोस के लोग आ गए ।उसके माँ और पिता गांव में स्थित दूसरे घर में सो रहे थे। जानकारी मिलने वह भी मौके पर पहुंच गए। पिता ईश्वरदयाल आदि ने बताया कि महिपाल मुंबई में प्राइवेट कंपनी में काम करता था,उसकी पत्नी निशा लखना स्थित मायके रह रही थी,पुत्रवधू के मायके वालों के बुलावे पर पुत्र कुछ दिन पहले ही मुंबई से सीधा लखना पहुँचा था,वहां से 16 जुलाई को गांव आया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

### हार्टअटैक से ट्रक चालक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** नवीन गल्ला मंडी के एक आढ़तिया के यहां से ट्रक चालक बलराम सिंह 45 वर्ष निवासी ग्राम भैंसरई थाना वैदपुरा हाल निवास पुरानी शिवपुरी फिजिकल चौकी के पास मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र जाने के लिए मक्के से ट्रक लोड किया। मक्के से भरे ट्रक का बजन कराने के लिए छिमारा रोड स्थित महादेव धर्म कांटा पर ले गया ।धर्म कांटे पर ट्रक चालक बलराम ट्रक लगा ही रहा था। तभी उसकी अचानक सांस उखड़ने लगी और सीने में तेज दर्द होने लगा जिससे वह बेहोश हो गया ।ट्रक परिचालक और धर्म कांटा कर्मचारी ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस ने बेहोश ट्रक ड्राइवर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया ।डाक्टरों ने जांचोंपरांत मृत घोषित कर दिया। सिटी इंचार्ज संत कुमार की सूचना पर परिवारीजन सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### खटखटा बाबा की पालकी यात्रा कल निकलेगी

**जसवंतनगर, इटावा।** रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर खटखटा बाबा की पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है। परंपरागत तरीके से इस बार भी रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी पर बाबा खटखटा की मूर्ति नगर में भ्रमण करेगी। विदित हो कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष खटखटा बाबा की पालकी यात्रा यहां निकाली जाती है जिसका घर-घर श्रद्धालु पुष्प वर्षा व आरती उतार कर स्वागत करते हैं ।अंग्रेजी जमाने में मजिस्ट्रेट की नौकरी को त्याग कर वैराग्य धारण करने वाले बाबा खटखटा के जनपद में ही हजारों की संख्या में अनुयायी है इस कारण गुरु पूर्णिमा के दिन नगर में काफी उत्साह रहता है ।यह पालकी यात्रा रविवार को सुबह 9 बजे से खटखटा बाबा की पवित्र कुटिया से निकाली जाएगी।


इंद्र पूजन करते पुजारी। अमृत विचार

### बरहीपुरा मंदिर में सिद्वचक्र महामडंल विधान, शांतिमहायज्ञ

**इटावा।** शहर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बरहीपुरा में श्री सिद्व चक्र महामडंल विधान एंव विश्व शांति महायज्ञ का चल रहा है। प्रात :काल श्री जी का अभिषेक व इंद्र द्वारा शांति धारा की गई प्रतिष्ठचार्य पं मनीष जैन शास्त्री द्वारा विधान का आयोजन किया गया। जिससे विधान मे सौधर्म इंद्र व इंद्राणी सुरेंद्र जैन पेड़े वाले सरला जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ। पं मनीष जैन ने बताया कि श्री ये सभी विधानो का राजा माना जाता है ।इस विधान से सिद्धों की आराधना होती है । सिद्ध सबसे बड़ा परमेष्टी होते है, सायंकाल श्रीजी की भक्ति संगीत के साथ महाआरती एंव गुरूभक्ति प्रवचन प्रचनमंच आदि किये जाते है। इस विधान विशेष सहयोगी अनूप जैन, खंजाची किशन चंद्र जैन, विनोद जैन, संजू जैन, जिनेन्द्र जैन, अनिल जैन, पकज जैन, बंटी जैन, अरविंद जैन, अभिषेक जैन आदि लोगों का रहा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनोद जैन महामंत्री दिलीप जैन व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली चोरी में 8 उपभोक्ता पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग की ओर से विजिलेंस को साथ लेकर चलाए जा रहे अभियान से हड़कंप मचा हुआ है। शुक्रवार को लाइन पार क्षेत्र में फ्रेंड्स कॉलोनी द्वितीय पचावली के अंतर्गत हाईलाइन लॉस फीडर श्याम नगर में छापामार अभियान चलाया गया तो 8 उपभोक्ता बिजली चोरी करते हुए पाए गए। यह उपभोक्ता अतिरिक्त केवल खींचकर बाईपास करके बिजली की चोरी कर रहे थे। अभियान के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई।

अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री व अवर अभियंता जितेंद्र कुमार की टीम ने श्याम नगर में छापेमारी की और आठ उपभोक्ताओं को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा। इन उपभोक्ताओं पर धारा 135 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। लाइन पार क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान के दौरान जिन आठ उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है उनमें रंजना, विमला देवी, अखिलेश कुमार, बबलू ,रवि कुमार, साधना, सपना तथा जयवीर सिंह शामिल हैं।

अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्र ने कहा है कि आकस्मिक छापामारी का यह अभियान जारी रहेगा और बिजली चोरी करने वालों तथा मीटर के साथ छेड़छाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह वैध कनेक्शन लेकर बिजली का इस्तेमाल करें और कार्रवाई से बचने के लिए बिजली चोरी नहीं करें। इसके साथ ही अपने बिजली के बिल भी समय से जमा करें।

# गोकुल उत्सव की संगीतमय कथा सुनकर नाच उठे भक्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** स्थानीय अशोक नगर में भरथना चौराहे के पास स्थित गुरु पूर्णिमा आश्रम में चल रहे गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत आज पांचवे दिन भागवत कथा के अंतर्गत कानपुर से पधारे आचार्य शशिकांत पांडे ने श्री कृष्णा जन्म और गोकुल उत्सव का संगीत मय ढंग से जब वर्णन किया। उपस्थित श्रद्धालु मस्त होकर नाच उठे। चारों ओर श्री कृष्णा जन्म का आनंद विभोर माहौल दिखाई दिया। आचार्य श्री ने इसके साथ ही बाल लीलाओं के प्रसंग में सकट भंजन माखन चोरी और कालिया मर्दन की कथा सुनते हुए उसके आध्यात्मिक और वैज्ञानिक पक्ष को भी रखा।

कथा रसिक हरिदास विनोद कुमार द्विवेदी के अनुसार रामचरितमानस पर आधारित राम कथा के अंतर्गत सिरसागंज से पधारे आचार्य विजय कुमार शास्त्री ने अरण्यकांड से शूर्पणखा के चरित्र का वर्णन सरल भाषा में किया।

## परशुराम सेवा समिति की बैठक कल

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति की आवश्यक बैठक 21 जुलाई रविवार को प्रातः 10 बजे से प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान में होगी I इस बाबत जानकारी देते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने बताया कि बैठक में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित किए गए समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है ।

**बैठक** संबंधित विभाग के अधीनस्थों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

# विभागों की लापरवाही पर एसडीएम के तेवर तल्ख

संवाददाता जसवंतनगर,इटावा


बैठक करते एसडीएम कुमार सत्यमजीत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माडर्न तहसील में शुक्रवार को सरकार द्वारा चलाई जा रही विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान,दस्तक अभियान और ब्लॉक टास्क फोर्स टीकाकरण कार्यक्रम के क्रियान्वयन और धरातल पर वास्तविक स्थिति को जानने के लिए उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने विभागों की बैठक ली। कई कार्यों में लापरवाही होने पर उनके तेवर तल्ख दिखे और कार्यवाही की चेतावनी दी।

एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने उपस्थित हर विभाग के अधिकारी से अभियान के क्रियान्वयन की जानकारी ली ।यूनिसेफ के अधिकारी इमरान ने बताया कि ग्राम अधियापुर में प्लान के अनुसार साफ सफाई नही हुई। जिस पर उपजिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए एडीओ पंचायत देवेंद्र पाल सिंह से कहा कि ग्राम सचिव से स्पष्टीकरण लें और कार्रवाई करें। इसी तरह दस्तक अभियान की मॉनिटरिंग में आशा बहुओ के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्तियो की विजिट 40 प्रतिशत पाये जाने पर आईसीडीएस विभाग की सीडीपीओ उमा को निर्देशित किया कि कर्तव्य के प्रति स्थिलता बरतने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को चेतावनी पत्र जारी करे ।स्वास्थ्य विभाग से मौजूद सीएचसी अधीक्षक डॉ सुशील कुमार से कहा कि वो सुनिश्चित करें सभी आशाएं दस्तक अभियान में घर घर भ्रमण करें ।एसडीएम ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और शिक्षा विभाग से उम्मीद जताई कि प्रतिदिन संचारी अभियान पर बच्चों और अभिवाभकों को जागरूक करते रहें। बैठक में पंचायती राज विभाग, आईसीडीएस विभाग,शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ से अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेले में श्रद्धालु महिलाएं जेवरात पहन कर न आएं

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- जिलाधिकारी ने ब्रह्माणी देवी मंदिर मेला परिसर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने ब्रह्माणी देवी मंदिर पहुंचकर वहां गुरुपूर्णिमा के अवसर में आयोजित होने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने गुरुपूर्णिमा पर मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मेले की सुरक्षा व्यवस्था व मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने स्थानीय पुलिस प्रशासन से कहा कि मेले में पूरी तरह चौकसी वरती जाए तथा वाहनों पर कोई भी सवारी लटकती हुई दिखाई न दे संदिग्धों पर भी नजर रखी जाए। अधिकारियों ने मेला में आने वाले दर्शनार्थियों से अपील की है कि मेले में आने वाली श्रद्धालु महिलाएं जँजीर या अन्य कोई जेवरात पहन कर न आएं क्योंकि ऐसी जगहों पर हादसे होने की संभावना रहती है। मेले में वनाये गए सभी पॉइन्ट पर तैनात महिला और पुरूष आरक्षियों को चैक किया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात मेला प्रभारी सहित सभी पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिये कि ट्रैक्टरों में सवारियां लाने वाले लोगों को हिदायत भी दी इस दौरान एडीएम अभिरंजन श्रीवास्तव, एसडीएम कुमार सत्यम जीत व बलरई निरीक्षक अमित मिश्रा रहे।

जनता कालेज, बकेवर (इटावा)

आवश्यकता है-

**प्राध्यापक**-स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत यू.जी.सी. अर्हताधारक अभ्यर्थी- बायोटेक्नोलॉजी-1 पद, कम्प्यूटर विज्ञान-1 पद, एग्रोनोमी-2 पद एवं रसायन विज्ञान-2 पद ।

**वेतन योग्यतानुसार-**

आवेदन पत्र कालेज कार्यालय से रु. 550/- नकद जमाकर प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे आवेदन फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 11 अगस्त, 2024। रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है

**साक्षात्कार तिथि की सूचना टेलीफोन से दी जायगी।**

**प्राचार्य**

# बारिश होते ही स्कूल के अंदर क्लास तक भर गया पानी

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- दीवार फांद कर अंदर पहुंचे मास्टर साहब व बच्चे
- हर बारिश में यही हाल रहता कोई ध्यान नही दे रहा

**अमृत विचार।** अजीतमल कस्वा क्षेत्र में लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद तेज बारिश के चलते क्षेत्र के कई स्कूल जलभराव की वजह से तालाब जैसी स्थिति बन गई है। बारिश का पानी विद्यालय परिसर समेत क्लास के अंदर तक घुस गया। विद्यालय का मुख्य गेट जाम होने से शिक्षक और बच्चों को दीवार फांदकर विद्यालय के अंदर पहुंचना पड़ा।

ब्लॉक खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय गोहानी खुर्द और प्राथमिक विद्यालय अमावता में विद्यालय का प्रांगण बहुत नीचा है। जिसके चलते जब भी वारिश होती है पानी विद्यालय परिसर समेत कभी कभी कक्षाओं तक पहुंच जाता है। आपको बता दे कि उच्च प्राथमिक विद्यालय का परिसर गांव के मुख्य रास्ते से नीचा होने के कारण थोड़ी सी वारिश में गांव की नालियों का गंदा पानी विद्यालय प्रांगण में एकत्रित हो जाता है। जो कई दिन तक भरा रहता है। इस जलभराव से विद्यालय का मुख्य गेट जाम हो जाता है। शिक्षक दीवार फांदकर विद्यालय पहुंचते है। जल भराव से मच्छर का प्रकोप का खतरा अधिकतर छात्रों में बना रहता है। वही विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक शैलेश गुप्ता ने बताया कि विद्यालय का मुख्य गेट बरसात भर जाम रहता है,और पानी पूरी बरसात प्रांगण में भरा रहता है। जबकि विद्यालय को ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडेय और पीडब्ल्यूडी के जेई द्वारा गोद लिया हुआ है। अभी तक किसी के द्वारा समस्या का समाधान नहीं कराया गया है।। वही अभिभावक संजय बाबू और अरविंद सिंह का कहना है, कि विद्यालय में जलभराव से मच्छर पनपने की वजह से बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। बच्चों को स्कूल भेजने में डर सा रहता है।



स्कूल के अंदर भरा बरसात का पानी। अमृत विचार

## नालियां चोक होने से सड़क लबालब

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नगर में अधिकतर नालियां चोक होने से जगह- जगह जलभराव हो गया है। सड़कों पर पानी भरे होने से राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि नगर पंचायत द्वारा बारिश से पहले पूरे नगर में नाले नालियों की सफाई कराई गई थी लेकिन बारिश होने के साथ ही सफाई व्यवस्था दम तोड़ती नजर आ रही है। शुक्रवार को लोहिया नगर में जलनिगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही थी उसी के लिए खुदाई करते समय पुरानी पानी की पाइप क्षतिग्रस्त हो गई जिससे सड़क पर कई घंटे पानी बहता रहा वहीं दूसरी ओर इंद्रा नगर वार्ड भी जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने का किया जा रहा जिससे वहां भी सप्लाई के पानी की लाइन टूट जाने से पिछले दो दिन से सड़को पर पानी बह रहा जिससे राहगीरों का निकलना दुश्वार है।


इन्द्रानगर में जल निगम द्वारा खुदाई के दौरान लीकेज से भरा पानी


लोहिया नगर में भरे पानी से निकलती छात्रा। अमृत विचार

शास्त्री नगर, नेहरुनगर वार्डों में कई जगह सड़कों पर पानी भर जाने से लोगों को काफी दिक्कतें हुई। वहीं रामकृष्ण नगर और आजाद नगर समेत कई वार्डों में भी जलभराव से लोगों को जूझना पड़ा। इस सम्बध में लोहिया नगर की सभासद ममता देवी ने बताया कि वार्ड में कई जगह नालियां ओवर फ्लो होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। वहीं रामकृष्ण नगर के सभासद राजीव शर्मा ने बताया कि उनके वार्ड में पहले से ही जलभराव की समस्या थी लेकिन अब जल निगम द्वारा अंडर ग्राउंड पाइप लाइन डालने से जगह जगह पानी की लाइन लीकेज और नालियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिससे हालात बदतर हो गये हैं। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन से जलनिकासी व्यवस्था को दुरस्त कराने की मांग की है।

# 40 रुपये की दाल को लेकर वृद्ध को पीट-पीट कर मार डाला

### बीच बचाव कर रही वृद्ध भाभी से भी की मारपीट ,गांव में तनाव को देखते हुए लगाई गई फोर्स

संवाददाता फफूंद,औरैया

- गांव के ही एक दबंग युवक से बाजार से दाल मंगाना महंगा पड़ गया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक वृद्ध को गांव के ही एक दबंग युवक से बाजार से दाल मंगाना महंगा पड़ गया।शाम तक दाल न पहुंचने पर वृद्ध ने जब उसके घर जाकर जानकारी की तो दबंग और उसके भाइयों ने वृद्ध के साथ मारपीट की और सिर में डंडा मार दिया जिससे वह गंभीर घायल होकर बेहोश हो गया। ग्रामीण एंबुलेंस से उसे 100 शैय्या अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पुत्र ने हत्या की तहरीर दी है। वृद्ध की मौत से गांव में तनाव देखकर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।


रामसेवक।

थाना क्षेत्र के गांव रोशनपुर निवासी 65 वर्षीय राम सेवक अपने घर पर अकेला रहता था। पत्नी की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है। उसके चार पुत्र हैं जो गुरुग्राम में मजदूरी करते हैं। गुरुवार शाम गांव का ही उसका पड़ोसी युवक विनोद कुमार पुत्र अहवरन सिंह बाजार करने फफूंद जा रहा था। रामसेवक ने उसे 40 रुपए देकर बाजार से दाल लाने की कहा। देर शाम तक दाल न आने पर रामसेवक उसके घर पहुंच गया तो देखा कि वह शराब पिए पड़ा है। उसने दाल मांगी तो विनोद गाली गलौज करने लगा जिसका रामसेवक ने विरोध किया तो विनोद उसका भाई रेनू उर्फ मनोज कुमार और आदेश कुमार ने वृद्ध को लात घूंसो से मारने लगे। मारपीट के दौरान ही विनोद ने उसके सिर पर डंडा मार दिया। जिससे वृद्ध बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। मारपीट के बाद भीड़ आती देख आरोपी भाग निकले। आनन फानन परिजन ग्रामीणों के सहयोग से वृद्ध को एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल ले गए जहां चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की भाभी वृद्धा राम बेटी ने बताया की दबंगों की मारपीट से देवर को बचाने के लिए वह पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। सूचना पर अजीतमल सीओ राम मोहन शर्मा,थानाध्यक्ष फफूंद गंगादास गौतम भी फोर्स के साथ पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। जब तक सभी आरोपी भाग निकले थे। शुक्रवार सुबह मृतक के पुत्र थाने पहुंचे और तीनों आरोपियों के खिलाफ पिता की हत्या किए जाने की तहरीर दी।जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव में तनाव देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात है। सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा ने बताया की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## वजनी लोहा गिरने से रीढ़ की हड्डी टूटी, श्रमिक की मौत

संवाददाता फफूंद औरैया

- गेल पाता में काम करा रही कंपनी पर इलाज न कराने का आरोप

**अमृत विचार।** गेल पाता की एक कंपनी में हेल्परी का काम करने वाले एक श्रमिक पर कार्य के दौरान ऊपर से लोहा गिर गया,जिससे श्रमिक की रीढ़ की हड्डी टूटने से वह गंभीर घायल हो गया था।

शुक्रवार को श्रमिक की मौत हो गई।परिजनों ने कंपनी पर इलाज न कराने का आरोप लगाया परिजनों की मांग पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव बेहारी निवासी 50 वर्षीय सतेंद्र कुमार गेल पाता में इंडस्ट्रियल क्वालिटी इंजीनियरिंग में हेल्परी का कार्य करता था। छोटे भाई राघवेंद्र ने बताया की 5 जुलाई 2023 को उसके भाई कंपनी में ड्यूटी कर रहे थे तभी ऊपर स्ट्रक्चर से भाई के ऊपर बजनी लोहा गिर गया जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई और वह गंभीर घायल हो गए। कंपनी ने उनके पूरे इलाज का भरोसा दिया और अस्पताल ले गए जहां एक महीने इलाज चलता रहा।बताया की कंपनी के घर पर भी इलाज कराने की कहने पर वह भाई को घर ले आए जहां दो तीन माह इलाज कराया उसके बाद इलाज कराने से हांथ खड़े कर दिए।जिसकी शिकायत उसने गेल प्रशासन और कंपनी के बड़े अधिकारियों से भी की लेकिन कोई सुनवाई नही हुई मजबूरी वश परिजन इलाज कराते रहे। पैसे के अभाव में सही इलाज न मिलने से शुक्रवार सुबह भाई की मौत हो गई,भाई की मांग पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के परिजनों और पत्नी पूजा का रो रोकर बुरा हाल था मृतक की दो पुत्रियां रूही 7 वर्ष,अवनी 6 वर्ष और एक पुत्र देव 2 वर्ष है। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रीति कुमारी पति आनंद कुमार के साथ मृतक के घर पहुंची और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## मांग लिए रिजर्वेशन के पैसे थाना प्रभारी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- समाज कल्याण विभाग मंत्री असीम अरुण ने संज्ञान लिया

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र के बर्रुकुलासर निवासी मुस्कान पुत्री सिपाही लाल अपने घर से 29 मई को गायब हो गयी थी। जिसकी गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र थाना बेला में उनके पिता सिपाही लाल ने दिया था। जिस पर तत्कालीन थाना प्रभारी ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब डेढ माह बाद गायब हुई लड़की का वीडियो 17 जुलाई को सोशल मीडिया इंटरनेट पर प्रसारित होने पर वीडियो में बताया गया कि वह पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में है।मामले की जानकारी पर परिजनों ने थाना प्रभारी बेला को सूचना दी। परिजनों ने आरोप लगाया की थाना प्रभारी बेला जय प्रकाश पाल द्वारा पश्चिम बंगाल जाने और वहां से लड़की बरामद करने के लिए ट्रेन का रिजर्वेशन करने के लिए 4 हजार की मांग की गई। परिजनों ने मामले की जानकारी बेला निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी त्रिवेदी को दी। जेपी त्रिवेदी द्वारा समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण को मामले से अवगत कराया गया। समाज कल्याण विभाग मंत्री असीम अरुण द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस कप्तान औरैया से शिकायत की गई। जांच में दोषी पाए जाने पर तत्कालीन बेला थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल पर लाइन हाजिर की कार्रवाई की गई।

## प्राचीन शिव मंदिर से पीतल के 2 घंटे चोरी

**ऐरवा कटरा,औरैया।** थाना क्षेत्र के समायन गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में लगे पीतल के दो भारी घंटे गुरुवार को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए।शाम को आरती करने पहुंचे पुजारी और ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई।जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

शिव मंदिर के पुजारी समायन निवासी अतुल त्रिपाठी ने शुक्रवार को थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गुरुवार सुबह मंदिर में पूजा करने के बाद घर चले आए थे।इसी बीच दोपहर के समय किन्ही अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में लगे पीतल के घंटों में जो दो घंटे अधिक वजन के थे और लोहे की जंजीर से लटके हुए थे उनकी जंजीर काटकर चोरी कर लिए।जब मंदिर के पुजारी गुरुवार शाम को मंदिर में आरती करने पहुंचे तब मंदिर के घंटे चोरी होने की जानकारी हुई।

# बिजली कटौती बंद कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** अछल्दा नगर पंचायत के समाजसेवियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध की जा रही अघोषित बिजली कटौती बंद कराने को लेकर क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपा है। विधायक ने समाजसेवियों को जल्द समस्या के निराकरण करने का भरोसा दिया है। दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अछल्दा नगर पंचायत के समाजसेवियों ने शुक्रवार को क्षेत्रीय सपा विधायक प्रदीप यादव को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि अछल्दा नगर पंचायत में 24 घंटे में बिजली कटौती ढाई घंटे निर्धारित है किंतु इसके बावजूद अछल्दा विद्युत उपखंड के अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध बड़े पैमाने पर अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि अघोषित बिजली कटौती के चलते व्यवसाय भी चौपट हो रहा है ऐसे में जल्द बिजली आपूर्ति सुचार रूप से कराई जाए। समाजसेवियों की शिकायत पर सपा विधायक प्रदीप यादव ने जल्द विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता कर बिजली कटौती बंद करने का भरोसा दिया है।


विधायक प्रदीप यादव को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी। अमृत विचार

### विधुत विभाग की लापरवाही से 50 घरों की बिजली बाधित

**अछल्दा,औरैया।** कस्बा के हरी गंज बाजार मे गुरुवार रात को लगभग डेढ़ बजे एक फेस चला गया।जिससे हरी गंज बाजार के लगभग 50 घरों की सप्लाई बाधित हो गई। फेस जाने की सूचना बिजली कर्मचारी पावर हाउस पर एसएसओ यशवीर को दी गई।यशवीर ने कहा कि लाइन मेन आ रहा है अभी सही हो जाएगी।लगभग 1 घण्टे बीतने के बाद भी जब लाइन मैन नही पहुंचा तो उपभोक्ताओं ने दोबारा शिकायत की।लेकिन फिर भी कोई कर्मचारी नही आया।भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को जूझना पड़ा। सुबह 8 बजे लाइन मेन ने आकर फेस को सही किया और 50 घरों की सप्लाई शुरू हो सकी। एसडीओ अरविंद गौतम ने बताया कि फाल्ट की वजह से कुछ घरों की लाइट बाधित हुई थी सुबह ठीक करा दी गई थी।

**जागरूकता** लोकनृत्य, गीत, नुक्कड नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित होगी

# जल संरक्षण के लिए करेंगे जागरुक

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** 16 से 22 जुलाई तक सम्पूर्ण जनपद में भूजल सप्ताह कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इस वर्ष का मुख्य विचार बिंदु जल संरक्षण का करो प्रयास-जल ही है जीवन की आस रखा गया है। जिस पर उक्त आयोजन केन्द्रित रहेगा। मुख्य सचिव उ.प्र. शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

सप्ताह के अन्तर्गत विकास खण्डवार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत परिचर्चा एवं संवाद, निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग,लोकनृत्य,कठपुतली का प्रदर्शन, लोकगीत, नुक्कड नाटक, पोस्टर , होर्डिंग्स,वैनर प्रदर्शन इत्यादि, प्रदर्शनी मेला उत्सव आदि का आयोजन किया जाएगा। साथ ही पद यात्राओं रैलियों, संगोष्ठियों, साइकिल परेड, फिल्म, वृत्त चित्र, स्लाइड शो, आकाशवाड़ी, रेडियों कार्यक्रम, दूरदर्शन के माध्यम से भूजल संरक्षण के संदेश प्रसारित किए जाएंगे।


विकास खंड में कर्मचारियों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

वर्षा जल संचयन एवं भूजल सम्वर्धन से सम्बन्धित योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण यथा सम्भव क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों द्वारा उक्त अवधि में कराया जायेगा। भू जल सप्ताह के परिप्रेक्ष्य में विकास खण्ड स्तरीय, तहसील स्तरीय, जनपद स्तरीय गोष्ठियों के आयोजन एवं विभिन्न प्रतियोगिता कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को दायित्व सौपें गयें है जिनके द्वारा अपने अपने निर्धारित स्थान पर कार्यक्रम आयोजित कराए जायेंगे।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण निकला हैंगिंग

**अछल्दा,औरैया।** बुधवार शाम करीब 4 बजे पुराना अछल्दा निवासी सुमन देवी पत्नी संगीत कुमार उम्र 21 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी महिला का पोस्टमार्टम होने के बाद गुरुवार शाम को पुलिस की देखरेख में मृतक महिला का अंतिम संस्कार हुआ।

उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत की वजह हैंगिंग बताया गया है। विदित हो कि बुधवार को महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसको पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के सहयोग से शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मौके पर पहुंचे मृतक के पिता रामौतार ने बताया था कि घटना वाले दिन सुबह करीब 7 बजे बेटी से बात हुई थी उसके बाद शाम 4 बजे दामाद ने फोन कर बताया कि तुम्हारी बेटी ने फांसी लगा ली।

# पत्थर मारने वाले पिता पुत्र को 4 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- 17 वर्ष पुराना अजीतमल थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार।** थाना अजीतमल क्षेत्र के ग्राम चिटकापुर में 17 वर्ष पहले पारवारिक रंजिश को लेकर ईंट-पत्थर फेंक कर दो लोगों को चोटिल करने की घटना के दोषी चंद्रभाान व श्रीपति को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम विकास गोस्वामी ने चार साल की सजा से दंडित किया है। उन पर सात-सात हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया।

अभियोजन की ओर से इस मामले की पैरवी कर रहे एडीजीसी चंद्रभूषण तिवारी ने बताया कि ग्राम चिटकापुर निवासी वादी नाथूराम ने थाना अजीतमल में मामला पंजीकृत कराया। वादी ने तहरीर दी कि 27/28 मई 2007 को उसकी पुत्री की शादी थी। उसके घर पर जैसे ही बारात आई वैसे ही कुछ पारवारिक रंजिश को लेकर चंद्रभान व उसके पुत्र श्रीपति ने गाली गलौज करते हुए छत पर चढ़ आए और आंगन में बहन बेटी पर ईंट पत्थर फेंकने लगे। जिससे वादी के पुत्र सत्यप्रकाश के सर में ईट लग गई और उसकी बहन उषा के हाथ में ईंट लगी। जिससे उसे काफी चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर विवेचना की व दोनों के विरूद्ध चार्जसीट प्रस्तुत की। यह मामला अपर सत्र न्यायाधीश विकास गोस्वामी की कोर्ट में निर्णीत हुआ। अभियोजन की ओर से एडीजीसी चंद्रभूषण तिवारी ने कठोर दंड देने की बहस की। एडीजे विकास गोस्वामी ने दोषी चंद्रभान व उसके पुत्र श्रीपति को चार चार साल के कठोर कारावास से दंडित किया।

## सार-संक्षेप


जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी को ज्ञापन देते जन जागरण समिति के पदाधिकारी।

### एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने के लिए दिया ज्ञापन

**ककोर औरैया।** एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने की मांग को लेकर दिए जाने वाले ज्ञापन के क्रम में जन जागरण समिति द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित 71वां ज्ञापन शुक्रवार को जिला मुख्यालय ककोर पर , जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत लिखाए गए फर्जी मुकदमों की जांच कराए जाने तथा फर्जी मुकदमा लिखा कर प्राप्त की गई सरकारी धनराशि की वसूली कराए जाने की मांग की गई है।जन जागरण समिति के प्रदेश संयोजक महेश पांडे ने बताया कि जब तक एससी एसटी एक्ट में इसका दुरुपयोग रोके जाने के लिए संशोधन नहीं हो जाता तब तक हर महीने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया जाता रहेगा।इस अवसर पर महेश पांडे,भानु प्रकाश निषाद,प्रवीण पालीवाल,श्याम बाबू शर्मा,राम नाथ त्रिपाठी, सुरेश सिंह राजावत, राम कृपाल दीक्षित,सुरेश सिंह राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त माता–पिता की इच्छा के, विरुद्ध प्रेम विवाह करने वाले लड़के और लड़कियों की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष किए जाने तथा प्रेम विवाह के लिए माता–पिता की अनिवार्य सहमति किये जाने की मांग को लेकर माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित 21वां ज्ञापन भी सौंपा गया।जन जागरण समिति के संरक्षक श्री राम रतन पाल के 15 जुलाई को आकस्मिक निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए एक शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते जिलाधिकारी एवं एसपी। अमृत विचार

### मेधावी छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**बिधूना,औरैया।** ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के सीबीएसई बोर्ड 2024 परीक्षा में 90% से अधिक अंक पाने वाले कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियो को जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी एवम पुलिस अधीक्षक चारु निगम द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ और अधिक मन लगाकर पढ़ने को प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षित होने के साथ संस्कारित होने को कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी , उप जिला शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद थे।इस अवसर पर दसवीं कक्षा के शिवांश,श्रद्धा,अमन,तनुष्का, शालू को सम्मानित किया गया जबकि 12 वीं कक्षा की नन्दिनी दिव्यांशी शर्मा अदिति सिंह को सम्मानित किया गया। डीएम एसपी से सम्मानित होकर छात्र–छात्राएं फूले नहीं समाए।



रैली को हरी झंडी दिखाती अध्यक्ष संध्या अवस्थी। अमृत विचार

### जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली ने निकाली रैली

**औरैया।** जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली ने शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर में कोर्डिनेटर पूनम पोरवाल के नृतत्व में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली। जिससे बच्चों तथा उनके माता पिता को जागरूक किया जा सके और वह अपने बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करे और भेजे जिससे वह शिक्षित नागरिक बन सके। रैली को अध्यक्ष संध्या अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चो ने रैली में नारे लगाए तथा स्लॉगन बोले,, पढ़ी लिखी लड़की रोशनी घर की, रैली स्कूल से निकल कर सहायल रोड तक गई।जिसमें जायंट्स सहेली यूनिट डायरेक्टर प्रीती पोरवाल, फेडरेशन ऑफीसर रेनू सिंह, डीओए डॉ सपना गुप्ता, डीओएफ रोली गुप्ता, संरक्षक वीना गुप्ता, राधा वर्मा, अर्चना पोरवाल, सुधा भारती आदि सभी सहेलियां व स्कूल स्टाफ ने रैली को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया।



एडीएम एमपी सिंह हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते। अमृत विचार

### आवासीय आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए होमगाड्र्स रवाना

**औरैया।** एडीएम ( वि/रा) महेंद्र पाल सिंह ने जनपद के 53 होमगाड्र्स का 12 दिवसीय आवासीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में होमगार्ड को भूकंप, बाढ़, गैस लीक, किसी भी प्रकार की इमरजेंसी आदि के दौरान किस प्रकार लोगों का बचाव किया जा सकें से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षित होमगार्ड विभिन्न आपदाओं के दौरान कुशल आपदा प्रतिक्रिया एवं आपदा पूर्व तैयारी पर आम जनमानस के मध्य समुदाय स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करेंगे ।होमगार्ड का प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा 20 जुलाई से 31 जुलाई तक कराया जाना निर्धारित है। इस अवसर पर जिला होमगार्ड कमांडेंट सहित सीआरएएसीआरए, आपदा विशेषज्ञ आदि मौजूद रहें।

### खेत जा रहे युवक की करंट लगने से मौत

**बिधूना औरैया।** कुदरकोट के गांव गोपियापुर निवासी रमेश चंद का 43 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार गुरुवार को अपने खेतों पर धान की पौध लगाने के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते मे घर से कुछ दूरी पर लगे एक विद्युत पोल के पास लगे स्टे वायर ने अवधेश को अपनी चपेट में ले लिया, अवधेश कुछ समझ पाता, उससे पहले ही करंट से वह जमीन पर गिर पड़ा,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहां से निकल रहे लोगों ने जब यह देखा तो अवधेश के स्वजन को सूचना दी। सूचना पर पहुचे स्वजन ने गांव के लोगों की मददम से शव को उठाया, अवधेश की मौत की सूचना पर गांव के भीड़ जमा हो गई। स्वजन द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पहुचकर पुलिस ने मामले की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुदरकोट विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता मोहित रस्तोगी ने बताया कि मौके पर लाइनमैन को भेजा गया था, लाइनमैन ने छूकर देखा तो स्टे वायर में कोई करंट नही था। मौत किस कारण हुई है यह जांच की जा रही है।

### दोस्त ने शराब में मिलाकर पिलाया जहर , हालत गम्भीर

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के लालपुर बोडेपुर में दोस्तो ने शराब मे कुछ मिला कर पिला दिया। लेकिन शराब पीने के बाद हालत गम्भीर होती चली गई। सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने रेफर कर दिया। गुरुवार की देर रात बोडेपुर निवासी अनिल के पिता श्रीकृष्ण ने आरोप लगाया कि सुभानपुर गांव के दोस्तो ने बुलाकर शराब मे कोई जहरीली दवाई मिला कर पिला दी। जिससे रात तबीयत बिगड़ गई और गांव में बेहोशी हालत में पड़े देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर गौरव ने चिचौली रेफर कर दिया।

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति में मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

## संपादकीय

# रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

> मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्तेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढ़ा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेज से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरर्ल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरर्ल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

> मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकाड्र्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकाड्र्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

## प्रसंगवश

# पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

# चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

> प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा का उद्देश्य

> विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। -फेसबुक वॉल से

# जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए? प्राथमिकताआओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

# धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ. भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

# धुआंधार बिजली कटौती के विरोध में धरने पर बैठे सदर विधायक

## एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था दुरुस्त करने का अल्टीमेटम

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** जिले में बेतहाशा बिजली कटौती, लो वोल्टेज और बिजलीकर्मियों पर निरंकुशता का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान समर्थकों के साथ अधिशासी अभियंता कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। इसके पूर्व उन्होंने समर्थकों के साथ ट्रैफिक चौराहे से कार्यालय तक जुलूस भी निकाला। सपा विधायक ने कहा कि एक सप्ताह में बिजली व्यवस्था दुरुस्त न हुई तो चक्का जाम किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि जिले में लगभग एक माह से शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली का संकट गहराया है। पूरे दिन में लगभग चार घंटे ही आपूर्ति मिलती है। रात-रात भर बिजली गुल रहती है। इससे जनाक्रोश बढ़ रहा है। ऊर्जा मंत्री और अधिकारी 18 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करते हैं। अधिकारी कागजों में आपूर्ति कर रहे हैं।



धरने को संबोधित करते सदर विधायक। अमृत विचार

बिजली संकट से पेयजलापूर्ति भी प्रभावित हुई है। बिजली न रहने से अंधकार में जहरीले कीड़ों के काटने से कई लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी उन पर कोई असर नहीं है। बिजलीकर्मी आम जनता तो दूर, जनप्रतिनिधियों का भी फोन नहीं उठाते। उमस भरी भीषण गर्मी में लोग बीमार पड़ रहे हैं। सदर विधायक ने बताया कि उनसे नवागंतुक अधीक्षण अभियंता ने आपूर्ति सुचारु करने में 15 दिन का समय मांगा।

इस पर उन्होंने एक सप्ताह के अंदर बिजली आपूर्ति सुधारने के निर्देश दिए। बताया कि शनिवार को वह बिजली विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक करेंगे। अगर स्थिति काबू में नहीं आई तो चक्का जाम करने पर मजबूर होना पड़ेगा। धरना-प्रदर्शन लगभग डेढ़ घंटे चला।

### वसूली का लगाया आरोप

इस दौरान सदर विधायक ने बिजलीकर्मियों पर अवैध वसूली का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिले के कई अवर अभियंता और संविदाकर्मि वसूली में लगे हैं और मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। छोटी से छोटी बिजली चोरी में गरीबों की एफआईआर करा दी जाती है।

### घटिया ट्रांसफार्मर से दिक्कत

विधायक ने कहा कि अगर कहीं ट्रांसफार्मर फुंका तो फिर पूरे गांव के लोगों के बिल जमा कराने के बाद ही बदले जाते हैं। स्टोर में आए ट्रांसफार्मर इतने घटिया हैं कि तीन दिन में फुंक जाते हैं।

### पैसा जमा होने के बाद भी सामग्री नहीं

अनिल ने कहा कि जिले के सैकड़ों किसानों ने उनको बताया कि निजी ट्यूबवेल के बिजली कनेक्शन का पैसा जमा होने के बाद भी उनको सामग्री नहीं उपलब्ध कराई जा रही। विधायक निधि के भी ट्रांसफार्मर, पोल और तार नहीं लगाए गए। विधायक ने अधीक्षक अभियंता को कई निर्देश दिए।

# नाबालिगों को यातायात नियमों के पालन की दी गई नसीहत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● सेंटमैरी स्कूल में विशेष जागरूकता अभियान

**अमृत विचार।** यातायात पुलिस द्वारा पूरे जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सेंटमैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मंडलीय मास्टर ट्रेनर ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर सख्ती से पालन की नसीहत दी। साथ ही नाबालिगों को वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया। स्कूल में सड़क सुरक्षा क्लब गठित कर अभिभावकों को जागरूक करें।

तिंदवारी रोड स्थित सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी में यातायात पुलिस की अगुवाई में विशेष अभियान चलाया गया। मंडलीय मास्टर ट्रेनर (सड़क सुरक्षा) शिक्षा डा.पीयूष मिश्र ने छात्र-छात्राओं को नाबालिक स्थिति में वाहन चलाने पर लाइसेंस होल्डर व्यक्ति का लाइसेंस निरस्त के साथ ही जुर्माना तथा जेल जाने तक की कार्रवाई की जानकारी दी। कहा कि कोई भी छात्र दोपहिया व चारपहिया वाहन लेकर विद्यालय न आए। प्रधानाचार्य व शिक्षकों से सड़क सुरक्षा क्लब का गठन करते हुए वाहन लेकर स्कूल आने पर अभिभावक को बुलाकर जागरूक करें। सड़क सुरक्षा परिवहन यान अंतर्गत मानकों के अनुरूप विद्यालय वाहन चलाने की नसीहत दी।

प्रभारी यातायात त्रिलोकी नाथ पांडेय ने कहा कि नाबालिग का वाहन चलाना अपराध है। प्रधानाचार्य फादर विंसेंट अल्बर्ट ने यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा।



यातायात जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



तिरंगे में लिपटे पूर्व सैनिक के शव को सलामी देते लोग। अमृत विचार

### राजकीय सम्मान के साथ पूर्व सैनिक का अंतिम संस्कार

**बांदा।** शहर के छोटी बाजार निवासी पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर पूरनलाल वर्मा का बीते दिन निधन हो गया। खबर मिलते पूर्व सैनिकों सहित उनके जानने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार की सुबह पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार से पहले पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा ओढ़ाकर सम्मानित किया और दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। अंतिम संस्कार के दौरान उनके ज्येष्ठ पुत्र राकेश कुमार वर्मा ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर पूर्व सैनिक कैप्टन श्याम बाबू सिंह राठौर, सूबेदार मेजर रामनरेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, सूबेदार दयाशंकर तिवारी, सीताराम त्रिपाठी, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार राज, व्यापारी नेता अमित सेठ भोलू, भाजपा नेता योगेश जैन, विनीत राजे टीटू, रामकृष्ण वर्मा, जागृति वर्मा, रमेश गुप्ता, विमल रावत शिवम वर्मा, छोटे सोनी समेत तमाम लोग शामिल रहे।

### कांग्रेसियों ने बूथों पर किया पौधरोपण

**चित्रकूट।** राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एआईसीसी सदस्य पंकज मिश्र ने अन्य पार्टीजनों के साथ पौधे रोपे। पंकज ने बताया कि राहुल गांधी के जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत प्रदेश के सभी 162,000 बूथों पर पौधे लगाने का लक्ष्य है। पूर्व जिलाध्यक्ष के साथ राजनारायण यादव, अरुण गुप्ता आदि ने सरैंया, अगरहुंडा एवं खिचरी गांव के बूथों पर फलदार पौधे लगाए। सुरक्षा की जिम्मेदारी शिवपूजन पटेल, संतोष यादव, राजू कोल को सौंपी गई। इस अवसर पर नत्थू यादव, शिवपूजन पटेल, राजू कोल, ललित कुमार, रामनरेश, संतोष यादव, सुनील यादव, चुनाई यादव, अशोक यादव, शिवकुमार कोल आदि मौजूद रहे।

### आग से गृहस्थी जलकर खाक

**नरैनी।** करतल पुलिस चैकी अंतर्गत कस्बा से कुछ दूरी पर दाई की बगिया में झोपड़ीनुमा मकान में लल्लू अहिरवार अपने पांच नाबालिग बच्चों के साथ रहते हुए सिलाई करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। पीड़ित लल्लू अहिरवार ने बताया कि वह बीती रात अपने बच्चों के साथ घर के बाहर सो रहा था। तभी पूरा घर आग की लपटों से घिर गया। पुलिस कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सब कुछ खाक हो गया।

### तीन महिलाओं की चेन लूट कर भाग गए बदमाश

**मऊ (चित्रकूट)।** तीर्थस्थान परानू बाबा आश्रम में शुक्रवार को बदमाशों ने दर्शनार्थी तीन महिलाओं के गले से चेन पार कर दी। घटनाएं दोपहर की हैं। परानू बाबा के दर्शन करने आईं बरेठी निवासी अनु शुक्ला ने बताया कि किसी ने भीड़ का फायदा उठाकर गले में पहनी सोने की माला तोड़ ली। चाकघाट निवासी ऋतु गुप्ता ने बताया कि वह दर्शन करके नीचे उतर रही थीं कि गले से सोने की चेन गायब हो गई। सवर्ण आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी की बुआ पुष्पा मिश्रा की भी सोने की चेन बदमाश ले उड़े। भुक्तभोगियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। संदीप ने आरोप लगाया कि यहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे और भीड़ को नियंत्रित करने, बदमाशों पर नजर रखने के कोई उपाय नहीं किए गए। सीसीटीवी कैमरों का ठीक न किया जाना सवालों के घेरे में है। इसकी जांच होनी चाहिए।

### स्नातक छात्र की ट्रेन से कट कर मौत

**बांदा।** छतरपुर जिला के खड्डी गांव निवासी प्रदीप पाल (21) पुत्र विशाल पाल का शव गुरूवार की शाम मटौध रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर कटा पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मोबाइल के जरिए उसकी फोटो वायरल किया। तब घरवालो को जानकारी हुई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के पारिवारिक बाबा कालका प्रसाद ने बताया कि प्रदीप पाल बीए फाइनल का छात्र था। वह सुबह झांसी जाने के लिए घर से निकला था। ट्रेन से गिर कर उसकी कटकर मौत हो गई। मृतक अविवाहित था।

## एक नजर

### 25 को मानचित्र समाधान दिवस होगा

**चित्रकूट।** सचिव चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण राजेश प्रसाद ने बताया कि 25 जुलाई को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें भवन नक्शे की आपत्तियों का तत्काल निराकरण कर स्वीकृति दी जाएगी।

### क्रशर की चपेट में आकर श्रमिक घायल

**चित्रकूट।** भरतकूप थानांतर्गत बीडरपुरवा निवासी श्रमिक कमलेश पटेल शुक्रवार को क्रशर प्लांट में काम करते समय मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों ने आरोप लगाया कि प्लांटों में बिना सुरक्षा व्यवस्था के मजदूरों से काम कराया जाता है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने नाबालिग को फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। 23 जून को एक व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजू उर्फ बलराम पुत्र रामभवन उसकी नाबालिग बेटी फुसलाकर ले गया है। एसआई अनिल कुमार मिश्रा ने 11 जुलाई को बालिका का पता लगा लिया था। शुक्रवार को मामले में वांछित राजू को गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के बयान एवं डाक्टरी परीक्षण के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई।

### मवेशी लेने जा रहे किसान की बिजली गिरने से मौत

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव के मजरा बिंदा पुरवा निवासी बल्देव (44) पुत्र सद्दी गुरूवार की शाम खेत में मवेशी चरा रहा था। इसी बीच वारिश होने लगी। वह अपने मवेशियो को लेने खेत की तरफ जा रहा था। तभी तेज आवाज के साथ बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने देखा तो घरवालो को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसे उठाकर नरैनी सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे भर्ती कराया। जहां देर रात उसकी मौत हो गई।

# शिक्षकों से आंदोलन में भागीदारी का आह्वान

● 25 जुलाई को शिक्षक करेंगे धरना व प्रदर्शन

**बांदा।** केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 25 जुलाई को होने वाले धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संगठन पदाधिकारी जोरशोर से तैयारियों में जुट गए हैं। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षक संघ मंडलीय मंत्री के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने अतर्रा और नरैनी समेत बबेरू व बिसंडा का भ्रमण करते हुए माध्यमिक शिक्षकों से संपर्क करते हुए आंदोलन में भागीदारी का आह्वान किया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मंडलीय मंत्री मेजर मिथलेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को पदाधिकारियों व संगठन से जुड़े शिक्षकों ने अतर्रा, नरैनी, बबेरू और बिसंडा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज अतर्रा, विवेकानंद इंटर कॉलेज नरैनी, राजकुमार इंटर कॉलेज नरैनी, किसान इंटर कॉलेज नौहाई, इंटर कॉलेज पनगरा, जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज गिरवां के शिक्षकों से 25 जुलाई को जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने को कहा। शिक्षकों का कहना है कि लंबे समय से उनकी जायज मांगे लंबित पुरानी पेंशन बहाली, निशुल्क चिकित्सा सुविधा, सामूहिक बीमा कटौती जैसी प्रमुख समस्याएं लंबे समय से लंबित पड़ी हैं।

# निर्माण धीमा, जिलाधिकारी नाराज

चित्रकूट कार्यालय

● परियोजना निदेशक को तेजी लाने के निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण में कर्वी ब्लाक की प्रगति से असंतोष जताया। उन्होंने परियोजना निदेशक को निर्देश दिए कि इसमें सुधार कराया जाए।

डीएम ने शुक्रवार को सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों एवं 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। डीसी एनआरएलएम को स्वयं सहायता समूह की ग्रेडिंग सुधारने और अग्रणी जिला प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर समूहों को ऋण वितरण कराने को कहा। डीएम ने डीपीआरओ को स्वच्छ भारत मिशन फेज टू की कार्ययोजना बनाने व बैठक कराने के निर्देश दिए। सीवीओ को निराश्रित गोवंशों को शासकीय गौशालाओं में शत प्रतिशत संरक्षित कराने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों में असंतुष्ट जताते हुए कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगति ठीक नहीं है, समयसीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण काम कराए जाएं। भूमि संबंधी कोई समस्या हो तो बताएं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्यटन विकास के कामों की प्रगति के बारे में बताया जाए। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक में जानकारी लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# सूर्यघर योजना में जिले को 12 हजार का लक्ष्य

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने के निर्देश दिए। इस संबंध में हुई बैठक परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में 12000 घरों में ऑन ग्रिड सोलर रूफटाप प्लांट लगाने का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष कर्वी डिवीजन के एसडीओ डिस्कॉम को 6500 एवं राजापुर डिवीजन के एसडीओ डिस्कॉम को 5500 उपभोक्ताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। अब तक कुल 433 रजिस्ट्रेशन हुए हैं, जिनमें कर्वी डिवीजन से 274 एवं राजापुर डिवीजन से 159 हैं बताया कि 33 घरों में ऑन ग्रिड रूफटॉप की स्थापना की जा चुकी है। यह कुल 114 किलोवॉट है। बैठक में विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# फांसी की सजा पाई युवती को न्याय के लिए सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** अबूधाबी (दुबई) में हत्या के मामले में बांदा की युवती को फांसी की सजा माफ कराए जाने की मांग तेज होने लगी है। स्वयंसेवी संगठन समेत तमाम राजनीतिक दल युवती के समर्थन में आगे आए हैं। इसी क्रम में कांग्रेसियों ने कलक्ट्रेट में युवती के समर्थन में प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराकर युवती को न्याय दिलाकर फांसी की सजा माफ कराए जाने की मांग की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे लालू व शहर अध्यक्ष अफशाना शाह के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेसियों का जत्था कलक्ट्रेट पहुंचा। यहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप को सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि मटौंध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली गांव निवासी शहजादी खान कुछ वर्ष पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से अपने साथी के साथ जुड़कर आगरा चली गई। वहां से वह अपने साथी के साथ दुबई चली गई। अबूधाबी (दुबई) में उसे बच्चे की हत्या के आरोप में फांसी की सजा सुनाई गई है।

### ज्ञापन देकर एसपी से त्वरित कार्रवाई की मांग

जद यू महिला मंच प्रदेशाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अबुधाबी (दुबई) में बच्चे की हत्या के मामले में फांसी की सजा की आरोपी शहजादी खान प्रकरण में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। कहा है कि आरोपी महिला को इलाज व नौकरी का झांसा देकर अबूधाबी में बंधक बना लिया गया। बगैर मजदूरी दिए उससे काम लिया जाता था। मजदूरी मांगने पर युवती को बच्चे की हत्या का आरोपी बना दिया गया।

# बाढ़ राहत में एडीएम ने प्राचार्यों व संस्थाओं से मांगा सहयोग

**बांदा।** जनपद में बाढ़ की संभावना के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार की मौजूदगी में कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। जिसमें जिला युवा कल्याण अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य, कॉलेजों के प्रधानाचार्य के साथ समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से बाढ़ की स्थिति में राहत बचाव के संबंध में सुझाव और सहयोग की अपेक्षा की गई। जिस पर सभी ने अपने-अपने न केवल सुझाव दिए, बल्कि बाढ़ के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्णय भी लिया। हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। बैठक में जेएन कॉलेज एवं अतर्रा महाविद्यालय के प्राचार्य, बजरंग इंटर कॉलेज एवं हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, तिरंगा वितरण समिति के समाजसेवी शोभाराम कश्यप, सेवर्स आफ लाइफ के सलमान खान, रोटी बैंक के रिजवान अली व सुनील सक्सेना आदि रहे।

# आम बजट में देखें व्यापारियों का हित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने के बाद भाजपा 23 जुलाई (सोमवार) को अपना आम बजट पेश करेगी। सदन में बजट पेश करने से पहले प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सपा व्यापार सभा ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए बढ़ती महंगाई पर रोकथाम और व्यापारी हितों को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत करने की आवाज बुलंद की। केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

सपा व्यापार सभा जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता की अगुवाई में शुक्रवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में व्यापारी वर्ग के लिए तमाम परेशानियों का जिक्र करते हुए जीएसटी, नोटबंदी, अनियोजित लॉकडाउन और व्यापारी विरोधी कानूनों का मुद्दा उठाए। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मल सीतारमन को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी न्यायिक को सौंपा। इसमें सूक्ष्म और बड़े उद्योग का नियम एक समान हो सके। छोटे उद्योगों में ऋणों की दर कम की जाए। सब्सिडी उपलब्ध कराई जाए। बिजली दरों में छूट दी जाए। पंजीकृत व्यापारियों को मेडिक्लेम की सुविधा दी जाए। पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए। सोने पर कस्टम ड्यूटी कम की जाए। ऑनलाइन व्यापार के लिए रेगुलेटरी एक्ट बनाने, ऑनलाइन व्यापार से खुदरा व्यापार को बचाने के लिए, ऑनलाइन व्यापार पर अतिरिक्त टैक्स व सरचार्ज लगाने और ऑनलाइन की जीएसटी दर 28 प्रतिशत करने की मांग की है। साथ ही एमएसएमई के अंतर्गत आने वाले 50 लाख से एक करोड़ तक के सूक्ष्म उद्योग और 50 करोड़ या इससे ऊपर के बड़े उद्योग के लिए नियम एक समान करने पर सवाल खड़े किए हैं।



एडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपते सपाई। अमृत विचार

व्यथा

नर्स ट्रेनिंग सेंटर पहुंची विधायक से रो–रोकर नर्सिंग छात्राओं ने बताई समस्याएं

# खाने में निकलते रहते हैं कीड़े, पानी के इस्तेमाल पर रहती पाबंदी

संवाददाता ,नरैनी (बांदा)

**अमृत विचार।** खाने में कीड़े मिलते हैं, पीने और निस्तारण के पानी में पाबंदी है। समस्याओं को लेकर मुंह खोलने पर हास्टल से निकालने व रेस्टिकेट करने और परीक्षा में कम अंक देने की धमकी दी जाती है। नर्स ट्रेनिंग सेंटर में प्रधानाचार्य, वार्डन से परेशान छात्राओं ने फफक-फफक कर रोते हुए विधायक को आपबीती सुनाई, जिस पर उन्होंने कहा कि दो दिनों के अंदर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बनी इमारत में सरकार ने नर्स ट्रेनिग सेंटर खोला है। यहां प्रशिक्षण ले रही छात्राओं ने शाम लगभग 4 बजे क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा को फोन कर समस्याएं बताई थीं, जिसे सुनकर विधायक श्रीमती वर्मा नर्स ट्रेनिंग सेंटर पहुंची। यहां प्रधानाचार्य के समक्ष छात्राओं ने बताया कि खाने में कीड़े मिलते हैं। दोपहर का बना भेजन रात्रि में खाने के लिए दिया जाता है। पानी के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी गई है, जिससे नहाने धोने और पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। छात्राओं ने बताया कि इस मामले की शिकायत दो दिन पहले जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की थी, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ बल्कि प्रधानाचार्य ने एक एक छात्रा को अपने आवास में बुलाकर धमकाते हुए कहा है कि जो लोग शिकायत करने गई थी वो चाहें तो हॉस्टल छोड़कर चली जाएं, अन्यथा परीक्षा में कम अंक दिए जाएंगे। साथ ही रेस्टीकेट भी किया जा सकता है। इस बात को छात्राओं ने विधायक के सामने स्पष्ट किया है। छात्राओं ने यह भी बताया कि प्रधानाचार्य के पति अनुपम स्वयं हॉस्टल के मेस का संचालन करते हैं और यहां लगी दो पानी की टंकियों में कभी पानी नही भरा जाता। सुबह सिर्फ दो घंटे सबमर्सिबल चलाकर नहाने धोने का समय दिया जाता है। छात्राओं की शिकायतें सुनने के बाद विधायक ओममणि वर्मा ने छात्राओं के रूम देखकर बताया कि किसी भी छात्रा के बेड पर बेड सीट नहीं थी, सिर्फ एक कमरे में दो पंखे लगे थे, बाकी सभी कमरों में एक एक पंखा लगा मिला है। विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा कि ट्रेनिग सेंटर की अव्यवस्थाओं के संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराएंगे, यदि दो दिनों के अंदर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गई तो उक्त मामले को मुख्यमंत्री के पटल तक पहुंचाया जायेगा।



नर्सिंग छात्राओं की समस्याएं सुनती नरैनी विधायक। अमृत विचार

### प्राचार्य ने विधायक को बताई व्यवस्था

एएनएम सेंटर प्राचार्य शिवनंदनी ने बताया कि कुल 62 छात्राओं का एडमिशन है। जिसमे 39 छात्राएं यहीं हॉस्टल में रहती हैं। प्रधानाचार्य ने विधायक को अपनी समस्याएं बताते हुए अवगत कराया कि उनके पास सीधे कोई बजट नहीं आता है। सेंटर से संबंधित सामग्री के लिए उनके द्वारा समय समय पर सीएमओ को पत्र लिखे जाते हैं, लेकिन समय से अपेक्षित सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जाती है, जिससे उन्हें अपनी जेब से व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं। उन्होंने बताया कि पहले बैच की 30 छात्राओं को बेड सीट दिए गए थे। उनके पास 10 बेड सीट अभी रखे हैं, लेकिन पर्याप्त न होने के कारण अभी तक बांटे नहीं गए हैं।

# बिजली गिरने से बालक सहित दो लोगों की मौत

चित्रकूट कार्यालय

● आवाज से दो महिलाएं बेहोश कई बकरियों की गई जान

**अमृत विचार।** अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को बिजली गिरने से एक अधेड़ और एक बालक की मौत हो गई। बिजली की आवाज सुनकर दो महिलाएं बेहोश हो गईं। कई बकरियों की भी जान चली गई।

राजापुर संवाददाता के अनुसार, गनीवां चौकी अंतर्गत कंधवनिया में कक्षा आठ का छात्र करन पुत्र दिलखुश साथियों के साथ खेल रहा था। इस दौरान बारिश होने लगी तो सभी एक मंदिर के अंदर खड़े हो गए। इसी दौरान बिजली गिरने से करन चपेट में आ गया। बच्चे का पिता, मां नीतू आदि परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां डा. दिनेश सिंह ने मृत घोषित कर दिया। उधर, सीतापुर चौकी के मैनहाई माफी निवासी अशोक कुमार (55) की बारिश के दौरान बिजली गिरने से मौत हो गई। वह गांव के पास जंगल में भैंस चरा रहा था। इसके अलावा एक अन्य ग्रामीण के बकरा, बकरी भी बिजली की चपेट में आ गए। एक अन्य घटना में मप्र सीमांतर्गत धारकुंडी थाना क्षेत्र के अमिरती गांव में अचानक बिजली तड़तड़ाने से घर के बाहर बैठी वृद्धा और एक युवती बेहोश हो गईं। इनको सीएचसी मझगवां ले जाया गया। सेमरदहा निवासी जगत यादव की दो और हीरालाल प्रजापति की तीन बकरियां बिजली की चपेट में आ गईं।

# बारिश ने खोली पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


बारिश से गिरा कच्चा घर। अमृत विचार


मूसलाधार बारिश से जलमग्न सड़क। अमृत विचार

- जगह-जगह जलभराव, आवागमन बाधित होने से लोग रहे परेशान
- सड़कों पर दो फुट से ऊपर भर गया पानी, घरों में भी घुसा

**अमृत विचार।** मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका के सफाई अभियान की पोल खोलकर रख दी। करीब ढाई घंटे हुई बारिश से नाले ओवरफ्लो हो गए। इसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूली बच्चे भी भीगते हुए घर पहुंचे। बारिश के चलते कई कच्चे घर ढह गए।

शुक्रवार की सुबह 11 बजे तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश 1:30 बजे तक होती रही। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन नगर पालिका की पोल खोलकर रख दी। बारिश से तहसील रोड, रिजर्व पुलिस लाइन, विवेक नगर, प्रधान डाकघर, मेरापुर आदि मोहल्ले तालाब में तब्दील हो गये। यहां इतना पानी भर गया कि लोगों का पैदल गुजरना दूभर हो गया। बारिश का पानी लोगों के घरों तक भी पहुंच गया। सबसे बुरा हाल शहर के काशीराम कालोनी का दिखा। यहां रोड पर दो फुट से ऊपर पानी भर गया। नालियां चोक होने के कारण पानी का निकास नहीं हो सकी। गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया, जिससे लोगों का काफी नुकसान हुआ है। लोग नगर पालिका को कोसते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने के कारण नालियां कचरों से भरी रहती है। जिसके कारण लोगों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। लोगों ने जाम पड़ी नालियों एवं सड़क पर जमा कचरे की साफ-सफाई कराने की मांग की है।

कुरारा प्रतिनिधि के अनुसार, थानाक्षेत्र के गिमूहा ग्राम में हुई बरसात के साथ आकाशीय बिजली गिरने से बेतवा नदी के किनारे खेत में चर रही भैंस की मौत हो गई है। किसान देव सिंह ने बताया कि वह दूर था। तभी तेज गर्जना के साथ भैंस के ऊपर बिजली गिर गई।

# विद्यालय में कमरे की कड़ी टूटी, बाल-बाल बचे छात्र

संवाददाता, पौथिया हमीरपुर

**अमृत विचार।** लगातार ढाई घंटे हुई मूसलाधार बारिश से खेत तालाब जैसे नजर आने लगे। वहीं इंटर कालेज में एक कड़ी टूटने से छात्र बाल बाल बच गए।

सदर विधायक के पैतृक गांव पौथिया स्थित एसवी इन्टर कालेज में खपरैल के नीचे छात्र छात्राएं पढ रहे थे। तभी मूसलाधार बारिश और बिजली तड़कन से कमरे की कड़ी टूट गई। विद्यालय में 12 तक कक्षों की जरूरत है। जबकि मात्र पांच कमरे हैं। जिसमें तीन खपरैल की कक्षाएं संचालित हैं। शुक्रवार को मूसलाधार बारिश से कक्षा सात के कमरे की कड़ी भरभरा कर टूट गई, जिसमें छात्र बाल बाल बच गए।वहीं परिसर में जलभराव हो गया। विद्यालय दयनीय स्थिति से गुजर रहा है। आफिस सहित अन्य कमरों की छतों से पानी आता है। जिससे कम्प्यूटर आदि उपकरण ख़राब हो जाते हैं। वहीं अभी तक दो अध्यापकों के भरोसे विद्यालय चल रहा है।

छात्र छात्राओं की संख्या करीब 450 हैं। प्रधानाचार्य बीरेंद्र सिंह ने बताया दो वर्षों से कच्चे कमरों की छवाई नहीं हुई है। प्रबंधकीय विद्यालय होने के कारण अपनी किस्मत में आंसू बहा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

## एक नजर

### अनुसुइया आश्रम में हुआ विशाल भण्डारा

**सुमेरपुर।** अनुसुइया आश्रम में गुरू पूर्णिमा के पूर्व भक्तों ने विशाल भंडारा कराया। आश्रम में परंपरा के अनुसार गुरू पूर्णिमा के पूर्व प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन कराया जाता है। इसके बाद मुख्य भंडारा चित्रकूट मध्य प्रदेश के अनुसुइया आश्रम में होता है। सपा नेता अजय उर्फ कल्लू ने बताया कि अनुसुइया आश्रम के महंत स्वामी नारायणनंद महाराज की अध्यक्षता में शुक्रवार को परंपरा के अनुसार भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बैठक आज

**मौदहा।** शनिवार को भैंस्ता गांव के इको गार्डन में युवा कौशल विकास मंडल की ओर से हितग्राही परामर्श बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा किसानों को शामिल होने का अनुरोध किया जा रहा है।

### सीएचसी के लैब टेक्नीशियन की मौत

**बिवांर (हमीरपुर)।** छानी गांव स्थित सीएचसी में 42 वर्षीय महेंद्र कुमार बल्लभ पुत्र नारायण की लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनाती थी। वह जनपद ग्वालियर थाना हाजरी के तानसेन गांव के रहने वाले थे। चिकित्सालय के कैंपस में अपने परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार करीब 7 बजे अचानक आवास में उनकी हालत बिगड़ गई तो पत्नी उपचार के लिए चिकित्सालय ले गई। उपचार के दौरान कर्मी की मौत हो गई।

# दो ट्रकों की भिड़ंत में लगी आग, दो चालक जिंदा जले

## कानपुर-सागर हाईवे पर हुआ हादसा, 5 दमकल गाड़ियों ने बुझाई आग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


हाईवे पर जलते ट्रक। अमृत विचार

- दोनों के खलासी हुए घायल, गंभीर हालत में कानपुर रेफर
- लगा रहा भीषण जाम, एक चालक की नहीं हो सकी शिनाख्त

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे पर कानपुर सागर टू-लेन हाईवे पर गुरुवार रात करीब 11.50 बजे दो ट्रकों की आपस में टक्कर होने से आग लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस भीषण हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। अन्य घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद दमकल की पांच गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान हाईवे पर भीषण जाम लगा रहा।

शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे के पास कबरई से कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी भरे ट्रक में सामने से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। भीषण टक्कर से दोनों ट्रकों में विस्फोट के साथ ही आग लग गई। दोनों के चालक और खलासी भीषण आग में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर हाईवे पर जमा हुए लोगों ने जैसे-तैसे एक ट्रक के चालक और खलासी को बाहर निकाला। लेकिन कबरई से कानपुर जा रहे डंपर चालक नीरज गुप्ता निवासी इटर्रा घाटमपुर जनपद कानपुर नगर और दूसरे ट्रक के अज्ञात चालक की ट्रक के अंदर फंसने से जिंदा जलकर मौत हो गई। अभी इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने घायल शिव वरदानी पुत्र शिवनाथ निवासी इटर्रा थाना घाटमपुर और नीरज पुत्र रामकिशोर पांडेय निवासी बिधनू कानपुर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से दोनों को कानपुर रेफर किया गया है। देर रात हादसे की सूचना पर सीओ सदर राजेश कमल मौके पर पहुंचे दमकल की पांच गाड़ियों की मदद से ट्रकों में लगी आग पर काबू पाया गया। जलकर मरे चालकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया है।

# साले से झगड़ बहनोई फंदे पर झूला, हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पुत्री के जेवरात चोरी होने के बाद बढ़ा विवाद
- साले ने अपने बहनोई पर ही लगाया था चोरी का आरोप

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में साले से झगड़कर बहनोई ने गांव के बाहर बबूल के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

बांदा जनपद के खप्टिहा गांव निवासी सुरेश निषाद (55) अपनी ससुराल बड़ागांव में पत्नी छमकी के साथ रहता था। चर्चा है कि विगत दिनों ससुराल से मायके आई सुरेश की पुत्री गीता के जेवरात एवं नकदी चोरी हो गए थे। इसकी सूचना सुरेश ने कोतवाली पुलिस को दी थी। इसके बाद पुत्री का जेवर घर पर ही पड़ा मिल गया लेकिन कुछ जेवर एवं नकदी गायब थी। तब सुरेश ने अपने साले पाथादीन पर चोरी करने की आशंका जताई थी। इस पर पाथादीन ने अपने बहनोई सुरेश पर ही कर्ज चुकाने के लिए चोरी करने का आरोप लगा दिया था। इसी बात को लेकर गुरुवार की रात दोनों में विवाद हुआ। पुत्री के जेवरात चोरी करने के आरोप से आहत होकर बहनोई ने गांव के बाहर बबूल के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुरेश मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

### पशु व्यापारी के पुत्र ने जहर खाकर जान दी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** विदोखर मेंदनी निवासी सुभानी खान पेशे से पशु व्यापारी हैं। इनका पुत्र सलमान किसी बात को लेकर सुबह घर से झगड़ कर आत्महत्या की धमकी देकर घर से भाग गया। परिजन इसकी खोजबीन करते रहे, लेकिन पता नहीं चला। घर से यह पड़ोस के गांव पलरा पहुंचा और जहरीला पदार्थ खाकर गांव के कुछ युवकों को फोन करके जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन पलरा पहुंचे और तड़प रहे सलमान को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आए हालत गंभीर होने पर इसको सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में इसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। शनिवार को इसका पोस्टमार्टम होगा।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप


मगही नाला की सफाई करती जेसीबी। अमृत विचार

### कुरारा में मगही नाला की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर

**कुरारा।** बरसात में पानी की निकासी में बांधा बने मगही नाले में खड़ी गोद व कीचड़ की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कराया गया है। इसके लिए चेयरमैन आशारानी कबीर ने जेसीबी मशीन लगाकर सफाई का कार्य शुरू करा दिया है। चेयरमैन ने बताया कि कस्बे के अंदर से मगही नाला बहता है। इसमें कई गांवों व खेतों का बरसाती पानी निकलता है। जिससे इस मौसम में हमेशा उफान जैसा नजारा रहता है। नाले में बड़ी बड़ी घास व गोद खड़ी है। इसलिए पानी की निकासी में किसी प्रकार की बाधा न आए सफाई कराने का निर्णय लिया। कहा जेसीबी मशीन के जरिए सफाई कराई जा रही है। ताकि बारिश में कहीं जलभराव की समस्या न पैदा हो।

### वीडीसी के लिए एक नामांकन पत्र की बिक्री

**कुरारा।** भौली ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र बिक्री के कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को एक नामांकन पत्र बिक्री हुई। वहीं बीडीसी सदस्य पद के एक पद के लिए दो दिन में एक भी नामांकन पत्र की बिक्री नहीं हुई है। क्षेत्र के भौली गांव में ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत सदस्य पद के तेरह पद हैं, जिनमें तीन पद के लिए ग्राम पंचायत सदस्य निर्वाचित हो गए हैं। लेकिन दस वार्ड मेंबर के लिए अब पांचवी बार चुनाव संपन्न होने जा रहा है। ग्राम पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के बाद शपथ ग्रहण न करने से ग्राम पंचायत का कोरम पूरा नहीं हो पा रहा है। वहीं उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशन पर जिलाधिकारी द्वारा गठित समित ग्राम पंचायत का संचालन कर रही है। ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए अब पांचवी बार नामांकन व चुनाव संपन्न कराए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वही क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के एक मात्र पद के लिए अभी तक एक भी नामांकन पत्र बिक्री नहीं हुई है।

### ननिहाल आई किशोरी से की छेड़खानी

**सुमेरपुर।** गुरुवार रात थाना क्षेत्र के एक गांव में ननिहाल में आई एक किशोरी के साथ गांव निवासी आलोक पाल ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर छेड़खानी कर दी। किशोरी के शोर मचाने पर तीनों भाग गए। रात में ही पीड़िता मामा के साथ थाने पहुंची मामा ने आलोक पाल एवं दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि युवकों के खिलाफ धारा 74 बीएनएस एवं 7/8 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराकर किशोरी को डॉक्टरी परिक्षण के लिए भेजा है। चर्चा है कि किशोरी को बंद कर दुष्कर्म किया गया है लेकिन पुलिस इस बात को नकार रही है।

### संदिग्ध हालात में युवती समेत तीन दबोचे गए

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के रामनगर मोहाल के एक मकान में कुछ युवक एक युवती को पिछले लेकर करीब एक सप्ताह से ठहरे हुए थे। युवकों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर गुरुवार को देर शाम कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सूचना के बाद इस मकान पर छापा मारा तो यहां से छत्तीसगढ़ निवासी एक युवती के अलावा मौदहा कोतवाली के मांचा गांव निवासी मुशर्रफ व शाहिद अली को मौके से हिरासत में लिया। जबकि राजा नाम का एक युवक पुलिस का छापा पड़ते ही मौके से भाग निकला। पुलिस ने बरामद युवती को रात में ही वन स्टाफ सेंटर भेज कर छत्तीसगढ़ पुलिस को सूचित किया है।

# ब्लैक में बिकने जा रहा सरकारी राशन पकड़ा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- चार लोडर और एक ई रिक्शा में लदा था सरकारी राशन

**अमृत विचार।** कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास शुक्रवार को जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति विभाग की टीम ने ब्लैक में बिकने जा रहे सरकारी राशन से लोड चार लोडर गाड़ियां व एक ई रिक्शा को पकड़ लिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से सरकारी राशन की कालाबाजारी करने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया तथा वे प्रशासन को साधने के लिए तमाम तरीके के हथकंडे अपनाने लगे। वहीं मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह और क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी रविंद्र कुमार को देखकर सरकारी राशन की कालाबाजारी करने वाले कुछ कथित गल्ला माफिया भड़क उठे। गाड़ियों के पकड़े जाने व अपने ऊपर कारवाई होती देख प्रशासन के सामने ही चिल्ला चिल्ला कर इस व्यापार करने के एवज में प्रशासन को महीने में लाखों रुपये की रिश्वत देने का आरोप लगाने लगे। वहीं मामला बढ़ता हुआ देखकर मौके पर पहुंचे जिला पूर्ति अधिकारी बीके शुक्ला ने क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी को पकड़ी गई सभी गाड़ियों को कोतवाली ले जाने और उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा इसमें लिप्त सरकारी राशन के विक्रेताओं के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी बीके शुक्ला ने बताया कि चार लोडर गाड़ियों और एक ई रिक्शा को पकड़ा गया है बताया कि सभी गाड़ियों में गेहूं और चावल लदा हुआ है। बताया कि जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# बिजली की समस्या के निदान के लिए दिया ज्ञापन


एसडीओ को ज्ञापन देते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** छिबौली गांव में विद्युत सप्लाई न आने एवं हाई व लो वोल्टेज होने से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम व एसडीओ को प्रार्थना पत्र देकर समस्या का निदान करने की मांग की है। छिबौली के दुलीचन्द्र, जीतेन्द्र, शत्रुघन, अमर सिंह, रामजीवन, सोनू अमित कुमार ने प्रार्थना पत्र में बताया कि विद्युत न आने से ग्रामवासी बहुत परेशान है। करीब एक महीना हो गया है। कभी हाई वोल्टेज तो कभी लो वोल्टेज रहती हैं। अधिक वोल्टेज आने से विद्युत उपकरण फुंक जाते हैं या फिर इतनी धीमी विद्युत आती है कि विद्युत उपकरण चलते ही नहीं है। इधर बार तीन दिन से विद्युत सप्लाई बंद है। उमस भरी गर्मी से बच्चे एवं ग्रामवासी बीमार हो रहे हैं। आरोप है कि कुछ दबंग लोग विद्युत सप्लाई के दौरान लाठियों से विद्युत लाइनों को क्षतिग्रस्त करते हैं।

## ट्रांसफार्मर पर गिरी बिजली, आपूर्ति ठप

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शुक्रवार को बादलों की चमक दमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से कई स्थानों पर मवेशियों की मौत हुई है। वहीं कस्बे में मुख्य पावर स्टेशन का 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे नगर सहित एक दर्जन से अधिक गांव अंधेरे में डूबे हैं। हालांकि विभागीय अधिकारी व कर्मचारी इसकी जांच पड़ताल में जुटे हैं।

दोपहर बाद तेज बारिश के साथ जबरदस्त बादलों की गड़ गड़ाहट से लोगों के दिल कांप उठे। आकाशीय बिजली से छिरका गांव में एक ही व्यक्ति परमात्मादीन की 10 बकरियों की मौत हो गई। वहीं सुकतिन की एक भैंस मरी गई। खड़ेही लोधन में तीन भैंसों की मरने की सूचना है। दो और गांव में बिजली गिरने से मवेशियों की मौत की सूचना है। लेकिन अभी तक इनकी पुष्टि नहीं हो सकी है। बिजली विभाग के अवर अभियंता राजीव प्रसाद ने बताया कि कस्बे के मुख्य पावर स्टेशन में 10-10 एमबीए के दो बड़े ट्रांसफार्मर हैं। इनमें एक ट्रांसफार्मर में आकाशीय बिजली गिरने से भारी क्षति हुई है। इसमें धुआं उठते कर्मचारियों ने देखा। कस्बे सहित बिजली आपूर्ति क्षेत्र की ठप हो गई। लेकिन उन्होंने जांच पड़ताल के लिए मुख्यालय से टीम बुलाई है।

इस बात की पुष्टि की जा रही है कि आकाशीय विद्युत गिरने से ट्रांसफार्मर की पूर्णतः क्षति हुई है या आंशिक। यदि पूर्ण क्षति हुई है तो दूसरा ट्रांसफार्मर कम से कम चार दिन में आ सकेगा और यदि आंशिक है तो इसकी मरम्मत की जा सकती है। बताया कि एक ट्रांसफार्मर से बिजली कुछ कुछ समय के लिए देंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 504 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2023-24/ दिनांक 18/07/2024

म्युटेशन सूचना

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल पठानपुरा-3 वार्ड-7 राठ में स्थित गृह सं0 664 में श्रीमती रेशमा खातून पत्नी फारूक खां, श्री कलीम वेग पुत्र शमीम वेग का नाम अंकित है। प्रार्थी श्री कलीम वेग पुत्र शमीम वेग ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का अवशेष जुज भाग रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती रेशमा खातून पत्नी फारूक खाँ से दिनांक 11.06.2024 को क्रय कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के अवशेष जुज भाग पर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल पठानपुरा-3 वार्ड-7 में स्थित भवन सं0 664 पर अंकित श्रीमती रेशमा खातून पत्नी फारूक खाँ, श्री कलीम बेग पुत्र शमीम बेग के नामों में से श्रीमती रेशमा खातून पत्नी फारूक खाँ का नाम निरस्त कर दिया जाएगा व अन्य नाम पूर्ववत रखा जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर

जताया आक्रोश — देर शाम प्रदर्शन के दौरान भीषण गर्मी से एक दर्जन बच्चे हुए बेहोश, व्यवस्थाओं को लेकर प्रिंसिपल पर लगाए गंभीर आरोप

# बिजली, पानी, भोजन के लिए नवोदय के छात्र सड़कों पर उतरे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


नवोदय स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान बच्चों की समस्याएं सुनतीं विधायक।


सीएचसी में बेहोश हुए बच्चों का हालचाल लेते एसडीएम व विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के जवाहर नवोदय विद्यालय में बिजली, पानी और भोजन न मिलने का आरोप लगाते हुए गुरुवार रात छात्र छात्राओं ने सड़क पर उतरकर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्र छात्राओं की भीषण गर्मी के चलते हालत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। इस दौरान मौके पर पहुंची विधायक और अधिकारियों ने मामला शांत कराया। विरोध प्रदर्शन की जानकारी पर पुलिस, विद्युत विभाग के एसडीओ, तहसीलदार और एसडीएम भी पहुंचे। इस दौरान एसडीएम ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

उरई रोड़ स्थित नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक के बच्चे पढ़ते हैं। पिछले कुछ समय में नवोदय विद्यालय में बिजली, पानी और भोजन की समस्या को लेकर छात्र छात्राएं परेशान थे। भीषण उमस भरी गर्मी और बिजली न मिलने से पढ़ाई नहीं हो पा रही थी। इसके अलावा वह सो भी नहीं पा रहे थे। गुरुवार रात अचानक छात्र छात्राओं का गुस्सा फूट पडा। सभी छात्र और छात्राएं राठ उरई मार्ग सड़क पर निकल आए। जिससे सड़क पर वाहनों का जाम लग गया। छात्र छात्राओं का कहना था कि बिजली न मिलने से उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही थी। इसके अलावा वह सो भी नहीं पा रहे हैं। छात्रों ने पेयजल और विद्यालय में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए विरोध दर्ज कराया। बच्चों का कहना था कि स्कूल के प्रिंसिपल एसी में सोते हैं जबकि उनके कमरों में लगे पंखे बंद रहते हैं। मेडिकल की भी कोई सुविधा नहीं है। इसी दौरान सूचना पर पहुंची विधायक मनीषा अनुरागी और प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों को समझाते हुए उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। मामले में एसडीएम ने कहा कि छात्रों को समझा बुझा कर मामले को शांत करा दिया गया है। इस संबंध में प्रिंसिपल निधीश कुमार का कहना था कि बिजली की समस्या को लेकर वह बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन पावर कारपोरेशन के अधिकारियों ने इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जखेडी विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

पत्रांक- मेमो रा0वि0 /चौ0वि0 / स्व. भा. मि. (ग्राम) दिनाँक 18/07/24

विज्ञप्ति

स्व0 भा.मि. (ग्रा.) राज्य वित्त/ चौदहवां वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत जखेडी में निर्माण कार्य कराना है। निर्माण कार्य हेतु स्थल पर निर्माण सामग्री की आवश्यकता है। सामग्री आपूर्ती हेतु मुहरबन्द दिनांक 24/07/24 तक कार्यालय ग्राम पंचायत जखेडी पर आमंत्रित किए जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 24/07/24 को अपरान्ह 4 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेगे। कार्य का विवरण किसी भी कार्यालय दिवस पर देखा जा सकता है। सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्म के द्वारा नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी की धनराशि सीधे जमा कर दी जायेगी, आपूर्ति की गई सामग्री में मानक/गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्ण सूचना/कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वी0 धन0 | सामग्री अंश लाख | कार्यपूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कूड़ा पृथक्करण केन्द्र (आर.आर.सी.) केन्द्र निर्माण कार्य | 4.10 | 3.28 | 06 माह |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खण्ड-गोहाण्ड
वि0ख0 - गोहाण्ड (हमीरपुर)

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत खण्ड-गोहाण्ड
वि0ख0 - गोहाण्ड (हमीरपुर)

# जल क्रांति बने जन क्रांति और जल आंदोलन बने जन आंदोलन : पांडे

## क्रांतिकारी मंगल पांडे की जयंती के अवसर पर शुरू हुई पानी की पाठशाला

कार्यालय संवाददाता महोबा

- पानी की पाठशाला के माध्यम से देश में जल क्रांति करने का किया ऐलान
- जल शक्ति विद्यापीठ का देश में 5 लाख से अधिक पानी की पाठशाला चलाने का लक्ष्य

**अमृत विचार।** जल क्रांति जन क्रांति बने, जल आंदोलन, जन आंदोलन बने, यह विचार पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने अटल भूजल योजना तथा राज्य भूगर्भ जल विभाग और जल शक्ति विद्यापीठ के सहयोग से आयोजित पानी की पाठशाला का उद्घाटन करते हुए पनवाड़ी ब्लाक संसाधन केंद्र में व्यक्त किया।

पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने कहा कि देश में 25 करोड़ से अधिक बच्चे, युवा, केजी से पीजी तक शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रयोग करते हैं। उन्हें जल संरक्षण की शिक्षा प्राथमिक स्तर से अनिवार्य रूप से देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन बीमा नहीं बल्कि भविष्य के लिए जल बीमा करें। मैंने अपनी चार दिन की, जल कोष यात्रा ,में कबरई विकासखंड के पसवारा ग्राम पंचायत, जैतपुर विकासखंड का अंतिम गांव धवर्रा तथा पनवाड़ी विकासखंड की देवगनपुरा ग्राम पंचायत, तथा चरखारी विकासखंड की सूप ग्राम पंचायत में बच्चों, किसानों, पानी के पहरेदारों के साथ जमीनी चर्चा की।



जल यात्रा निकलते लोग। अमृत विचार

सार्वजनिक जलाशय, तालाब, कुआं, छोटी नदियां सभी के दर्शन किए. महोबा में आज से 1000 वर्ष पहले बुंदेलो और चंदेलों ने समुदाय के आधार पर जल संरक्षण किया था, हम तो ना जल स्रोत बचा पाए और ना ही जल संरक्षण कर पाए। जल के मामले में हमें गंभीर होना चाहिए छोटे-छोटे उपाय बड़े परिणाम लाते हैं। हर संस्था सरकारी, गैर सरकारी, अर्द्धसरकारी, व्यक्तिगत स्तर पर जल ज्ञान के लिए पानी की पाठशालाएं शुरू करें। माह में दो बार आधे घंटे जल संरक्षण व पौधारोपण के लिए दें। आज का दिन बहुत शुभ है क्योंकि 1857 की क्रांति के महानायक मंगल पांडे का आज जन्म दिवस है और बुंदेलखंड में ही आचार्य विनोबा को भूदान के दौरान पहला ग्रामदान मिला था और यहीं पर पहली चलती फिरती, पाठशाला का उद्घाटन हमने किया है। इस अवसर पर जल शक्ति विद्यापीठ के सचिव अंकित पांडे ने कहा कि जल बनाया नहीं जा सकता। हम सब मिलकर ही पानी को बचा सकते हैं। पानी को एक विषय के रूप में लेना चाहिए और इसके महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताना चाहिए अगर बचपन में पानी के महत्व के बारे में जानकारी मिल गई तो बड़े होकर भी पानी के महत्व को समझ पाएंगे। सहायक अभियंता भूगर्भ जल विभाग अक्षय कुमार ने कहा कि जल कोष यात्रा का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है पानी की पाठशाला का असर अच्छे परिणाम लाएगा यह छोटी शुरुआत है जल संचयन के क्षेत्र में यह मिल का पत्थर साबित होगा। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी राजेश तिवारी, थाना प्रभारी मनीष पांडे आई जी सी एक्सपर्ट सुमित श्रीवास्तव, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट सौरभ श्रीवास्तव ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डीआईपी का सहयोग सराहनी रहा कार्यक्रम का संचालन आईजीसी एक्सपर्ट अखिलेश पांडे ने किया इस यात्रा के दौरान जल विशेषज्ञों ने कीरत सागर, मदन सागर, विजय सागर, कल्याण सागर के दर्शन किए।


अधिवक्ताओं से बातचीत करते कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

# अधिवक्ताओं ने नौगांव मार्ग पर लगाया जाम

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

- सिपाही ने वकील से की अभद्रता तो भड़के अधिवक्ता

**अमृत विचार।** एक अधिवक्ता के घर में दो दिन पूर्व हुई चोरी के मामले में पीड़ित द्वारा कोतवाली में शिकायत देते समय वहां पर मौजूद एक सिपाही द्वारा अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार करने से नाराज वकीलों ने विरोध प्रदर्शन कर तहसील के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। जिससे आवागमन ठप हो गया, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

दोपहर के समय थाने में अधिवक्ता के साथ अभद्रता की खबर मिलते ही अधिवक्ताओं ने तहसील के बाहर सड़क पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । एसएचओ अर्जुन सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर अधिवक्ताओं को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्होंने फोन पर सीओ से बात कराई। सीओ ने चोरी का मुकदमा लिखने व सिपाही के खिलाफ कार्रवाई करने के अश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने जाम खोल दिया। लगभग एक घंटे तक लगे इस जाम से दोनों ओर वाहन फंसे रहे।


## रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**महोबा।** शुक्रवार को शहर निवासी बिहारी लाल की पत्नी की अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया तभी खून की कमी होने की जानकारी मिली। बिहारी लाल के मित्र भूपेंद्र कुमार निवासी कुलपहाड़ और नीलेश सोनी निवासी चरखारी ने खून देकर महिला की जान बचाई।

## सार-संक्षेप

### महिला ने चार बच्चों को दिया जन्म, चारों की हुई मृत्यु

**माधौगढ़ ,जालौन ।** ग्राम शहवाजपुर गोहन निवासी देवकी पत्नी रवि राजपूत गर्भवती थी, आज समय पूरा होने पर उसकी घर पर ही डिलीवरी हो गई। देवकी ने चार बच्चों को जन्म दिया जिसमें दो पुत्रिया एवं दो पुत्र शामिल थे। चार बच्चों के एक साथ गर्भ में रहने के कारण जन्मे सभी बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ्य नहीं थे। इस कारण डिलीवरी के कुछ समय बाद एक एक कर सभी नवजात शिशुओं की मृत्यु हो गई। डिलीवरी के बाद परिजनों ने जननी व नवजात शिशुओं को सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर कुलदीप राजपूत एवं महिला चिकित्सक डॉक्टर पूजा राजपूत ने उनका उपचार प्रारंभ किया लेकिन शिशुओं की हालत गंभीर होने के कारण महिला सहित उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया किंतु जिला अस्पताल उरई ले जाते समय रास्ते में सभी शिशुओं की एक एक कर मृत्यु हो गई।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे प्रधान संघ के सदस्य। अमृत विचार

### फर्जी मुकदमे लगाने से भड़का प्रधान संघ

**उरई।** राष्ट्रीय पंचयाती राज ग्राम प्रधान संगठन उ. प्र. मंडल उपाध्यक्ष झांसी कृष्णकुमार राजपूत के नेतृत्व में प्रधान मडोरा अभिषेक पटेल, गुलाब सिंह पियानिरंजनपुर, शिवसिंह राजपूत प्रधान करमेर, रघुराज कुशवाहा प्रधान बरध, धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा प्रधान बरहा, देवेंद्र सिंह प्रधान पुर, ओमकार पाल प्रधान ऐरीरमपुरा, जीतसिंह प्रधान मुहाना, राजकुमार प्रधान सहित दर्जनों प्रधानों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि करसान प्रधान लक्ष्मीप्रसाद पाल के खिलाफ कुछ युवकों द्वारा कोतवाली उरई में झूठे आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया गया है, जिस की निष्पक्ष जांच कराने के बाद ही कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने ने यह भी बताया कि प्रधानों के ऊपर फर्जी मुकदमे लिखे जा रहे है जैसे 24 जून 2024 तथा 25 जून में सिमिरिया प्रधान के ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जबकि खदान मालिक द्वारा अवैध खनन का प्रधान द्वारा पूर्व में ही प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जबकि खदान मालिक ने सिमिरिया प्रधान के ऊपर फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया है

### बैंक राष्ट्रीयकरण के 55 वर्ष पूरे, कर्मचारियों में जश्न

**कालपी( जालौन)।** 19 जुलाई को बैंक राष्ट्रीयकरण के 55 वर्ष पूरे हो गए है। यह हमारे लिए जश्न मनाने का महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि एआईबीईए ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एम्पलाइज यूनियन के जिला मंत्री रवि कुमार ने कहा कि बैंको का राष्ट्रीयकरण की मांग एआईबीईए के संस्थापना के समय से ही हमारे केन्द्रीय संगठन के गर्भ में थी। उसके बाद दो दशकों तक हमारे अभियान, हमारे आंदोलन और कड़वे संघर्ष के बाद इस मांग को हासिल किया गया। उन्होंने बताया कि 55 साल पहले जब 19 जुलाई 1969 को 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया । गत वर्षों में बैंकिंग सेवाओं का जो विकास, जो विस्तार हुआ है उससे समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र में इनकी सेवाओ ने ये साबित कर दिखाया।

### जमीन में गड़ा धन खोदने वालों पर जताई नाराजगी

**कालपी जालौन।** नगर के मोहल्ला तरीबुल्ला में शिव मंदिर स्थापित है। हिन्दू वादी संगठन के सदस्यों ने बताया हैं कि बीती रात को अज्ञात बदमाशों ने मंदिर के नीचे संभावित जेवरात एवं धन गड़ा होने की सम्भावना की वजह से खोदाई कर डाली। सुबह मंदिर के हिस्से में खुदाई को देखकर के आसपास के नागरिकों में चर्चा होने लगी । खबर पाकर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता दीपक शर्मा, नीलाभ शुक्ला आदि लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर कोतवाली कालपी की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। तथा मामले का जायजा लिया है।

### फर्जी दस्तावेजों से मकान हड़पने पर मुकदमा दर्ज

**कालपी ( जालौन )।** धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेजों को तैयार करके मकान हड़पने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वादी रामप्रकाश ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपियों भिखारीलाल, रामऔतार, वीरेंद्र वर्मा के द्वारा प्रार्थी के बिना जानकारी में मेरी फोटो लगाकर मेरे मकान नंबर 286 के कूटरचित दस्तावेज इकरारनामा तैयार किया है। इकरारनामे में प्रार्थी के हस्ताक्षर नहीं है और ना ही फोटो है। फर्जी दस्तावेज तैयार करके मकान हड़पने के मामले की जानकारी होने पर पहले कालपी कोतवाली में प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र दिया था, इसके बाद न्यायालय के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। सिविल जज जूनियर डिवीजन कालपी के आदेश पर कालपी कोतवाली पुलिस के द्वारा तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### राम कथा सुनने से चरित्रवान बनाता है मनुष्य

**जालौन।** तुलसीधाम कुंदनपुरा में रामकथा के आयोजन में रामचरित मानस प्रवक्ता ने रामकथा की महिमा का वर्णन किया। कहा कि रामकथा को सुनने से व्यक्ति सद्चरित बनता है। रामचरित मानस प्रवक्ता रामसखी देवी ने तुलसीधाम कुंदनपुरा में आयोजित रामकथा में कहा कि रामायण हिंदू धर्म के पवित्र ग्रंथों में से एक है। रोजाना रामायण का पाठ करने से जीवन के सही मोल का पता चलता है। इस मौके पर गुरू सियारामदास, आयोजक लखन शरन, धीरज सिंह तोमर, बुद्ध सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह चौहान, प्रयाग सिंह, बिश्राम सिंह, राधे सिंह, देव सिंह, शंकर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, लालसिंह पाल, शीलू, सूर्यभान सिंह, शंकरीया सिंह, हरपाल, करनपाल, मोहर सिंह, धीरेंद्र पाल, मंगल, विक्रम, चंद्रभान, चंद्रपाल, छोटू, राजकुमार, सोनू, पूनम, अकांक्षा, पूजा, किशुन मूर्ति, किशोरी, रामवती, रानी आदि मौजूद रहे।

### मंत्री जी! लेखपाल ने मृत घोषित कर दिया, मै अभी जिंदा हूं

**महोबा।** शहर के मोहल्ला बड़ीहाट निवासी बुजुर्ग महिला कमला विश्वकर्मा (80) ने बताया कि सदर तहसील में तैनात लेखपाल द्वारा कोरोना काल में उसे मृत होने की मन माफिक रिपोर्ट समाज कल्याण विभाग को भेज दी गई थी, जिससे उसे सरकारी कागजों में मृत घोषित करते हुए दो वर्ष पूर्व वृद्धा पेंशन बंद कर दी गई थी। बताया कि वह लंबे समय से खुद के जिंदा होने का प्रमाण देने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटते काटते परेशान हो गई थी। वृद्धा ने राज्य मंत्री के महोबा अगमन पर उन्हें शिकायती पत्र देते हुए कहा कि मंत्री जी! लेखपाल ने मृत घोषित कर दिया जबकि मै अभी जिंदा हूं। जिस पर पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुत्र धर्मेंद्र के साथ आई वृद्धा से संबन्धित अधिकारी को तत्काल पेंशन बहाली के निर्देश दिए।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** शहर कोतवाली उरई क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली कोंच रोड स्थित कांशीराम कालोनी निवासी एक 20 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और जांच पड़ताल की। शहर कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड स्थित कांशीराम कालोनी निवासी जगदेव के 20 वर्षीय पुत्र अभय ने घरेलू विवाद के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किय।

### नयन सिंह ने संभाला सैनिक कल्याण अधिकारी का पद

**उरई।** जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों , विधवाओं एवं उनके आश्रितों को अवगत कराया जाता है कि विगत 6 वर्षों में जनपद में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था, जिस पर निदेशालय लखनऊ द्वारा कमान्डर नयन सिंह रावत ( अ0प्रा0 ) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

### स्कूल प्रबंधन करायें वाहनों की फिटनेस : सुरेश कुमार

**उरई ( जालौन )।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारीसुरेश कुमार ने बताया कि जनपद के समस्त वाहन स्वामियों एवं समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, स्कूल प्रबन्धकों को सूचित किया जाता है कि जिन वाहनों की फिटनेस की वैधता समाप्त हो गयी है, उन वाहनों के फिटनेस की जांच हेतु परिवहन विभाग, जनपद–जालौन द्वारा विशेष शिविर का आयोजन 19 जुलाई 2024 से 25 जुलाई 2024 तक स्थान–सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में किया जा रहा है। स्कूली वाहनों का फिटनेस मानक के अनुरुप होगा। यह नियमावली परिवहन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने स्कूल बस, वैन हेतु विशेष नियम के बारे में बताया कि वाहन पीले रंग का हो, स्कूल का नाम लिखा हो, बसों में 02 एवं वैन में 01 अग्निशमन यंत्र अवश्य हो, फर्स्ट एड बॉक्स अवश्य हो, गति सीमा यंत्र लगा हो, नियमानुसार सीट बेल्ट का प्रावधान हो, प्रेशर हॉर्न मल्टीटोन हॉर्न न लगा हो, स्कूल बसों में आपातकालीन खिड़की द्वार अवश्य हो, स्कूल बसों की खिड़की पर स्टील की छड़ क्षैतिज लगी हो।

# उत्तर प्रदेश साहित्य सभा में कशफी बने कार्यकरिणी सदस्य

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- जनपद जालौन के साहित्यकारों ने जताया हर्ष

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश साहित्यसभा के प्रधान संयोजक अंतराष्ट्रीय कवि सर्वेश अस्थाना जी एवं विश्व विख्यात गीतकार एवं सभा के अध्यक्ष डॉ. विष्णु सक्सेना जी ने सभा के समन्वयक गिरधर खरे एवं बुंदेलखंड प्रभारी अर्जुन सिंह चांद की संस्तुति पर एक पत्र जारी करते हुए मशहूर शायर शफीकुर्रहमान को केंद्रीय कार्यकरिणी का सदस्य बनाया है जो जिले के साहित्यकारों के लिए गौरव की बात है।


शफीकुर्रहमान।

इसके पहले सभा ने कशफी को ज़िला जालौन की साहित्य सभा का संयोजक बनाया था। उनकी सक्रियता को दृष्टिगत रखते हुए कशफी को केंद्रीय सदस्य मनोनीत किया गया। खुशी व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ्य साहित्यकार यज्ञदत्त त्रिपाठी , नासिर अली नदीम जालौन, अब्दुल मलिक अब्बासी साक़ी, नरेंद्र मोहन मित्र कोंच, इफ्तखार अहमद, अमरेंद्र पोतस्यायन, रविन्द्र शर्मा जालौन, साहित्य सभा जालौन के जिला अध्यक्ष डॉ० अनुज भदौरिया, डॉ० माया सिंह, बच्चू महाराज, असरार अहमद मुक़री, डॉक्टर रेणु चंद्रा, राघवेन्द्र कनकने, यूसुफ अंसारी, चंद्रशेखर मौखरी, कृपाराम कृपालु, सिद्धार्थ त्रिपाठी, हाजी मिर्ज़ा साबिर बेग, शिखा गर्ग, प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम, इंदु विवेक, अख्तर जलील, प्रियंका शर्मा, शिरोमणि सोनी, अनवार साहब, गरिमा पाठक,फहीम अंसारी, अभिषेक सरल, दिव्यांशु दिव्य, ब्रह्मप्रकाश दीपक, सौमित्र, आदि सैंकड़ों लोगों ने खुशी व्यक्त कर बधाई दी।

# एसपी ने भोजनालय में भोजन करके परखी खाने की गुणवत्ता

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण, सलामी ली

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन महोबा में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, परेड का पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही उन्हें सलामी भी दी गई। इस दौरान शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मचारियों की दौड़ लगवाई गई और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई। एसपी ने परेड का निरीक्षण करते हुए मिली कमियों को दुरुस्त करने के लिए आरआई को निर्देशित किया। बाद में पुलिस लाइन के भोजनालय में पहुंची और वही पर खाना खाकर खाने की गुणवत्ता परखी ।

पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने यूपी 112 पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण किया साथ ही खामियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एसपी ने कहा कि इस परेड का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों में अनुशासन और एकरूपता बनाए रखना है। एसपी ने पुलिस कर्मियों से कहा कि अनुशासन और फिटनेस ही किसी भी पुलिस बल की नींव होती है।


साप्ताहिक परेड के मौके पर सलामी लेतीं एसपी अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

इस अवसर पर पुलिस कर्मियों की शारीरिक और मानसिक फिटनेस को बनाए रखने के लिए दौड़ का भी आयोजन किया गया। परेड के मौके पर ही बलवा मॉक ड्रिल व दंगा निरोधक उपकरणों का भी अभ्यास किया गया। इसी क्रम में एसपी ने पुलिस लाइन के भोजनालय का भ्रमण कर पुलिस जवानों को प्रदान किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा, साथ ही पुलिस बैरक, स्नानागार, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को पुलिस लाइन परिसर में उच्च कोटि की साफ सफाई बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। सीओ दीपक दूबे, शिवकुमार, अरविन्द आदि रहे।

## किसान के बेटे का भाभा में हुआ चयन

**जालौन।** नगर के साधारण किसान परिवार के बेटे हर्ष शुक्ला का भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में साइंटिफिक ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है।

भवानीराम निवासी हर्ष शुक्ला पुत्र अंजनी कुमार शुक्ला ने अपनी लगन व मेहनत के दम पर यह उंचाई हासिल की है। हर्ष शुक्ला ने हाई स्कूल नगर के एमएल कॉन्वेंट स्कूल व इंटरमीडिएट महर्षि विद्या मंदिर उरई से उत्तीर्ण किया। इसके बाद वह आईईटी लखनऊ पहुंच गए। जहां से उन्होंने बीटेक किया। चौथे वर्ष में गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में आवेदन किया। प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। जिसमें उनका चयन साइंटिफिक ऑफिसर के पद पर हुआ। हर्ष ने सफलता का श्रेय अपने बाबा स्व. केशव प्रसाद शुक्ला को दिया।


हर्ष अपनी दादी के साथ।

# मुख्यमंत्री के समर्थन में उतरा पेंशनर संघ

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली करारी हार के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को की सरकार को अस्थिर करने के लिए गलत बयान बाजी मुख्यमंत्री के खिलाफ की जा रही बयान बाजी से नाराज होकर उत्तर प्रदेश वरिष्ठ पेंशनर सेवा संस्थान सीएम के समर्थन में उतर आया है ।


वरिष्ठ नागरिक और पेंशनर संघ की बैठक में मौजूद वरिष्ठ नागरिक। अमृत विचार

पेंशनर्स भवन में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उप्र की हुई बैठक में पेंशनरों व वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में प्रदेश के वृद्धजनों, पेंशनरों और वरिष्ठ नागरिकों में सुरक्षा का भाव बढा है। पेंशनरों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर देश के प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि टीवी चैनलों में कुछ सप्ताह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध चल रही डिबेट को बंद कराया जाये।

## मीडिया के पास भी रहता है मजबूत सूचना तंत्र

**उरई।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि अराजकता किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जायेगी , तथा माहौल को बिगाड़ने वाले आराजकत्तवों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मीडिया भी एक सजग प्रहरी है जो तथ्यों के आधार पर खबरों के प्रकाशन का काम करे। उन्होंने कहा कि पुलिस की तरह मीडिया के पास भी मजबूत तंत्र होता है।दोनों को मिलकर काम करना चाहिये।


मेले में जुटी भीड़। अमृत विचार

# बीवियों के मेले में कीरत सागर तट पर जुटी महिलाओं की भीड़

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** मोहर्रम की बारह तारीख को कीरत सागर के तट पर लगने वाले बीविओ के मेले में शुक्रवार को महिलाओं की भारी भीड़ जुटी। महिलाएं बच्चों के साथ कीरत सागर के तट पर पहुंची, जहां पर महिलाओं ने हलवा, खीर व अन्य सामग्री बनाकर पहले फातिया दिलाई, इसके बाद महिलाओं ने करिया पाठवा पहुंच पहाड़ पर बने कुएं में वर्षों पुरानी पराम्परा के अनुसार शक्कर की पुडिया बनाकर डालकर मन्नतें मांगीं ।

महिलाओं में सुबह से ही मेले में जाने की उत्सुकता दिखाई दे रही थी, उन्होंने सुबह से ही दही चावल के अलावा अन्य खानपान तैयार करने के बाद बीविओं के मेले में पहुंचकर व मेला घूमकर आनंद लिया। मेले में लोकल दुकानदारों द्वारा घरेलू सामान, खेल खिलौने, गुब्बारे आदि की दुकानें लगाई गईं, जहां से महिलाओं ने घरेलू सामान की खरीदारी की और छोटे छोटे बच्चों को खिलौने, गुड़िया, गुड्डे व अन्य समान खरीदकर दिलाया। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ बीविओं का मेला शाम छह बजे तक चलता रहा। जहां महिलाओं की भारी भीड़ जुटी। मेले में बच्चों के लिए तमाम झूले भी लगाए गए, जिनका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। इससे पूर्व महिलाओं का करिया पठवा की तरफ जाना शुरू हुआ, जहां पहुंच कर महिलाओं द्वारा मन्नत मांगने के खातिर करिया पठवा पहाड़ पर स्थित कुएं में शक्कर से भरी पुड़ियां डालीं । मान्यता अनुसार कुएं में शक्कर की पुड़ियां डालने पर यदि पुड़िया डूब जाती है तो मन्नत मांगने वालों की मन्नत पूरी हो जाती है, इसलिए मन्नत पूरी होने के लिऐ महिलाओं द्वारा सारा दिन कुएं में पुड़िया डालने का सिलसिला चलता रहा।

### बोट व स्टीमर का लिया आनंद

परिवार समेत मेले में आये लोगों ने परिवार समेत बोट और स्टीमर में बैठकर सरोवर में नौका विहार का आनंद उठाया,जिससे बोट और स्टीमर वालों की कमाई हुई।

### टेंपो चालकों की रही चांदी

मोहर्रम के मौके पर आसपास के जिलों से महोबा के ताजिये देखने के लिये आने वाले लोग भी बीवियों के मेले में पहुंचे। शहर से दूर मेला स्थल कीरत सागर और करिया पठवा ईदगाह के पास होने कारण लोग ई–रिक्शों और टेंपो से मेला स्थल पहुंचे टेंपो चालकों की चांदी रही।

बैठक | जलाधारित परियोजना की धीमी प्रगति पर भड़के जिलाधिकारी, मातहतों को किया निर्देशित

# लंबित परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर करें पूर्ण

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भारत सरकार व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण, महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन हर घर जल परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान रायपुरा, मढेपूरा व कोटा मुस्तक़िल ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना में वर्तमान की कार्य प्रगति धीमी होने पर संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष मैनपॉवर एवं मशीनरी बढ़ाकर शीघ्र ही कार्यों को पूर्ण किया जाए। ब्रिज गोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा माह अगस्त तक कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएं, सम्बंधित अधिकारी व संस्था द्वारा कार्यों की प्रति रुचि न लेने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि हर घर नल, हर घर जल केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित में महत्वाकांक्षी एवं शीर्ष प्राथमिकता की योजना है, इस योजना के धरातल पर क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर कार्य कर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना के तहत पाइप बिछाने व सड़क रैस्टोरेशन के समय उच्च गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार ही सामग्री का प्रयोग किया जाए।

उन्होंने सला परियोजना, जल योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी ग्रामों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य कर अपेक्षित सुधार हेतु निर्देशित किया। रायपुरा, मढेपुरा एवं कोटा मुस्तक़िल आदि में जलाधारित परियोजना की धीमी प्रगति फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर प्रगति में सुधार लाएं, प्रगति खराब होने पर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अधिशाषी अधिकारी जल निगम अंचल गुप्ता सहित आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन तेज करेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक बार फिर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार पर कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि प्रदेश के डेढ़ लाख कर्मचारियों को अभी तक नियुक्त नहीं किया गया। इनमें प्रदेश में कार्यरत वर्कचार्ज कर्मचारी, ट्यूबबेल ऑपरेटर समेत विभिन्न संवर्ग के कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों में राज्य सरकार समस्याओं का निराकरण नहीं करती है तो आंदोलन का ऐलान कर दिया जाएगा।

# धान की पौध के साथ डूब गया प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई
- बाढ़ और बारिश से नष्ट हुई ज्यादातर पौध, रोपाई पर भी संकट

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं। असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 क्षतिपूर्ति मिलती है। लेकिन, इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया। नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

### इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

# तीन लाख महिलाओं के पास आधार फिर भी पेंशन नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निराश्रित महिला पेंशन योजना का तीन लाख महिलाओं को नहीं मिल रहा लाभ
- महिलाओं को योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, लिए जा रहे हैं आधार कार्ड

**अमृत विचार:** आधार कार्ड होने के बाद भी प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना का लाभ देने के लिए विभाग ऐसी महिलाओं के आधार कार्ड के नंबर एकत्र करा रहा है।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पेंशन पात्रों के बैंक खाते में भेजी जाती है।

प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना की जानकारी के अभाव में महिलाएं योजना का लाभ नहीं उठा पा रही है। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं को योजना का लाभ देने के लिए उनके आधार कार्ड एकत्र कराए जा रहे हैं। साथ ही विज्ञापन के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए आधार कार्ड के साथ आवेदन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी महिलाओं से संपर्क कर रहे हैं। आधार कार्ड लेकर इन महिलाओं का आवेदन कराया जाएगा ताकि इनको लाभ मिल सके।

# चौ. चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली और बदायूं में भी है संपत्ति

**अमृत विचार:** ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति रामपाल सिंह और उनके ट्रस्ट आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं। ईडी ने डॉ. रामपाल सिंह और अन्य के खिलाफ उप्र. सतर्कता, मेरठ सेक्टर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने डॉ. रामपाल सिंह के खिलाफ स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

### मानदंडों का उल्लंघन किया

ईडी की जांच से पता चला है कि डॉ. रामपाल सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

# संगठन बड़ा न सरकार जनता का कल्याण सबसे बड़ा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा के अखिलेश यादव ने भाजपा को सत्ताभोगी बताया। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को उन्होंने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संगठन सरकार से बड़ा होता है, संबन्धी बयान पर तंज कसते हुए कहा, भाजपाई सत्तान्मुखी है, सेवान्मुखी नहीं। उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

केशव प्रसाद मौर्य व अखिलेश यादव में सोशल मीडिया पर वार-पलटवार थम नहीं रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि न संगठन बड़ा होता है, न सरकार। जनता का कल्याण सबसे बड़ा होता है। दरअसल संगठन और सरकार तो बस साधन होते हैं, लोकतंत्र में साध्य तो जनसेवा ही होती है। जो साधन की श्रेष्ठता के झगड़े में उलझे.हैं, वो सत्ता और पद के भोग के लालच में है, उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

# नए मेडिकल कॉलेजों की दूसरी अपील पर एनएमसी ने की वर्चुअल सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएमसी के नये मानकों के अचानक बदलाव से सत्र शुरू करने में समस्या

**अमृत विचार:** एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यो ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है।

यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला, एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत, पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यो ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में आवेदन किया था। एनएमसी ने साल 2023 के मानक अनुसार शिक्षकों की संख्या न होने पर मान्यता नहीं दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले को गंभीरता से लिया तो ज्ञात हुआ कि कॉलेज प्रशासन ने एनएमसी के साल 2020 के मानकों को पूरा करते हुए आवेदन किया था, जबकि 2023 के मानक में शिक्षकों की संख्या बढ़ गई थी।

### आवेदन करने वाले 13 कॉलेज

बुलंदशहर, औरैया, सोनभद्र, ललितपुर, चंदौली, सुल्तानपुर, गोंडा, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कानपुर देहात, कौशांबी, बिजनौर एवं पीलीभीत के नये मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को चित्र भेंट करते लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता।

### राज्यपाल से मिले लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता

**अमृत विचार, लखनऊ:** मध्यकमान स्थित सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सेना से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। लेफ्टिनेंट जनरल ने राज्यपाल से उत्तर प्रदेश में नागरिक-सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा किए गये अलग-अलग बिंदुओं पर और समग्र सुरक्षा स्थिति पर भी चर्चा की।

# टेलीग्राम से ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फर्जी टेलीग्राम ग्रुप बनाकर जॉब आफर करने और धन को दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि विगत काफी समय से सोशल मीडिया के माध्यम से मैसेज भेजकर उसमें टॉस्क देकर धन दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थी। इस दौरान बता चला कि साइबर क्राइम थाना लखनऊ में एक मुकदमा पंजीकृत हुआ है, मामले की जांच के बाद के बाद एसटीएफ ने इस गिरोह से जुड़े जोधपुर राजस्थान निवासी प्रकाश नवल, सतीश नवल एवं कैलाश चंद्र को दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम ने पद से दिया इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है।

राज्यपाल को संबोधित अपने पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर वह हार की जिम्मेदारी ले रही हैं। उन्होंने कहा है कि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहते हुए वह जनता के बीच में भाजपा को मजबूत करने में वह असफल रही हैं। इस कारण वह अपनी अंतरात्मा से व्यथित होकर सरकारी पद से त्यागपत्र दे रही हैं। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन में कार्य करती रहेंगी। पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे वह निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगी।

# महाकुंभ में पर्यटकों को मिलेगी होम-स्टे सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी बढ़ेंगे भवन स्वामियों के लिए स्वरोजगार

**अमृत विचार:** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या की तर्ज पर प्रयागराज में भी बड़ी संख्या में पेइंग गेस्ट बनाए जाएंगे। इस योजना में पर्यटकों को उचित दर पर ठहरने के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वह भवन स्वामी जिनके पास अतिरिक्त कमरे हैं होम-स्टे योजना का लाभ ले सकते हैं। इससे पर्यटकों को संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।

पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के संभावना है। बड़ी संख्या में ठहराव स्थल की आवश्यकता होगी। इसके लिए होटल आदि के साथ-साथ पेइंग गेस्ट पर अधिक फोकस किया जा रहा है। ऐसे भवन स्वामियों जिनके पास पर्यटकों को रुकवाने के लिए अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हों। भवन स्वामी, क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय प्रयागराज में आवेदन कर सकते हैं।

इससे स्वतः रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। मकान मालिक कमरे उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटकों को नाश्ता, भोजन की सुविधा उपलब्ध करा सकेगा। कमरे का किराया एवं भोजन आदि के लिए आवश्यक निर्धारित धनराशि पर्यटकों से प्राप्त कर सकेगा। पेइंग गेस्ट के लिए विभिन्न मानक निर्धारित किए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा को कई जिलों में 22 से 19 अगस्त तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, सीतापुर, शाहजहांपुर व गोरखपुर सहित अन्य जिलों में वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

**अमृत विचार:** श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर 22 जुलाई से 19 अगस्त तक के लिये ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को डायवर्जन चार्ट जारी किया। इसमें कानपुर, उन्नाव, सीतापुर, शाहजहांपुर, प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों से लखनऊ आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिये वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित के मुताबिक कांवड़ियों के आवागमन वाले रास्तों और शिव मंदिरों के आसपास के रास्तों पर भी डायवर्जन लागू रहेगा।

**सई नदी पर पुल क्षतिग्रस्तः** मौरांवा से मोहनलालगंज कस्बा जाने वाले मार्ग में सईं नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त है। इसके चलते मौरांवा से मोहनलालगंज की तरफ भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

**इमरजेंसी में प्रतिबंधित मार्ग से निकल सकेंगेः** डीसीपी ट्रैफिक कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया, जिन रास्तों पर डायवर्जन लागू रहेगा। उन पर भी अनिवार्य होने पर इमरजेंसी सेवाओं जैसे एंबुलेंस, शव वाहन, दमकल वाहन, स्कूली वाहन आदि को ट्रैफिक कर्मियों से संपर्क कर निकाल सकेंगे। इस दौरान किसी को कोई समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर-9454405155 पर संपर्क कर सकता है।

### लखनऊ के शिव मंदिरों के आसपास भी डायवर्जन

- मनकामेश्वर मंदिर बंधा रोड होते हुए हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आईटी चौराहा और डालीगंज पुल निर्धारित किया गया है।
- मनकामेश्वर मंदिर, नदवा तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग हनुमान सेतु या बंधा रोड़ होकर तय किया गया है।
- बुद्धेश्वर मंदिर की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सर्विस रोड या ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर जा सकेंगे।

### वाहन चालक इन वैकल्पिक मार्गों का कर सकेंगे प्रयोग

- कानपुर नगर से भारी वाहन रामादेवी से फतेहपुर, लालगंज, बछरावां से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन उन्नाव के ललऊखेडा से दाहिने अचलगंज से लालगंज होकर बछरावां होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व उन्नाव के पुरवा मोड़ से मौरांवा से बछरावां होते हुये हैदरगढ़ होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- सीतापुर- शाहजहांपुर, बरेली से सीतापुर-लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन सीतापुर से चहलारी घाट, बहराईच, बलरामपुर होकर जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन बंथरा, जुनाबगंज से मोहनलालगंज होकर खुजौली से गोसाईगंज होते हुये पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- प्रयागराज से लखनऊ, बाराबंकी होकर बहराइच, श्रावस्ती बलरामपुर गोंडा जाने वाले वाहन लखनऊ के मोहनलालगंज से गोसाईगंज से खुजली होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर से लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन मड़ियांव आईआईएम रोड से पारा होकर वीआईपी रोड होते हुये शहीद पथ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर जा सकेंगे।
- लखनऊ से बाराबंकी, गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन इंदिरा कैनाल अयोध्या रोड से किसान पथ पर डायवर्ट किए जाएंगे, जो किसान पथ सुल्तानपुर रोड होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आवाजाही कर सकेंगे।


## वर्ग पहेली-136

**बाएं से दाएं**


1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

**ऊपर से नीचे**

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।




### वर्ग पहेली -135 का हल




## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | | 8 | |
| | 4 | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | 5 | | 3 | | 1 | 8 | 7 | |
| 8 | | 2 | | | | 1 | | 6 |
| | 9 | 1 | 5 | | 8 | | 4 | |
| 1 | | 9 | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### सुडोकू -48 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** – आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** – आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें, इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

**कर्क** – आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

**सिंह** – आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

**कन्या** – आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

**वृश्चिक** – आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**धनु** – आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ** – आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**मीन** – आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- एतराज – दोपहर : 12.11
- वेलकम बैक – शाम : 06.41

**&pictures**
- बागी – सुबह : 10.53
- गदर 2 – रात : 07.30

**Sony Pix**
- लाइट्स आउट – सुबह : 07.29
- स्पाइडर मैन – रात : 06.16

**Zee Cinema**
- हम साथ साथ हैं – दोपहर : 01.37
- स्पाइडर – शाम : 05.18

**Colors Cineplex**
- मोहब्बत – सुबह : 09.20
- ओएमजी – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर– कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में– लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर– देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू– ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की– कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी– शाहजहां जितना
लड़की– तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी– जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि विस्फोटक उपकरण को मोटरसाइकिल पर रखा गया था और रिमोट नियंत्रित उपकरण की मदद से विस्फोट किया गया था।

### रूस में चार लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर गायब

**मॉस्को।** रूस के सखा रिपब्लिक (याकूतिया) के चागदा गांव से 80 किलोमीटर (50 मील) दूर एक रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर गायब हो गया है, जिसमें एक पायलट सहित तीन यात्री सवार थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, रॉबिन्सन विमान का इकोस्पास आपातकालीन बीकन आज रात चागदा गांव से 80 किलोमीटर दूर बंद हो गया। विमान में तीन यात्री और एक पायलट सवार था।

### चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

### उत्तरी चिली में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**सैंटियागो (चिली)।** अर्जेंटीना की सीमा के पास उत्तरी चिली में गुरुवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप चिली के समयानुसार रात नौ बजकर 51 मिनट पर 117 किलोमीटर गहराई में आया। इसका केंद्र चिली के सैन पेड्रो डी अटाकामा से 45 किलोमीटर (28 मील) दक्षिण-पूर्व में था।

### वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख का निधन

**हनोई।** सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और देश के सबसे कद्दावर नेता गुयेन फु ट्रोंग का कई महीनों तक बीमार रहने के बाद निधन हो गया। आधिकारक मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। हान डान समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग का 19 जुलाई 2024 को एक बजकर 38 मिनट पर 108 केंद्रीय सैन्य अस्पताल में वृद्धावस्था और गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया। ट्रोंग को 2011 में पार्टी प्रमुख चुना गया था।

# अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

वाशिंगटन, एजेंसी



● अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से अनुरोध करते हैं।

## इसरो प्रमुख को पीएचडी की उपाधि

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी और कुल 2,636 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं। आईआईटी-मद्रास द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया है कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रायन के. कोबिल्का थे।

# पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

### 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़ें दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

### मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई।

### अन्य धर्मों की स्थिति

- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0.09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0.07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

# एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

## क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।

### कब शुरू हुई परेशानी


गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

### सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।




वैश्विक आउटेज के बीच माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम में दिखाई गई ब्लू स्क्रीन त्रुटि दिखाता स्क्रीनशॉट। ● एजेंसी

### क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

### भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

## भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

**थिम्पू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

# अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

● पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई



पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

# यात्रियों की मदद को दूतावास की टीम मौजूद

मॉस्को/नयी दिल्ली, एजेंसी

● एयर इंडिया के विमान ने गुरुवार रात क्रास्नोयार्स्क में आपातकालीन लैंडिंग की थी

रूस में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि दूतावास के तीन अधिकारी और एक दुभाषिया सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की उस उड़ान के यात्रियों की मदद के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद हैं जिसे आपात स्थिति में उतरना पड़ा। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास की टीम यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए जुटी हुई है और तब तक मौके पर रहेगी जब तक कि यात्रियों को उनकी आगे की यात्रा पर ले जाने के लिए कोई वैकल्पिक विमान की व्यवस्था नहीं हो जाती।

दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है। विमान ने कल रात क्रास्नोयार्स्क में आपातकालीन लैंडिंग की थी। टीम हवाई अड्डे और सुरक्षा अधिकारियों और रूसी विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि के साथ समन्वय कर रही है।

# ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे, आगजनी

लंदन, एजेंसी

● एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया

उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है। मैं कहूंगा कि यह एक ऐसी घटना थी, जिसका संभवतः गलत अर्थ निकाला गया। इससे पहले ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेट कूपर ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह चौंकाने वाले दृश्यों और पुलिस वाहनों तथा सार्वजनिक परिवहन पर रात भर हुए हमलों से स्तब्ध हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लीड्स के हरेहिल्स क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक तैनाती की थी। कूपर ने कहा, हमारे समाज में इस तरह की अव्यवस्था की कोई जगह नहीं। सोशल मीडिया फुटेज में सैकड़ों लोग सड़कों पर दिखाई दिए, जिनमें कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक परिवहन वाहनों को आग लगाने का प्रयास भी शामिल है।

## इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को काफी नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने दक्षिणी इजराइली सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसके कारण 1200 लोग मारे गए थे।

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, आंसू गैस छोड़ी

ढाका, एजेंसी



आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प।

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

राजधानी ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। उन्होंने जनवरी में हुए चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की थी। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की आज की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी। समय टीवी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शुक्रवार को चार और लोग मारे गए। इन आंकड़ों की तुरंत पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका।

एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने देखा कि सीमा रक्षक अधिकारियों ने 1000 से अधिक प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर गोलियां चलाईं। ये प्रदर्शनकारी सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन के मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए थे। इस मुख्यालय पर एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था और आग लगा दी थी।

## अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

**येकातेरिनबर्ग।** रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

**खगोल विज्ञान** | पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

# नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं । जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।



काले धूमकेतु की तस्वीर।

### क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

### पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई.पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

## द.कोरिया ने सीमा पार प्योंगयांग विरोधी प्रसारण शुरू किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कहा है कि उसने उत्तर कोरिया की ओर से कचरे भरे गुब्बारे उसकी ओर भेजे जाने के जवाब में सीमा पार प्योंगयांग विरोधी प्रसारण पुनः शुरू कर दिया है। दक्षिण कोरिया के ज्वांइट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि गुरुवार शाम से शुक्रवार सुबह के बीच उन क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से प्रसारण किया गया जहां उत्तर कोरिया ने गुब्बारे उड़ाए थे। दक्षिण कोरिया के इस प्रसारण से उत्तर कोरिया नाराज होकर कोई जवाबी कदम उठा सकता है क्योंकि राजनीतिक तंत्र को कमजोर करने के किसी भी बाहरी प्रयास को लेकर उत्तर कोरिया का रुख बेहद सख्त रहा है। द. कोरिया का कहना है कि उ. कोरिया ने गुरुवार दोपहर को भी कचरे भरे गुब्बारे भेजे और मई के अंत से वह सात बार ऐसे गुब्बारे भेज चुका है।

# एक और प्रमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच

बीजिंग, एजेंसी

● चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने घोषणा की

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने सामरिक मिसाइल बल के एक और प्रमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की घोषणा की है। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि पहले भी इस बल के शीर्ष अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों और जांच के घेरे में आए थे। इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री जनरल ली शांगफु और 2022 में बल के कमांडर का कार्यभार संभालने वाले उनके उत्तराधिकारी जनरल ली युचाओ को भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से बर्खास्त कर दिया गया था और उनके खिलाफ जांच शुरू की गई थी। जनमुक्ति सेना (पीएलए) के सामरिक मिसाइल बल की स्थापना नौ साल पहले की गई थी जिसके पास परमाणु हथियार और मिसाइलों की कमान है।

ली शांगफु रक्षा मंत्री बनने से पहले रॉकेट (मिसाइल) बल के प्रमुख थे और उन पर भ्रष्टचार का मुकदमा चलाया जा रहा है। ली युचाओ सामरिक बल के सदस्य थे और उन्हें भी शांगफु के साथ बर्खास्त कर दिया गया था। कम्युनिस्ट पार्टी की पूर्ण बैठक में गुरुवार को जनरल ली शांगफु और जनरल ली युचाओ को बर्खास्त करने के पोलित ब्यूरो के पूर्व में लिए गए निर्णय की पुष्टि की गई।